एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11:38 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

रविवार, 7 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 160, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



कांग्रेस के शासनकाल में कर का था भारी बोझ - 12



जीएसटी में बदलाव से हर परिवार को होगा लाभ : सीतारमण - 12



हजरतबल मस्जिद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने पर और गरमाया माहौल - 13



अल्काराज और सिनर में होगा अमेरिकी ओपन का खिताबी मुकाबला - 14

# विकसित भारत का सारथी बनेगा यूपी परिवहन विभाग : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री ने 400 बसों को दिखाई हरी झंडी, 20 फीसदी कम होगा ग्रामीण रोडवेज बसों का किराया**
- **बस सेवा की गांवों तक कनेक्टिविटी से करीब तीन लाख रोजगार के अवसर**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में परिवहन विभाग की नई योजनाओं और सेवाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि इसे विकसित भारत का सारथी बनाना होगा। यूपी रोडवेज के पास देश का सबसे बड़ा बेड़ा है, जिसे आधुनिक, सुरक्षित व प्रतिस्पर्धी बनाना प्राथमिकता है। कहा कि बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट और गांव-गांव कनेक्टिविटी से तीन लाख रोजगार सृजित किए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने आठ डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस, 16 इलेक्ट्रिक बस, 1 रेट्रोफिट इलेक्ट्रिक बस, 10 सीएनजी बस, दो एसी बस, 20 टाटा बस, 43 आयशर सहित 400 बीएस-सिक्स बसों और सड़क सुरक्षा के लिए 11 इंटरसेप्टर को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परिवहन निगम के पास देश में सबसे बड़ा 14 हजार बसों का बेड़ा होने के बावजूद चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उन्होंने विभाग से अल्पकालिक (3 वर्ष), मध्यम अवधि (10 वर्ष) और दीर्घकालिक (22 वर्ष) योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित फाइलों के निपटारे, जनसुनवाई तेजी से कराने और टीम वर्क मजबूत करने सख्त हिदायत दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग संकट काल में भी भरोसेमंद रहा। 2019 कुंभ और कोरोना महामारी के दौरान विभाग ने उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के प्रवासियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया। प्रयागराज महाकुंभ में रेलवे स्टेशनों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

योगी ने प्रदेशभर में 250 ग्रामीण जनता सेवा का तोहफा देते हुए कहा कि प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी। ये बसें 75-80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी। इसका किराया 20 प्रतिशत तक कम होगा। इस मौके पर सीएम ने परिवहन मंत्री की चुटकी लेते हुए कहा कि आज मंत्री जी जल्दी आ गए, हम तो सोचे थे कि 12 बजे तक आएंगे। लेकिन, आज पहले आ गए। यह प्रमाण है कि परिवहन बदल रहा है।



लखनऊ। रोडवेज बेड़े में शामिल हुईं बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी।

### निगम को मिली प्रमुख योजनाएं

- 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों से आमजन तक 45 से अधिक सेवाएं।
- सरल परिवहन हेल्पलाइन 149, डिजिटल बस ट्रैकिंग एप का शुभारंभ।
- 400 नई बसों को हरी झंडी, 3 महिला परिचालकों को नियुक्ति पत्र।
- सात पीपीपी मॉडल आधुनिक बस स्टेशनों का शिलान्यास।
- जूपिटर ऑडिटोरियम के नवीनीकरण-उच्चीकरण का लोकार्पण।
- एडीटीसी और आरवीएसएफ के नवीनतम केंद्रों को प्रमाण पत्र।

### फिटनेस जांच अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर साल सड़क हादसों में कोविड काल से अधिक लोग मारे जाते हैं। उन्होंने बस चालकों की हर तीन महीने में मेडिकल और फिटनेस जांच अनिवार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आंखों की जांच पर विशेष ध्यान देने देंगे। साथ ही आईआईटी खड़गपुर और पुलिस की मदद से सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कवि सम्मेलन : कविता से मसखरी तक का सफर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### इंडिगो फ्लाइट में तकनीकी खराबी कोच्चि लौटी

**कोच्चि।** अबू धाबी के लिए रवाना हुआ इंडिगो का एक विमान दो घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार देर रात कोच्चि लौट आया। इंडिगो ने यह जानकारी दी। विमान में 180 से अधिक यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। उड़ान 6ई-1403 शुक्रवार रात 11 बजकर 10 मिनट पर कोच्चि से रवाना हुई और तकनीकी खराबी के कारण रात लगभग 1:44 बजे शहर लौटी। रात लगभग साढ़े तीन बजे यात्रियों को एक अन्य विमान से अबू धाबी ले जाया गया।

### मेफेड्रोन इकाई का भंडाफोड़, बांग्लादेशी सहित 12 गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र की मीरा भयंदर वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने तेलंगाना में एक मेफेड्रोन इकाई का भंडाफोड़ किया और एक बांग्लादेशी महिला सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया। यह इकाई तेलंगाना के चेरलापल्ली में संचालित की जा रही थी। एमबीवीवी पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक ने संवाददाताओं को बताया कि 5.968 किलोग्राम मेफेड्रोन, 27 मोबाइल फोन, तीन वाहन, चार इलेक्ट्रॉनिक तराजू, रसायन और प्रतिबंधित पदार्थ के उत्पादन में इस्तेमाल की जाने वाली अन्य सामग्री के साथ 23.97 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा, "मेफेड्रोन सहित जब्त की गई वस्तुओं की कुल कीमत कई करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# भारत से संबंधों पर ट्रंप का यूटर्न, मोदी बोले सकारात्मक राय का समर्थन करता हूं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- दोनों देशों के बीच विशेष रिश्ते, मोदी मेरे अच्छे दोस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों के सकारात्मक आकलन के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना करते हैं। इससे पहले, ट्रंप ने दोनों देशों के विशेष संबंध की सराहना की, जिसे दोनों देशों के रिश्तों में आए तनाव को खत्म करने के प्रयास के तौर पर देखा गया।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह हमेशा मोदी के मित्र रहेंगे, लेकिन मोदी इस समय जो कर रहे हैं, वह उन्हें पसंद नहीं आया। ट्रंप ने हालांकि, विस्तार से नहीं बताया कि वह किस बारे में बात कर रहे हैं। इसके कुछ घंटे बाद मोदी की सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी आई। मोदी ने कहा, हम राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनकी सकारात्मक राय की सराहना करते हैं और उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच बहुत सकारात्मक, दूरदर्शी, व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि अमेरिका भारत को चीन के हाथों खो रहा है। इस पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ऐसा हुआ है। मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि भारत रूस से इतना तेल खरीद रहा है। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें बताया कि हमने भारत पर बहुत बड़ा शुल्क लगाया है - 50 प्रतिशत शुल्क, बहुत ज्यादा शुल्क। जैसा कि आप जानते हैं, मोदी के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं, वह कुछ महीने पहले यहां आए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा था, लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो! सोशल मीडिया पर ट्रंप का यह नया पोस्ट ऐसे समय में आया था, जब कुछ ही दिन पहले चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गर्मजोशी से हुई बातचीत ने दुनिया का ध्यान खींचा।

पिछले कुछ दिनों में व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो समेत ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारियों ने भारत को निशाना बनाने के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। भारत ने शुक्रवार को नवारो की टिप्पणी को खारिज करते हुए उसे गलत और भ्रामक बताया था। पिछले कुछ सप्ताह में, दो दशकों से अधिक के घनिष्ठ सहयोग के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में गंभीर तनाव देखा गया। यह तनाव तब शुरू हुआ, जब व्यापार समझौते के लिए बातचीत में बाधा उत्पन्न हो गई तथा ट्रंप ने बार-बार दावा किया कि उन्होंने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को समाप्त कराया। भारत का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत के बाद संघर्ष समाप्त हुआ।



### 17 जून को फोन पर हुई बातचीत के बाद पहली बार एक दूसरे के बारे में दोनों नेताओं ने दिया बयान

दोनों नेताओं ने 17 जून को फोन पर हुई बातचीत के बाद पहली बार एक दूसरे के बारे में बयान दिए हैं। भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर लगाया गया था। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित और विवेकहीन बताया था। इससे पहले, भारत के साथ संबंधों को पुन: स्थापित करने की संभावना के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। ट्रंप ने कहा, मैं हमेशा (नरेन्द्र) मोदी का मित्र रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध हैं। चिंता की कोई बात नहीं है।

# अब सुरक्षित होंगे इंसान और श्वान, उप्र सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन

- **फीडिंग जोन होंगे सार्वजनिक स्थलों से दूर, तय स्थानों पर देना होगा खाना, उल्लंघन पर कार्रवाई**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों में आवारा श्वानों के बढ़ते खतरे और फीडिंग विवादों को देखते हुए नई गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन एनिमल बर्थ कंट्रोल (स्वान) नियमावली, 2023 के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें सुरक्षित फीडिंग व्यवस्था, स्थायी नसबंदी अभियान और जन-जागरूकता पर जोर दिया गया है।

नगर विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, हर वार्ड में फीडिंग जोन बनाए जाएंगे, जो बच्चों के खेल स्थलों, स्कूलों या भीड़-भाड़ वाले रास्तों से दूर होंगे। भोजन कराने का समय भी इस तरह तय किया जाएगा जिससे किसी की सुरक्षा प्रभावित न हो। खासतौर पर, फीडिंग कर रहे लोगों की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा गया है कि वे केवल निर्धारित स्थानों पर ही भोजन दें और स्वच्छता बनाए रखें। समाज कल्याण की भावना के साथ कार्य कर रहे पशुप्रेमियों को नसबंदी और टीकाकरण अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया है। गाइडलाइन के अनुसार, यदि किसी क्षेत्र में फीडिंग को लेकर विवाद उत्पन्न होता है तो वहां एक विवाद निस्तारण समिति गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पुलिस अधिकारी, आरडब्ल्यूए सदस्य और शिकायतकर्ता शामिल होंगे।

### पशु प्रेमियों को डराना अब दंडनीय अपराध

गाइडलाइन के तहत तय जोन के बाहर श्वानों को भोजन देना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। स्थानीय निकायों को सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, पशुप्रेमियों को डराना या धमकाना अब दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। राज्य स्तर पर नगर विकास निदेशालय में अतिरिक्त निदेशक की अध्यक्षता में एक मॉनिटरिंग सेल गठित की जाएगी।

> स्थानीय निकायों को दिशा-निर्देशों का त्वरित अनुपालन करना होगा, जिसकी राज्य स्तर पर सतत निगरानी की जाएगी।
> **-अमृत अभिजात,** प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग

## गणपति बप्पा मोरया



मुंबई में शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर बारिश के बीच लोग भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए ढोल-ताशे के साथ और गुलाल उड़ाते हुए सड़कों पर उमड़ पड़े। मुंबई के विभिन्न जलाशयों में 3000 से अधिक गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

## गुजरात का पावागढ़ रोपवे टूटा, 6 लोगों की मौत

**हलोल।** गुजरात के पंचमहाल जिले की प्रसिद्ध पावागढ़ पहाड़ी पर शनिवार को एक माल ढुलाई रोपवे का तार टूट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी पर यह हादसा अपराह्न करीब तीन बजे हुआ। यह पहाड़ी अपनी चोटी पर स्थित महाकालिका मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। पंचमहल के जिलाधिकारी अजय ने बताया कि विभिन्न वस्तुओं को ले जाने के लिए बनाया गया रोपवे छह लोगों को लेकर नीचे की ओर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। मृतकों में दो लिफ्ट ऑपरेटर, दो मजदूर व दो अन्य शामिल हैं। तार टूटने से केबल कार उस आधार बिंदु के पास गिरी, जहां रोपवे का पहला टावर स्थित है।

# तेंदुआ के हमले में 10 साल की बच्ची की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- **नगीना देहात थाना क्षेत्र में घटी घटना, वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा**

**अमृत विचार:** नगीना देहात थाना क्षेत्र में तेंदुआ ने 10 साल की बच्ची पर हमला कर उसकी जान ले ली। मूलरूप से लखीमपुर निवासी प्रेम अपने परिवार के साथ तीन साल से कान्हेड़ा गांव में रह रहा है।

वह अमनदीप सिंह के डेरे पर पशुओं की देखभाल और खेती-बाड़ी करता है। उसकी बड़ी बेटी गुड़िया (10) कक्षा 3 की छात्रा थी। शुक्रवार रात करीब 8 बजे वह दुकान पर दूध लेने गई थी। लौटते वक्त झाड़ियों से निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और जबड़ों में गर्दन दबोचकर जंगल की ओर दौड़ लगा दी। बच्ची की चीख सुनकर पिता और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े। तेंदुआ बच्ची को खेत में छोड़कर भाग गया। गुड़िया को परिजन तुरंत सीएचसी नगीना ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, तेंदुए ने बच्ची की गर्दन तोड़ दी थी, साथ ही कंधे और चेहरे पर गहरे दांतों के निशान थे।

सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। जगह-जगह ट्रैप कैमरे भी फिट किए गए हैं।



गुड़िया (फाइल फोटो)

कवायद | वर्ष 2030 तक कृषि और हरित ऊर्जा में भारत में अव्वल बनने का लक्ष्य

# खेती से हरित ऊर्जा तक वैश्विक नेतृत्व करेगा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **वर्ष 2047 तक विश्वस्तरीय उत्पादकता और शून्य कार्बन उत्सर्जन का रोडमैप**
- **हर खेत तक तकनीक, हर छत पर सोलर यूपी में विकास का नया मॉडल**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित यूपी @2047 के तहत प्रदेश को कृषि और ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का रोडमैप तय कर दिया है। सरकार की योजना 22 साल में प्रदेश को फसल उत्पादकता और कृषि निर्यात दोनों में वैश्विक लीडर बनाने की है, साथ ही, सभी प्रमुख शहरों को सोलर सिटी में बदला जाएगा।

सरकार ने 2030 तक कृषि उत्पादकता में भारत में पहला स्थान पाने और 2047 तक अमेरिका, फ्रांस, मैक्सिको व चीन जैसे देशों की श्रेणी में पहुंचने का लक्ष्य तय किया है। इसी तरह, कृषि निर्यात में भी यूपी 2030 तक भारत में नंबर-1 और 2047 तक कनाडा, रूस, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के समकक्ष बनने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए राज्य में व्यापक बदलाव लाए जा रहे हैं। भंडारण, कोल्ड चेन, प्रोसेसिंग यूनिट, पीएसीएस और एफपीओ आधारित ढांचे को सशक्त किया जा रहा है। कृषि अनुसंधान, नवाचार और तकनीक आधारित खेती को प्रोत्साहित कर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर का मॉडल बनाया जा रहा है। उधर, ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में भी योगी सरकार ने 2047 तक बड़ा लक्ष्य तय किया है। राज्य के सभी प्रमुख नगरों को सोलर सिटी में बदलने, शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करने और वृक्षावरण को 20% तक ले जाने की योजना है। 2030 तक 50% ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से लेने और सभी पर्यावरणीय एसडीजी लक्ष्यों को पूरा करने का रोडमैप तय किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि कृषि और हरित ऊर्जा यूपी को विकसित भारत के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के दो मजबूत आधार बनेंगे।



### कृषि क्षेत्र में प्रमुख लक्ष्य

- 2030 तक देश में फसल उत्पादकता में नंबर-1
- 2047 तक वैश्विक स्तर पर अग्रणी कृषि राज्य
- कृषि निर्यात में भारत में शीर्ष और फिर वैश्विक सूची में स्थान
- पीएसीएस, एफपीओ, मेगा फूड पार्क और कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर
- नवाचार, कृषि शिक्षा और रिसर्च को बढ़ावा
- ऊर्जा और पर्यावरण के लिए तय किए गए मानक
- 2047 तक सभी प्रमुख शहर बनेंगे 'सोलर सिटी'
- 2030 तक 50% ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से
- वृक्षावरण 2030 तक 15%, 2047 तक 20%
- शून्य कार्बन उत्सर्जन, जलवायु सहिष्णु राज्य का लक्ष्य
- ग्रीन हाइड्रोजन व अक्षय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व का रोडमैप

# पहले दिन 3 लाख अनुपस्थित, 10 साल्वर पकड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**प्रारंभिक अर्हता परीक्षा**

**अमृत विचार:** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2025) पहले दिन शनिवार दोनों पालियों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। कुल 12,65,998 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 9,64,802 उपस्थित हुए, जबकि लगभग 3 लाख परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

आयोग के अनुसार, पहले दिन की औसत उपस्थिति 76.21% रही। इस दौरान 10 साल्वर भी पकड़े गए। पहली पाली में 6,32,999 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4,80,918 उपस्थित हुए, जबकि दूसरी पाली में 4,83,884 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए 48 जिलों के 1479 केंद्रों में 35,249 कैमरे, 13,287 बायोमीट्रिक टीम और 11,003 फ्रिस्किंग टीम तैनात की गई। पहले दिन नकल और साल्वर की घटनाएं भी सामने आईं। मथुरा में उन्नाव का नीतेश अपने गांव के अखिलेश की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया। मीरजापुर में एक अभ्यर्थी ब्लूटूथ डिवाइस छिपाकर नकल करता पाया गया। दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई। पहली पाली में 7 और दूसरी पाली में 3 लोग वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़े गये। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गई है। आयोग ने एआई आधारित फेशियल रिकॉग्निशन और कंट्रोल रूम से परीक्षा की पल-पल निगरानी सुनिश्चित की।

अमृत विचार मुरादाबाद, रविवार, 7 सितंबर 2025



# पीईटी: 37,333 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 10523 ने छोड़ी

## नोडल अधिकारी एडीएम सिटी और एसपी सिटी ने किया केंद्रों का भ्रमण, सुबह से केंद्रों पर जुटने लगे थे परीक्षार्थी और अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) पहले दिन 52 केंद्रों पर दो पाली में कराई गई। पहले दिन कुल 37 हजार 333 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 10,523 ने छोड़ दी। पहले दिन परीक्षा के लिए 46,056 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। केंद्रों से निकले अधिकांश परीक्षार्थियों के चेहरे खिले रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह व एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह केंद्रों का भ्रमण करते रहे।

परीक्षा के लिए 52 केंद्र बने थे। जिस पर सुबह से परीक्षार्थियों ने पहुंचकर अपने रोल नंबर बाहर चस्पा नोटिस बोर्ड पर तलाशना शुरू किया। केंद्रों पर एक घंटे पहले पहुंचना था। लेकिन दूर दराज से आए परीक्षार्थी सुबह सात बजे से परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़े दिखाई दिए। सुबह 9 बजे परीक्षा केंद्रों का गेट खुला तो व्यवस्था में लगे कर्मचारी और अध्यापकों ने लाइन लगवाकर उनका प्रवेश पत्र, इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि चेक करने के बाद ही आगे बढ़ने दिया। केंद्रों के बाहर ही उनके बैग आदि रखवा लिए गए। गहन चेकिंग के बाद केंद्रों में प्रवेश करने दिया गया। सुरक्षा के लिए हर केंद्र के बाहर पुलिस उप निरीक्षक के साथ चार पुलिसकर्मी लगे थे। पहले पाली की परीक्षा 12 बजे छूटी तो बाहर निकले अभ्यर्थियों में से अधिकांश के चेहरे पर चमक दिखी। उनके अनुसार प्रश्न पत्र मोडरेट था। प्रश्न पत्र में 100 प्रश्नों के उत्तर देने थे। अधिकतर संविधान के अनुच्छेद, पर्यावरण, महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध से संबंधित प्रश्न पूछे गए। चारों वेदों से भी संबंधित सवालों के जवाब पूछे गए। कई परीक्षार्थियों ने नेगेटिव मार्किंग के चले 80 से 90 सवाल हल करने के बारे में बताया। कुछ ने ग्राफिक्स के संबंधित प्रश्नों को समय के अभाव में छूटने की बात कही। दूसरी पाली में 3 से 5 बजे तक परीक्षा हुई। इस प्रकार दोनों पाली में मिलाकर पहले दिन 37,333 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

- **सुबह 10 से 12 व दोपहर 3 से 5 बजे तक कराई गई परीक्षा**
- **आज भी दोनों पाली में 52 केंद्रों पर होगी परीक्षा**


परीक्षा के बाद अपना सामान लेने के लिए पर्चा देते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


परीक्षा केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### किसान की धारदार हथियार से हत्या



**बिजनौर, अमृत विचार :** गांव गडीपुरा निवासी नरेश शनिवार सुबह खेत पर गया था। वहां गांव के ही गजेंद्र, शो सिंह, नरेन्द्र, नितिन निवासी गांव पीत्तनहेडी, रचित निवासी गांव पायदापुर ने धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। रोहिताश सिंह पुत्र रणधीर सिंह ने थाने में तहरीर दी कि शोर होने पर वह और उसका भाई धर्मपाल सिंह पहुंचे वहां उनका भाई नरेश घायल पड़ा था। जिला चिकित्सालय में उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। किरतपुर थाना प्रभारी ने बताया की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### बंदरों के हमले में किशोर घायल

**नगीना, अमृत विचार :** मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी 14 वर्षीय दीपांशु शनिवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था कि बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बंदरों के हमले में दीपांशु घायल होकर लहूलुहान हो गया। घायल किशोर को उपचार के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भारतीय संस्कृति को जीवंत रखना बहुत जरूरी: हेमंत पाण्डेय

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर


पत्रकारों से बात करते हास्य अभिनेता हेमंत पाण्डेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी के तहत इंदिरा बाल भवन में आयोजित हास्योत्सव में शामिल होने आए बॉलीवुड अभिनेता हेमंत पांडे ने शनिवार को डाक बंगले पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने पत्रकारों और समाज को बंदूक की संज्ञा देते हुए कहा कि दोनों अगर एकजुट हो जाएं तो देश और संस्कृति के लिए बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

कहा कि भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए सरकार को स्थानीय स्तर पर उसी क्षेत्र से जुड़े सांस्कृतिक आयोजन कराने चाहिए। संपन्न वर्ग से आह्वान किया कि वे संसाधनों की व्यवस्था करें, देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि वे वेलकम 3, जंगल 2 और उत्तराखंड में बनी इस माह रिलीज होने वाली फिल्म भोलिया काका में दिखाई देंगे। विक्रम भट्ट की हांटेड को भारतीय सिनेमा की पहली 4डी फिल्म बताते हुए कहा कि यह नई शुरुआत साबित होगी। निर्देशक दीप अंजुम ने कहा कि हास्योत्सव का उद्देश्य है लोगों को हंसने का अवसर देना। डायरेक्टर नारायण चौहान ने बताया कि वह वेलकम टू जंगल फिल्म बना रहे हैं, जिसमें अक्षय कुमार, जैकी श्रॉफ, राजपाल यादव, मुकेश खन्ना और सुनील शेट्टी जैसे कलाकार काम कर रहे हैं।

# पारकर इंटर कॉलेज में बैग का किराया वसूलने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पीईटी के पहले दिन कुछ केंद्रों पर अव्यवस्था हावी रही। जिससे परीक्षार्थियों को परेशान होना पड़ा। किसी परीक्षा केंद्र पर बैग रखने के लिए परीक्षार्थी सुबह से परेशान हुए तो बाद बैग रखने का परीक्षार्थियों से शुल्क भी वसूलने की बात सामने आई।

शनिवार को परीक्षा की पहली पाली समाप्त होने के बाद पारकर इंटर कॉलेज केंद्र पर परीक्षार्थियों की भीड़ बैग लेने के लिए कक्ष के पास पहुंची। जहां लाइन में खड़े परीक्षार्थी से बैग रखने के नाम पर शुल्क वसूला जा रहा था। जिसका विद्यार्थियों ने विरोध किया और हंगामे जैसी स्थिति बन गई। जिसके बाद सुरक्षा ड्यूटी में खड़े पुलिसकर्मी ने हंगामा करने वाले परीक्षार्थियों को धकेलना शुरू कर दिया। सीतापुर के परीक्षार्थी अनुराग मिश्र ने पैसे वसूलने की बात पारकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के कक्ष में जाकर इसकी शिकायत की। जिस पर प्रधानाचार्य ने आकर पैसे की वसूली बंद कराई और खुद खड़े होकर परीक्षार्थियों का सामान दिलाया। वहीं कुछ छात्राओं ने परीक्षा से पहले छात्राओं की खुले में तलाशी लेने की बात कही।


पारकर इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों को समझाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### पहले दिन की उपस्थिति, अनुपस्थिति की स्थिति

| | |
|---|---|
| ● पहली पाली में पंजीकृत कुल अभ्यर्थियों की संख्या | 23028 |
| ● परीक्षा में उपस्थित रहने वाले छात्रों की संख्या | 18,646 |
| ● अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की संख्या | 5282 |
| ● दूसरी पाली में पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या | 23028 |
| ● परीक्षा में उपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों की संख्या | 18,687 |
| ● अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों की संख्या | 5241 |

### परीक्षार्थियों से बातचीत


प्रश्न पत्र में संविधान के अनुच्छेद और वेदों से जुड़े सवाल आसान थे। पेपर 2022 की तरह आसान आया था। इसके अलावा महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध से जुड़े सवालों के उत्तर देना बहुत ही आसान था।
**–अंजली सिंह,** परीक्षार्थी


मैंने 75 प्रश्न हल किए। ग्राफिक्स के प्रश्न हल करने के लिए समय कम पड़ा। इससे कई आसान सवाल भी छूट गए। संविधान से संबंधित से संबंधित प्रश्न सभी किए हैं। पेपर पहले के मुकाबले आसान था।
**–प्रिया सिंह,** परीक्षार्थी


प्रश्न पत्र में ईको से जुड़े पांच नंबर के और जीके के 10 नंबर के सवाल बहुत ही आसान आए थे। हिंदी के सवाल आसानी से हल कर दिए। वहीं सिंधु जल संधि पर भी कुछ वैकल्पिक सवाल को हल करने में परेशानी नहीं हुई।
**–संगीता,** परीक्षार्थी


संविधान और पर्यावरण से जुड़े सवालों के साथ चारों वेदों से संबंधित सवालों को हल करने में आसानी रही। गणित के कुछ सवालों ने परेशान किया।
**–स्वाति सिंह,** परीक्षार्थी

# परीक्षा के बाद रेलवे स्टेशन पर उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) शनिवार को जिले के 52 केंद्रों पर संपन्न होने के बाद अभ्यर्थियों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी। परीक्षा की दोनों पालियों के बाद हजारों परीक्षार्थी स्टेशन पहुंचे, जहां उनकी सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया।

परीक्षा के बाद अचानक बढ़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के जवान तैनात थे। उन्होंने अभ्यर्थियों को लाइन से ट्रेनों में बैठाया और प्लेटफार्म पर व्यवस्था बनाए रखी। वहीं रेलवे स्टाफ लगातार अभ्यर्थियों को ट्रेनों की सही जानकारी और स्पेशल ट्रेनों के शेड्यूल से अवगत कराता रहा। वहीं मुरादाबाद के अलावा आसपास के जिलों से आए अभ्यर्थियों ने स्पेशल ट्रेनों के साथ-साथ नियमित ट्रेनों से भी सफर किया। रेलवे की इस व्यवस्था से परीक्षार्थियों को काफी राहत मिली। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए शनिवार को अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया गया है। उन्होंने कहा कि रविवार को भी परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन जारी रहेगा।


रेलवे स्टेशन पर स्पेशल ट्रेन में चढ़ते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


सीतापुर जाने वाली स्पेशल ट्रेन में बैठे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज ने बढ़ाई बसें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने विशेष इंतजाम किए। शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह और सेवा प्रबंधक अनुराग यादव डिपो पर लगातार सक्रिय रहे तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से बसों की निगरानी करते रहे।

बसों में किसी भी प्रकार की खराबी की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक खुद कंट्रोल रूम से ले रहीं थीं। कई बसों को रिजर्व में रखा गया था। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बसों के अतिरिक्त चक्कर बढ़ाए गए। उन्होंने बताया कि किसी भी एक भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्रों तक या गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा।

# स्टोन क्रशर संचालक से रंगदारी मांगने और हमले की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव जालफनगला स्थित एलएलपी स्टोन क्रशर स्वामी धीरेन्द्र राठी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मार्च 2025 से मैसर्स बिटठल कर्गो मुवर्स एलएलपी स्टोन क्रशर संचालित कर रहा है। उससे थाना टांडा की नगर पंचायत दढ़ियाल निवासी मोबीन जहां, इश्तेकार उर्फ इफ्तेखार हुसैन, नदीम व आलिम सहित अन्य कई लोग रंगदारी मांग रहे थे। विरोध करने व पैसे देने से मना करने पर 4 सितंबर की रात उसके भाई भूपेन्द्र सिंह को आरोपी इश्तेकार उर्फ इफ्तेखार व अन्य ने फायरिंग कर घायल किया।फिर थार गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया।

भूपेन्द्र को गंभीर अवस्था मे काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया था। घटना की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी उसके पास है। दूसरी ओर, दढ़ियाल निवासी मोबीन जहां ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 सितंबर कि रात्रि अंकुश, पानू, भूपेंद्र राठी मेरे बंद पड़े स्टोन क्रशर के गेट पर पहुंचे।अपनी पोकलेंड मशीन से बंद पड़े स्टोन क्रशर के गेट को तोड़ दिया। स्टोन क्रशर में लगे कैमरों को बंद कर दिया। क्रशर पर चौकीदार के साथ जाकर देखा तो आरोपियों ने उसकी कार पर फायरिंग शुरू कर दी। जिससे वह अपनी जान बचाकर बमुश्किल से भागी। आरोपियों ने उसका पीछा किया तो उनकी कार एक खेत में पलट गई। पुलिस ने महिला कि ओर से संबंधित धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि दोनो पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बस में लगी थी चाबी, दौड़ा ले गया मानसिक मंदित

**बिजनौर, अमृत विचार :** कालागढ़ से अफजलगढ़ जाने वाली रोडवेज बस को मानसिक मंदित युवक ने दौड़ा दिया। पास में ही चाय पी रहे बस के ड्राइवर कंडक्टर हड़बड़ा गए। बस कुछ किलोमीटर दूर गांव अगवानपुर के निकट गड्ढे में पलट गई।

कौशांबी डिपो की बस वापसी के लिए अफजलगढ़ की तरफ खड़ी कर दी गई थी। ड्राइवर, कंडक्टर पास की दुकान पर चाय पी रहे थे। चाबी बस में लगी हुई थी। एक मानसिक मंदित युवक बस पर चढ़ गया और ड्राइविंग सीट पर बैठकर स्टार्ट कर बस दौड़ा दी। उस समय तक बस में कोई सवारी नहीं बैठी थी। पुलिस ने बस का बस को भगा कर ले जाने वाले युवक मनोज जमुना वाला अफजलगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। बस ड्राइवर विलियम्स राय जिला हापुड़ के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है।

# जातिगत जनगणना लागू करे सरकार : मोहम्मद अहमद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग की शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक स्थिति की स्पष्ट होगी तस्वीर**


मोहम्मद अहमद।

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय तेली महापंचायत उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड प्रभारी मोहम्मद अहमद ने कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर लंबे समय से सामाजिक संगठन और राजनीतिक दल मांग कर रहे थे। केंद्र सरकार ने इसे मंजूरी तो दे दी, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है, जबकि इसका पहला चरण 1 अक्टूबर 2026 से शुरू करने की बात कही गई है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि जातिगत जनगणना को तत्काल लागू किया जाए।

मोहम्मद अहमद ने मीडिया को जारी पत्र में कहा कि जातिगत जनगणना से पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक स्थिति की स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। इससे सरकार उनके लिए मजबूत नीतियां बना पाएगी, सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा मिलेगा तथा नीति निर्माण में पारदर्शिता होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से आबादी का सटीक आंकड़ा, आयु, लिंग, शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक-आर्थिक पहलुओं की जानकारी मिलेगी।

**स्वास्थ्य** | **जिला अस्पताल में हर सप्ताह आ रहे 15 से अधिक केस**

# बच्चों में बढ़ रहा सेल्फ हार्म डिसऑर्डर का खतरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **माता-पिता की अनदेखी से बढ़ रही बच्चों में समस्या**
- **बच्चों की परेशानी को समझें और चिकित्सक से सलाह लें**


डॉ. अभिनव शेखर।

**अमृत विचार :** बच्चों के व्यवहार में गुस्सा और जिद सामान्य माने जाते हैं, लेकिन हाल के दिनों में यह प्रवृत्ति गंभीर रूप लेती दिख रही है। जिला अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य विभाग की ओपीडी में हर सप्ताह 15 से अधिक ऐसे बच्चे आ रहे हैं, जो गुस्सा होने पर या अपनी जिद पूरी न होने पर खुद को ही चोट पहुंचाने लगते हैं। चिकित्सकों के अनुसार यह स्थिति सेल्फ हार्म डिसऑर्डर कहलाती है, जिसे समय रहते नजरअंदाज करना बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव शेखर का कहना है कि छोटे बच्चों में अक्सर गुस्से और जिद के कारण आत्म-हानि की प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। शुरुआत में अभिभावक इसे बच्चों की शरारत या बचपना समझकर टाल देते हैं। कई बार उन्हें लगता है कि बच्चा ऐसा सिर्फ ध्यान खींचने के लिए कर रहा है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे बच्चों के स्वभाव में गहराई तक बैठ जाती है और बड़े होने पर गंभीर मानसिक रोग का रूप ले सकती है। उन्होंने बताया कि सेल्फ हार्म डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चे खुद को नोंचना, थप्पड़ मारना, दीवार या किसी वस्तु से सिर टकराना, हाथ काटना या खरोंचना जैसी हरकतें बार-बार करते हैं। यह केवल शारीरिक नुकसान नहीं बल्कि मानसिक असंतुलन का संकेत भी है। अगर समय पर चिकित्सकीय परामर्श और काउंसिलिंग नहीं की गई तो बच्चों के जीवन पर इसका गहरा असर पड़ सकता है।

उन्होंने बताया कि इस समस्या की जड़ अक्सर घर के माहौल से जुड़ी होती है। माता-पिता के बीच तनाव, बच्चे पर अत्यधिक पढ़ाई का दबाव, डिजिटल उपकरणों की लत और बच्चों को पर्याप्त समय न देना, इन कारणों से बच्चे असुरक्षित और अकेला महसूस करते हैं। परिणाम स्वरूप वे अपने गुस्से और असंतोष को खुद पर ही निकालने लगते हैं।

उनका कहना है कि अभिभावकों को सबसे पहले बच्चों से संवाद बढ़ाने की जरूरत है। जब बच्चा गुस्से में खुद को नुकसान पहुंचाए तो उसे डांटने या मारने की बजाय शांत होकर उसकी समस्या को समझें। जरूरत पड़ने पर मनोचिकित्सक या मनोवैज्ञानिक से परामर्श लें। साथ ही बच्चों के लिए सकारात्मक माहौल, पर्याप्त समय और प्यार देना सबसे कारगर उपचार है।

# राज्य हॉकी प्रतियोगिता के लिए मंडल से 16 खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अयोध्या में आठ से 13 सितंबर तक होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए मंडल की टीम का गठन कर लिया गया है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को आयोजित मंडल स्तरीय ट्रायल में 22 महिला खिलाड़ी पहुंचीं। इनमें शानदार प्रदर्शन के आधार पर 16 खिलाड़ियों का चयन हुआ।

मंडल टीम में मुरादाबाद की आठ, बिजनौर की पांच और रामपुर की तीन खिलाड़ियों ने जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इससे पहले गुरुवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल कराए गए थे। उसमें 10 खिलाड़ियों ने मंडल स्तरीय ट्रायल में जगह बनाई थी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मंडल की यह टीम अयोध्या में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।


हॉकी ट्रायल में प्रतिभा दिखातीं खिलाड़ी।

## शहर में आज



☞ आर्य समाज स्टेशन रोड पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग सुबह 7 :30 बजे ।

☞ भारत विकास मैत्री शाखा द्वारा समूह गान प्रतियोगिता गोल्डेन गेट ग्लोबल स्कूल में सुबह 10 :00 बजे।

☞ चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी पीलीकोठी जैन मंदिर के पास स्थित टेम्पटेशन की दूसरी मंजिल पर शाम 5 :00 बजे ।

☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस द्वारा प्रथम गुरु सम्मान समारोह दिल्ली रोड स्थित क्लासिक बैंक्वेट हाल रात 8 :30 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### घर से बाहर गई युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र की बैंक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 सितंबर की सुबह 8 बजे उनकी 22 वर्षीय पोती घर से बाहर गई थी। इसी दौरान अज्ञात युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने अपने स्तर से काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### 10 से 25 तक वितरित होगा निशुल्क खाद्यान्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** खाद्यान्न का नि :शुल्क वितरण 10 से 25 सितंबर तक कराया जाएगा। साथ ही अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर के सापेक्ष चीनी का वितरण भी होगा। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं व 21 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किलोग्राम) खाद्यान्न का निशुल्क वितरण किया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास माह जुलाई, अगस्त व सितंबर के सापेक्ष 3 किलोग्राम चीनी प्रतिकार्ड 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 54 रुपये में होगा। अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी के सम्बन्ध पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी।

# जयकारों और नम आंखों के बीच बप्पा को दी विदाई

## जगह-जगह भक्तों ने उड़ाया गुलाल, गजानन को विदा करने से पहले उतारी आरती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ, देवा ही देवा गणपति देवा जैसे भजनों और जयकारों की महानगर में गूंज रही। शनिवार को गणेश चतुर्थी महोत्सव के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम दिखा।

सुबह से ही महानगर के मोहल्लों और कॉलोनियों से भक्त ढोल, बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर नाचते-गाते रामगंगा नदी की ओर बढ़े। शोभायात्राओं में शामिल बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए भजनों पर थिरकते नजर आए। जगह-जगह भक्तों ने रंगों व गुलाल की बौछार की और गजानन को विदा करने से पहले आरती उतारी। रामगंगा नदी के घाटों पर भक्तों का तांता सुबह से लेकर शाम तक लगा रहा। चंद्रनगर, रेलवे हरथला कालोनी, आजाद नगर, लाइनपार, मानसरोवर, एकता कॉलोनी, लाजपतनगर, कृष्णापुरी, दीनदयाल नगर, हरथला, आशियाना और नवीन नगर सहित अनेक इलाकों से भक्त अपने-अपने मंडपों और घरों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए लेकर नदी के किनारे पहुंचे। नम आंखों और भक्ति भाव से उन्होंने बप्पा की प्रतिमा को नदी में विसर्जित किया।

**भारतीय परिवार ने निकाली गणेश विसर्जन यात्रा :** भारतीय परिवार की ओर से शनिवार को श्रद्धा भाव के साथ ताड़ीखाना से श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई। इससे पहले पुरोहित जमुना प्रसाद ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। इस मौके पर विमला देवी, आदेश भारतीय, नीता भारतीय, उदित भारतीय एकता भारतीय, पुनीत, अनमोल, अमन, नमन, शुभ, शीलू, पाखी, उदित आदि मौजूद रहे।



भगवान गणेश की मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रामगंगा के तट पर भगवान गणेश की मूर्ति को विसर्जन करने के लिए ले जाते श्रद्धालु।

### मिलन और भाईचारे का संदेश

गणेश महोत्सव के 10 दिन तक महानगर में उत्सव जैसा माहौल रहा। हर गली-मोहल्ले में सजावट, भजनों और आरती की गूंज सुनाई दी। महिलाएं रोजाना व्रत रखकर बप्पा की आरती में शामिल हुईं, वहीं युवाओं ने शोभायात्राओं को सजाने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है।

### अगले बरस का इंतजार

विसर्जन के दौरान गूंज रहा जयकारा गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... भक्तों की भावनाओं को स्पष्ट कर रहा था। उनका कहना था कि 10 दिन तक घरों और मंडपों में रहने वाले गजानन के बिना अब घर खाली-खाली लगेंगे। लेकिन विश्वास है कि अगले बरस बप्पा और ज्यादा खुशियां और सौभाग्य लेकर आएंगे।

### व्यवस्था और सुरक्षा रही

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रशासन और पुलिस ने विशेष प्रबंध किए थे। नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल और गोताखोर तैनात किए गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी। नदी का जलस्तर ज्यादा होने के चलते गोताखोर श्रद्धालुओं को भीतर प्रवेश न देकर उनसे प्रतिमाएं लेकर खुद ही विसर्जित कर रहे हैं।



विदाई का पल हमेशा आंखें नम कर देता है। लगता है जैसे अपने परिवार के सदस्य को विदा कर रहे हों। लेकिन विश्वास है कि बप्पा अगले साल फिर जल्दी आएंगे। -शिवा



गणपति बप्पा हर बार नई उमंग लेकर आते हैं। विसर्जन की यात्रा में जो आनंद और ऊर्जा होती है, वह शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। अगले बरस हम सब फिर और धूमधाम से उनका स्वागत करेंगे। -तुषार



गणेश चतुर्थी हमारे लिए सिर्फ पूजा का पर्व नहीं, बल्कि खुशियां बांटने और भाईचारे को बढ़ाने का माध्यम है। बप्पा हमें अगले बरस और भी धूमधाम से मिलें। -ओम नारायण



इस बार पूरे मोहल्ले ने मिलकर 10 दिन तक पूजा-अर्चना की। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने उत्सव को खास बना दिया। बप्पा का आशीर्वाद हमें हमेशा शक्ति और सुख देता रहेगा। -मोनिका

### गुलाल खेलते हुए प्रतिमा विसर्जन के लिए रवाना हुए लोग

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** अनंत चतुर्दशी पर गणेश भगवान की मूर्ति को विसर्जन कराने के लिए लोग मूर्तियां लेकर बृजघाट के लिए रवाना हुए। ढोल नगाड़ों के साथ रंग गुलाल की होली खेलते हुए निकले।

शनिवार को मोहल्ला पूर्वी ठाकुरान नया डाकघर पर विराजमान गणेश प्रतिमा लेकर एक टोली पाकबड़ा में घूमते हुए रंग गुलाल की होली के साथ गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ का जयघोष करते हुए बृजघाट के लिए रवाना हुई। छीपीवाला मोहल्ला में विराजमान गणेश प्रतिमा व छतरी वाला कुआं हनुमान मंदिर पर विराजमान गणेश प्रतिमा ढोल नगाड़ों के साथ बृजघाट के लिए विसर्जन करने के लिए बच्चों की टोली गई। इस अवसर पर मुकेश ठाकुर, योगेश गुप्ता, सैवी शर्मा, सचिन तोमर, गप्पू गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अभिषेक सिंह, राजीव शर्मा, मनोज तोमर, राजीव रुहेला, राम गुप्ता, श्याम गुप्ता, राज गुप्ता, जतिन, सोनू गुप्ता, मुकेश शर्मा, पप्पू ठाकुर, अमन ठाकुर, सजल ठाकुर, लकी शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।

# उमरी सब्जीपुर बवाल में 27 नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पाकबड़ा

- शनिवार को गांव में छाया सन्नाटा, घर छोड़कर भागे लोग, पुलिस तैनात

**अमृत विचार :** गांव उमरी सब्जीपुर में लंबे समय से गांव में चुनावी रंजिश चली आ रही है। जिसको लेकर बार-बार पथराव व मारपीट होती रहती है। शुक्रवार सुबह को भी मामले ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान के तूल पकड़ लिया। सभी लोग अपनी छतों पर चढ़ गए। घंटों जमकर पथराव किया। पुलिस के पहुंचने के बाद भी काफी देर के बाद पथराव बंद हुआ। पुलिस ने गांव में डेरा डाल दिया है। सब इंस्पेक्टर अंकुर त्यागी की ओर से 27 लोग के खिलाफ नामजद एवं 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव उमरी सब्जीपुर में बीते शुक्रवार सुबह को लगभग 11 बजे पंचायत चुनाव की पुरानी रंजिश पर दो पक्ष भिड़ गए। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे को गाली गलौज शुरू कर दी। उसके बाद मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को लाठियां भांजकर वहां से भगा दिया। लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। शाम को दोनों पक्ष एक दूसरे के फिर से सामने आ गए। लाठी डंडों से जमकर मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद दोनों पक्ष के लोग छतों पर चढ़ गए और जमकर पथराव करने लगे। जिसमें चार लोग घायल हो गए। इसकी सूचना थाना इंचार्ज योगेश कुमार को मिली। वह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद भी पथराव रुकने का नाम नहीं ले रहा था। पुलिस की सख्ती के बाद मामला ठंडा हुआ। पथराव करने वाले लोग छतों से कूदकर भाग निकले। कुछ ही देर बाद पथराव करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पथराव में अरबाज, भूरा, सिबते, संजीदा, नदीम घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भिजवा दिया गया।

पुलिस ने मारपीट करने व पथराव करने के आरोपी आसकार, अहमद उर्फ खालिद, अरबाज निवासी गांव उमरी सब्जीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उमरी सब्जीपुर में पुलिस की सख्ती के बाद भी झगड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार गांव में झगड़ा बरकरार बना हुआ है। पुरानी रंजिश को लेकर किसी न किसी बात को नया तूल दे दिया जाता है। गांव में डर का माहौल बना हुआ है। महिलाएं घरों में है, जबकि पुरुष घर छोड़ छोड़कर भाग गए हैं। सभी जगह पुलिस का डेरा है। गांव में चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ है।

### किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का सही कारणा पता नहीं लग सका है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

हरथला के दर्जियान निवासी अले हसन की 16 वर्षीय बेटी अलफीसा को बीते शुक्रवार देर रात 2 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। किशोरी को देखकर लग रहा था कि उसने जहरीली वस्तु का सेवन किया है। देर रात में उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। जिला अस्पताल स्टाफ ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को सूचना देकर शव मोर्चरी में रखवा दिया। शनिवार की सुबह सिविल लाइंस थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया और जांच के लिए विसरा सुरक्षित रख दिया है। वहीं परिजनों ने भी कोई जानकारी नहीं दी।

# कश्मीर, हिमाचल और पंजाब की बाढ़ ने बिगाड़ा सेब का स्वाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बाढ़ और बारिश के कारण 7 दिन से फल मंडी में नहीं आया सेब

**अमृत विचार :** बरसात के मौसम में सेब में स्वाद नहीं मिलेगा या फिर सेब बढ़े भाव में खरीदना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में बाढ़ के कारण पिछले कई दिनों से स्थानीय फल मंडी में सेब की आवक बंद हो गई है। जो सेब फुटकर दुकानों में उपलब्ध भी हैं तो वह सेब महंगा है। पहले आए सेब को फुटकर दुकानों वालों ने मोटे मुनाफे के लिए स्टॉक करना शुरू कर दिया है।

इन दिनों ज्यादातर सेब हिमाचल से आता हैं कुछ सेब जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड से भी आता हैं। लेकिन इन तीनों प्रदेश में हो रही लगातार हो रही भारी बारिश ,बाढ़ और लैंडस्लाइडिंग से सड़कें टूट गई हैं। कहीं कहीं सेब के बागबान के पास सेब तो हैं लेकिन रास्ते बंद होने के कारण बागबान के पास पड़ा हुआ हैं। कहीं बारिश से सेब की फसल भी नुकसान हो गई है। किसी तरह से छोटी गाड़ियों से सेब पहाड़ों से नीचे भेजा भी गया तो पंजाब में आई बाढ़ की वजह से सेब की गाड़िया रास्तों में खड़ी हैं। फल विक्रेता रमेश आहूजा ने बताया कि गाड़ियों में रखे सेब में दाग लग गया है। मुरादाबाद मंडी के व्यापारी कमलदीप सिंह ने बताया की पिछले एक हफ्ते से फल मंडी में सेब नहीं आ रहा हैं। बारिश के चलते यह स्थिति बनी हुई हैं। जो सेब एक हफ्ते पहले 60 रुपये से 80 रुपये किलो बिक रहा था, अब वह 200 रुपये के दाम में मिल रहा है। फल विक्रेताओं के अनुसार जो सेब बिक रहा है वह सेब अच्छी क्वालिटी का नहीं है। यह पहले के स्टॉक में रखा था। बारिश की वजह से सेब न आने से बागबान को भी नुकसान हो रहा है।

### तेज धूप के बाद दिन में तीन बार हुई बारिश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार का दिन मौसम के उतार-चढ़ाव के नाम रहा। सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान कर दिया। सूरज की तपिश इतनी तेज थी कि सड़क पर निकलने वाले लोग बचाव करते दिखे। युवतियां मुंह पर दुपट्टा बांधकर और युवक गमछा ओढ़कर धूप से बचने की कोशिश करते रहे।

इसी बीच दोपहर के समय मौसम ने करवट ली। करीब 12 बजे बादलों ने आसमान को घेर लिया और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। दोबारा दोपहर 2 बजे फिर से बादल बरसे। दिनभर की उमस और गर्मी के बीच पानी की बूंदें राहत का संजीवनी बन गईं। शाम होते-होते मौसम ने एक बार फिर करवट ली। पांच बजे एक बार फिर तेज बारिश हुई। यह बारिश भी ज्यादा देर नहीं टिकी और 10 मिनट तक ही जारी रही। दिनभर की तपिश और उमस से परेशान लोगों को ठंडी हवाओं के साथ बारिश सुकून दे गई।

# निगम की टीम ने सड़क की पटरी से खोखे को हटवाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते व प्रवर्तन दल की टीम ने शनिवार को टाउन हॉल क्षेत्र में अवैध तरीके से लगने वाले बाजार पर कार्रवाई की। सड़क की साइड पटरी पर स्थायी रूप से बने खोखे को जेसीबी से तोड़कर हटवाया। इसमें जूते-चप्पल की दुकान चल रही थी।

प्रवर्तन दल की टीम के पहुंचने पर टाउनहाल क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। खोखे हटाने के दौरान नोकझोंक भी हुई। लेकिन टीम ने सख्ती दिखाई। बताया कि इस खोखे के कारण जाम की स्थिति होती थी। दुकान पर आने वाले ग्राहक बीच सड़क पर ही वाहन खड़ा कर खरीदारी करते थे, जिससे जन सामान्य को असुविधा हो रही थी।

निगम की ओर से कई बार ऐसे अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई थी, लेकिन सुधार न होने पर प्रवर्तन दल ने कार्रवाई कर अवैध खोखे को हटवा दिया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि किसी अवैध अतिक्रमण को हर हाल में हटाया जाएगा। महानगर को अतिक्रमण मुक्त रखना प्राथमिकता है।

# ठेकेदार ने गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अमरोहा निवासी ठेकेदार के पास नहीं था कोई काम

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में अपनी पुलिसकर्मी बहन व जीजा के घर में रह रहे ठेकेदार छविराम आर्य 46 ने तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने खून से लथपथ हालत में उनका शव घर में पड़ा देखा तो उनके भाई और पुलिस को सूचना दी।



मृतक छविराम।

अमरोहा के नन्हेडा निवासी छोटे लाल आर्य बिजली विभाग से सेवानिवृत्त हैं। वह पैतृक गांव में ही रहते हैं, जबकि उनके बेटे छविराम आर्य और लखीराम आर्य अपने-अपने परिवार के साथ कांशीराम नगर में रहते हैं। छोटेलाल आर्य की बेटी दुर्गेश देवी और दामाद सतेंद्र कुमार पुलिस विभाग में सिपाही हैं। बेटी और दामाद का मकान मझोला के शाहपुर तिगरी गांव में है। लखीराम आर्य ने बताया कि छविराम आर्य पत्नी सुमन और बेटे तुषार और विवेक के साथ बहन दुर्गेश देवी के शाहपुर तिगरी स्थित मकान में रहता था। छविराम आर्य की पत्नी सुमन की बहन दादूपुर निवासी जगवती शुक्रवार रात अस्पताल में भर्ती थी। सुमन छोटे बेटे विवेक के साथ अस्पताल गई थी। शुक्रवार रात छविराम घर में अकेला था। रात में किसी समय उन्होंने दाहिनी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह पड़ोसी ने लखीराम को सूचना दी। लखीराम मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दे दी।

सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता और मझोला थाना प्रभारी रविंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम बुला ली। टीम को जांच पड़ताल के दौरान ही तमंचा मिल गया। भाई ने बताया कि उनके भाई बिजली विभाग में ठेकेदारी करते थे, लेकिन लंबे समय से वह काम नहीं कर रहे थे। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

### रतनपुर कलां में फिर दिखा तेंदुआ, दहशत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** रतनपुर कलां गांव के ग्रोथ सेंटर में रात को फिर से तेंदुआ दीवार पर बैठा दिखाई दिया है। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसकी वीडियो बना ली।

शनिवार रात लोगों ने देखा कि ग्रोथ सेंटर की दीवार पर तेंदुआ बैठा था। जिसको कार में बैठे लोगों ने रोक कर उसकी वीडियो बना ली। लोगों को बताया कि अभी इधर नहीं आना है। तेंदुआ दीवार पर देखा गया है। पुलिस को भी इसकी जानकारी दे दी गई। वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। लेकिन तेंदुआ अभी पकड़ में नहीं आया है। जिसकी वजह से आसपास के गांव में डर का माहौल बना हुआ है। किसान भी खेतों में जाने से डर रहे हैं।

# भाद्रपद पूर्णिमा पर महाआरती हनुमान चालीसा पाठ किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने भाद्रपद पूर्णिमा पर श्री रामगंगा नदी के किनारे प्राचीन शिव गंगा मन्दिर घाट पर शनिवार को महाआरती और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया।

परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा गंगा और उसकी सहायक नदियों का विकराल रूप दिख रहा है इसके लिए हम खुद जिम्मेदार हैं। क्योंकि नदियों का मार्ग संकीर्ण कर देने से वह उफान पर हैं। नदियों के किनारे के स्थान पर कब्जा कर लोगों ने मकान बना लिया है। जब पानी नदियों में छोड़ा जाता है तो वह आबादी में प्रवेश कर जाती हैं। इस दौरान कामेश्वर मिश्रा, तेज नारायण मिश्रा, महेंद्र पंडित, विनोद शर्मा, विनीत शर्मा, भारत, श्याम शुक्ला, नितिन दुबे, संतोष गुप्ता, सतीश अग्रवाल, कैलाश भटनागर, अज्जू भटनागर, बबलू भटनागर, अनिल रस्तोगी रहे।



आरती करते लोग।

### जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर नूरानी महफिल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जश्न-ए- ईद मिलादुन्नबी के जश्न के तहत शनिवार रात बड़े पीर साहब के आस्ताने पर ईशा की नमाज के बाद नूरानी महफिल हुई। शहर के नातख्वा हजरात ने प्यारे नबी की शान में नात-ए-पाक पेश कर माहौल को रोशन कर दिया।

नातिया महफिल के बाद कुल शरीफ हुआ, जिसमें सूफी तस्लीम मियां ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस दौरान मौलाना अबरार ने कहा कि हर मुसलमान को चाहिए कि वह पांच वक्त की नमाज जमात के साथ अदा करे, नेक अमल करे और अपने पड़ोसी का ख्याल रखे। उन्होंने कहा कि अगर किसी मुसलमान से उसका पड़ोसी परेशान है तो वह अच्छा मुसलमान नहीं है। महफिल के बाद लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मोहम्मद इरफान, मौलाना रारुफ अहमद, मोहम्मद अजीम, रईस अहमद, मोहम्मद सुलेमान, लियाकत अली, राशिद हुसैन, अबरार हुसैन, जिशान वारसी आदि रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बस सेवाओं की शुरुआत



बसों को झंडी दिखाते कुंदरकी विधायक रामवीर साथ में आरएम रोडवेज ममता सिंह।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन निगम की सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रोडवेज के कटघर बस स्टैंड से नई बस सेवाओं का उद्घाटन कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

शनिवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। नई सेवाओं के तहत मुरादाबाद से सहसवान, मुरादाबाद से शाहाबाद, मुरादाबाद से नूरपुर (बिजनौर) और मुरादाबाद से चकेरी-कांठ तक बसें संचालित की जाएंगी। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह, सेवा प्रबंधक अनुराग यादव, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (पीतलनगरी) प्रेम सिंह, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (मुरादाबाद) राजवती, कार्यालय अधीक्षक सुनील कुमार, सीनियर फोरमैन, स्टेशन इंचार्ज (मुरादाबाद एवं पीतलनगरी) वीरेंद्र सिंह समेत परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चंद्र ग्रहण आज, सूतक लगने के साथ बंद हो जाएंगे मंदिरों के कपाट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इस बार पितृपक्ष की शुरुआत विशेष संयोग के साथ होगी। रविवार को लगने वाला चंद्र ग्रहण धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी के अनुसार चंद्र ग्रहण का समय रविवार रात 9:57 बजे से आरंभ होकर रात 1:27 बजे तक रहेगा। ग्रहण की अवधि लगभग साढ़े तीन घंटे की होगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहण से नौ घंटे पूर्व सूतक लग जाता है। इसी कारण रविवार दोपहर 12:57 बजे से सूतक शुरू हो जाएगा। सूतक लगने के साथ ही मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए जाएंगे और धार्मिक अनुष्ठान वर्जित हो जाएंगे। बताया कि सूतक काल में किसी भी प्रकार का मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है। इस दौरान भगवान की मूर्तियों को स्पर्श नहीं किया जाता और मंदिरों में पूजा-पाठ भी स्थगित रहती है। वहीं, ग्रहण में गर्भवती महिलाओं को सावधानियां बरतनी चाहिए।

**आयोजन** | वीना जैन ने निर्वाण कांड पढ़ा, तत्वार्थ सूत्र के अंतिम अध्याय का वाचन ऋचा जैन ने किया

# जियो और जीने दो से दिया जैन दर्शन का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टीएमयू में भगवान वासुपूज्य मोक्षकल्याणक महोत्सव पर विश्व शांति यज्ञ
- कुलाधिपति सुरेश जैन के आवास संवृद्धि पर आज सुबह 7 बजे से पारणा होगा

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में चल रहे उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस व भगवान वासुपूज्य मोक्षकल्याणक महोत्सव पर रिद्धि-सिद्धि भवन में विधि-विधान से विश्व शांति यज्ञ शनिवार को हुआ। प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में पंच परमेष्टि पूजन, समुच्चय चौबीसी जिन पूजा, चंद्रप्रभु भगवान पूजन, श्री वसुपूज्य पूजा, अनंतनाथ भगवान जिन पूजा, दशलक्षण पूजा, रत्न त्रय पूजा, सम्यक दर्शन पूजा का अर्घ्य, सम्यक ज्ञान पूजन हुए। वीना जैन ने निर्वाण कांड पढ़ा। जबकि तत्वार्थ सूत्र के अंतिम अध्याय का वाचन ऋचा जैन ने किया।

जीवीसी मनीष जैन ने अभिषेक और शांतिधारा करने वाले श्रावक-श्राविकाओं, ईडी अक्षत जैन ने भोजन व्यवस्था करने वालों को सम्मानित किया। निर्जल उपवास रखने वाले श्रावक-श्राविकाओं को श्रीमती ऋचा जैन ने सम्मानित किया। अंजलि सिंघई, निकिता जैन, आरती जैन, डॉ. नम्रता जैन ने अष्ट कुमारियों का सम्मान किया। ब्रह्मचारिणी डॉ. कल्पना जैन, भोपाल की सचिन जैन एंड पार्टी, प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री, डिजिटल मार्केटिंग के अंकित जैन भी सम्मानित हुए।

उत्तम आकिंचन्य धर्म पर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और मंगलाचरण के साथ ऑडीटोरियम में सांस्कृतिक संध्या का श्रीगणेश हुआ। मंगलाचरण नृत्य प्रस्तुति में तीर्थंकरों के गुणों और आदर्शों को दर्शाया गया। टिमिट के विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुति जियो और जीने दो के जरिए जैन दर्शन का संदेश प्रस्तुत किया। हमें स्वयं भी शांति से जीना है और दूसरों को भी जीने का अधिकार देना है। इसमें अहिंसा, करुणा और परस्पर सहयोग का भाव प्रमुख रहे। 20 मिनट के नुक्कड़ नाटक में हास्य-व्यंग्य के जरिए सामाजिक और आध्यात्मिक संदेश दिया। अंतिम वर्ष के जैन छात्रों को स्मृति-चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। रविवार को टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन के आवास संवृद्धि पर सुबह 7 बजे से पारणा होगा। जिसमें जैन फैकल्टीज के साथ श्रावक-श्राविकाएं शामिल होंगे।



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में चल रहे आयोजन में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### कोचिंग सेंटर पर अश्लील डांस मामले में दो गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विज़डम एकेडमी में अश्लील डांस का वीडियो वायरल होने पर बजरंग दल जिला सह मंत्री पंकज कुमार ने एकेडमी के फैराज आलम, आदिल, अल्तमश और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। तहरीर में कहा गया है कि लड़के हिन्दू लड़कियों के वीडियो बनाकर बदतमीजी कर रहे हैं, इससे सांप्रदायिक तनाव पैदा होने का खतरा हो गया है। पुलिस ने दो आरोपी फराज आलम व आदिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भगतपुर, अमृत विचार :** ग्राम चांदपुर गद्दी के मोहल्ला कादरी नगर स्थित खानकाहे राहे सुलूक की तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर में काफी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच, परामर्श कराया। शिविर में मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। डॉ जुबैर अंसारी, डॉ मुबारक अली, डॉ अफशान खान, डॉ नाज़िर, डॉ नासिर, डॉ आज़मा, डॉ अफीफुर्रहमान, डॉ शाहनवाज अली, डॉ पी.के चौधरी आदि मौजूद रहे।

# छात्रा की निजी अस्पताल में मौत, हंगामा

## अस्पताल के डाक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगा परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


निजी अस्पताल के बाहर मौजूद पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** 17 वर्षीय कक्षा 12 की छात्रा की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने रिश्तेदारों ने चिकित्सक व स्टाफ की लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हंगामा कर रहे लोगों को समझा बूझकर मामला शांत किया।

नगर के वार्ड 16 निवासी 17 वर्षीय कक्षा 12 की छात्रा दरकशा को उसके पिता आसक अली ने शनिवार की सवेरे एक निजी चिकित्सालय में उल्टी दस्त होने पर भर्ती कराया था। शाम 5:00 बजे के आसपास छात्रा की हालात खराब हो गई जिस पर चिकित्सक ने हाथ खड़े कर दिए। परिजनों ने दूसरे अस्पताल में ले जाने के लिए एंबुलेंस में लिटाया तभी मौत हो गई। परिजन भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। छात्रा की मां शबाना

● डाक्टर और मृतका के परिजनों में हो गया समझौता

व बुआ ने चिकित्सक व स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को काफी समझा बुझाने का प्रयास किया लेकिन हंगामा बढ़ता गया। नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी व रामनगर काबू वाला के पूर्व प्रधान इकबाबाल मौके पर पहुंचे और किसी तरह परिजनों को शांत किया। बाद में लंबी वार्ता के बाद मृतका के परिवार का चिकित्सक से समझौता हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।


ठाकुरद्वारा में निजी चिकित्सालय के बाहर हंगामा करते लोग। ● अमृत विचार

## एआईएमआईएम के नगराध्यक्ष का शांति भंग करने में चालान

**भोजपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नगराध्यक्ष शराफत अली को देर रात पुलिस ने हिरासत में लेकर चालान कर दिया।

शुक्रवार की आधी रात को कस्बे के दलित समाज की युवती ने अन्य लोगों के साथ नगराध्यक्ष शराफत अली के आवास पर हंगामा खड़ा कर दिया। मामला दो संप्रदाय के बीच होने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। कस्बा चौकी इंचार्ज ब्रजपाल सिंह भारी पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को घर जाने को कहा पर वे वहीं पर डटे रहे। इस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को मौके से खदेड़ा। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों से बातचीत करने के बाद नगराध्यक्ष शराफत अली पुत्र अब्दुल अजीज को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि शादीशुदा नगराध्यक्ष ने दलित समाज की युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा रखा है। इस वजह से उनकी पत्नी अपने बच्चों को पति के घर छोड़कर अपने मायके चली गई है। 27 अगस्त की रात को भी युवती ने नगराध्यक्ष के घर जाकर हंगामा किया था।

# श्री रामलीला मंदिर में स्थापित किया महावीर ध्वज


शोभायात्रा का आरंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता,कांठ

**अमृत विचार:** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर में हर्षोल्लास से महावीर ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्री रामलीला मंदिर पर हनुमान जी की ध्वजा को स्थापित किया गया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी द्वारा फीता काटकर शोभायात्रा का आरंभ किया गया। शोभा यात्रा में परंपरा के अनुसार अरुण कुमार शर्मा ने महावीर ध्वज उठाया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से पहलवान घनश्याम सिंह व्यायाम शाला के पहलवान अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। पूजन पंडित सतीश शर्मा ने विधि विधान से करवाया। महावीर ध्वज शोभायात्रा बड़ा शिव मंदिर मुख्य बाजार से प्रारंभ होकर न्यादर चौराहा, मोहल्ला फकीरगंज, रविदास धर्मशाला होती हुई रामलीला मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में वरिष्ठ समाजसेवी अभय विश्नोई, धर्मपाल सिंह चौहान, दानवीर सिंह चौहान, गौरव कुमार चौहान, सचिन कुमार, हरपाल सिंह, शिशु चौहान, बीनू चौहान, संजीव चौहान, पवन चौहान, राधेश्याम भुईयार, अमित भुईयार पप्पन, पारुल चौहान, धर्मवीर सिंह विकट, प्रमोद बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# शोभायात्रा निकाल गणपति प्रतिमाओं का किया विसर्जन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भगवान श्री गणपति प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और एक दूसरे के गुलाल लगाकर भगवान गणपति की जय जयकार करते हुए शोभायात्रा निकाली।

मोहल्ला पृथ्वी गंज से भगवान श्री गणपति की प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र रहीं। राखी शर्मा और डॉ विकास शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया। सुधा शर्मा, विशेष शर्मा, रानी बिश्नोई, ओमकार विश्नोई, मीनू बिश्नोई, प्रीतम बिश्नोई, शिवानी बिश्नोई और कुलदीप बिश्नोई आदि के परिवारों की ओर से प्रतिमाएं विसर्जित की गई। सविता विश्नोई, नमन बिश्नोई, हर्ष

● बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और एक दूसरे के गुलाल लगाया

कुमार हर्षित कुमार निखिल अंश, तनीषा, अनोखी, विभूति शर्मा, सुदीव्या शर्मा, शार्व शर्मा, अनंत शर्मा, विनायक शर्मा, साधना शर्मा, दिवाकर शर्मा, विकास शर्मा आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। दूसरी ओर सैनी धर्मशाला से भी विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ वार्ड मेम्बर प्रियंका सैनी ने किया। शोभायात्रा में शीशपाल सैनी, राजपाल प्रजापति, देवराज सिंह जाटव, राजेंद्र सैनी, सरवन सैनी, नन्हे सैनी, दीपक सैनी, महेश सैनी, सोनू सैनी, विवेक सैनी, ओमपाल सैनी, धर्मपाल सैनी, बल्ली सैनी आदि उपस्थित रहे।

## पड़ोसी पर बलात्कार करने का आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** संभल के मोहल्ला चौधरी सराय निवासी 28 वर्षीय विवाहिता ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी शादी 7 साल पहले बिलारी नगर के मोहल्ला रहमत नगर में हुई थी। उसका पड़ोसी राजा बहला फुसला कर 8 महीने पहले उसे ले गया और बलात्कार किया। परिवार टूटने के डर से उसने अपने पति और ससुराल वालों को घटना के बारे में कुछ नहीं बताया। इसी का फायदा उठाकर आरोपी राजा लगातार उसे प्रताड़ित करता रहा । 31 मार्च की सुबह ईद वाले दिन उसके पति और ससुराल वाले नमाज पढ़ने गएथे । इसी दौरान आरोपी राजा उसके परिवार वाले घर में घुस आए और उसे खींचकर ले जाने लगे। विरोध करने पर मार पीट की। आरोपी उसके पति को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# रील बनाने के चक्कर में युवक के हाथ में लगी गोली

संवाददाता बिलारी

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर रील बनाकर भौकाल बनाने के चक्कर में तमंचा लोड करते वक्त युवक के हाथ में गोली लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। वहां से परिजन हरियाणा में उसके पिता के पास ले गए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मकरंदपुर निवासी युवराज सैनी अपने दोस्त कनोबी गांव निवासी रोहित राजपूत के साथ शुगर मिल के पास तमंचे के साथ रील बना रहा था। युवराज ने अवैध तमंचे को लोड किया तभी गोली चल गई जिससे उसका हाथ लहूलुहान हो गया। रोहित और आसपास के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके बाद परिजन युवराज को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहां से परिजन उसे हरियाणा के हिसार ले गए। जानकारी के मुताबिक युवराज के पिता हिसार में काम करते हैं। युवराज कुछ दिन पहले ही अपने गांव आया था। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि पुलिस पहुंची तब तक घायल और उसका दोस्त मुरादाबाद चले गए थे। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि मामले में दूसरे युवक रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर तमंचा भी बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# स्वास्थ्य टीम ने गेट पर वेल्डिंग करा अवैध अस्पताल किया सील

संवाददाता, कुंदरकी/मुरादाबाद

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध अस्पताल के गेट पर वेल्डिंग कर सील लगाई ताकि अस्पताल संचालक दोबारा से सील को न तोड़ पाये।

कुंदरकी ब्लाक में महमदपुर माफी में स्थित चिराग अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चार सितंबर को सील कर दिया था। आरोप है कि जिसको डॉक्टरों द्वारा 5 सितंबर को सील तोड़कर संचालित कर लिया गया। इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को मिली तब शनिवार को चिकित्सा प्रभारी सौरभ बरतरिया ने टीम के साथ चिराग हॉस्पिटल के गेट पर बेल्डिंग करा कर सील किया। चिकित्सा प्रभारी ने बताया की अस्पताल के संचालकों के खिलाफ पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने के लिए शिकायती पत्र दे दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को आईजीआरएस के माध्यम से एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर टीम ने चिराग हॉस्पिटल जाकर जांच की। टीम ने अस्पताल के पंजीकरण संबंधित कागज मांगे लेकिन अस्पताल संचालक कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके। जिसके चलते टीम ने अस्पताल को सील कर दिया था। 5 सितंबर को संचालकों ने अस्पताल खोल लिया था। जिसे दोबारा वेल्डिंग कर सील कर दिया गया।


अस्पताल को सील करती स्वास्थ विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## शिक्षक दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर गोष्ठी में प्रवक्ता नजबुल हसन ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा महत्व गुरु का होता है। मां-बाप हमारी परवरिश करते हैं परंतु ज्ञान होना गुरु के द्वारा प्राप्त होता है। गुरु हमें ज्ञान प्राप्त कराते हैं उसी ज्ञान से ही अपने जीवन में आगे बढ़ाते हैं।

प्रधानाचार्य शबाना, शिक्षक शाहनवाज हैदर, अभिषेक बर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, अर्पित सिंह, राजदा, फ़रहीन, मुस्कान, वीरबाला, तस्मिया, फात्मा, मीना, नूरी शाम, नमरा इलयास, सामिया, शमीना आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सीरत कमेटी के तत्वाधान में सब्जी मंडी चौक में आयोजित जलसा सीरतन नबी में युवाओं को नशे से दूर करने का आवाहन किया गया।

कार्यक्रम मौलाना मौहम्मद यामीन की सदारत में किया गया। जलसे की शुरुआत कारी नौशाद आलम की तिलावते कलाम पाक और नात पाक पाक से हुआ। मुरादाबाद से आए मुफ्ती मौहम्मद अजमल ने नबी की पाक तालीम पर अमल करने पर बल दिया। कहा कि युवा नशे जैसी लत में पड़कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। नशा बहुत सी बुराइयों को जन्म देता है। उनका कहना था कि युवाओं को नशे जैसे


जलसे में सम्बोधित करते मौलाना। ● अमृत विचार

● जलसा सीरतन नबी में मुफ्ती मौलानाओं ने किया संबोधन

मार्ग से हटाना सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षा हासिल करने पर भी बल दिया। मुफ्ति मौहम्मद जावेद ने भी तकरीर की।

कमेटी के सदर डॉक्टर मौ. हनीफ, हाजी सोनू, मोहम्मद अरशद, डॉक्टर शुजाउद्दीन, मौहम्मद आतिफ, मौहम्मद जावेद सिद्दीकी की भूमिका अहम रही। संचालन हाफिज मौहम्मद साबिर ने किया। मौलाना मौहम्मद यामीन, मौलाना शुएब, मुफ्ती मुजाहिद, मुफ्ती हजला, वरिष्ठ डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## भैंस काट रहे दो पकड़े, तीन फरार

**भोजपुर,अमृत विचार :** शनिवार को उप निरीक्षक माहिर अब्बास,हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, अतुल कुमार एवं कांस्टेबल अतुल यादव को साथ लेकर गांव पीपलसाना में पुराने बुध बाजार निवासी वसीम पुत्र हनीफ के निर्माणाधीन मकान में छापेमारी कर भैंस काट रहे दो मांस तस्करों वसीम व फईम को हिरासत में लिया। उनके तीन साथी समी, निजामुद्दीन एवं शाने आलम पुलिस को चकमा देकर भाग गए। पुलिस ने मौके से एक क्विंटल 80 किग्रा भैंस का मांस बरामद कर पशु चिकित्सक से जांच कराकर नदी के किनारे गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया। पुलिस ने पांच मांस तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए फईम एवं वसीम का चालान कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो.7906815587

**NOTICE**

I have changed my name IMPLESH DEVI to IMLESH KUMARI & date of birth 25.07. 1973 to 01.01.1976 due to incorrect name entered in my son service documents of No. 15224709X, HAV RAHUL KUMAR Unit 274 field regiment C/o 56APO, Pin-926274 R/o Vill. Mahendri Sikanderpur Post Chhajlet, The Kanth, Distt. Moradabad State-U.P.-244501

**सूचना**

पहले मेरा नाम OBAIDUL HAQUE पुत्र AFZAL UL HAQUE था जिसे बदलकर अब मैंने UBAID UL HAQ पुत्र AFZAL UL HAQUE रख लिया है। UBAID UL HAQ पुत्र AFZAL UL HAQUE निवासी BAITUL HAMD, PANJABIYAN STREET, RAMPUR, U.P.–244901

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## रामगंगा का जलस्तर बढ़ा, बाढ़ का खतरा

**कांठ, अमृत विचार :** पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्र में लगातार हो रही भीषण वर्षा से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। 10000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी किनारे बसे एक दर्जन गांवों के लोग संभावित बाढ़ आने की चिंता से भयभीत हैं।

रामगंगा नदी बहुत तेजी से कटान कर रही है जिससे ग्राम दरियापुर के जंगल में रामगंगा नदी का पानी भर गया है। इसके अलावा ग्राम राजीपुर खद्दर ,सलेमपुर के आसपास भी पानी खेतों में फैलने लगा है। ग्राम हीरापुर, मिश्रीपुर, गोपालपुर, रामसराय, पायंदापुर, मल्लीवाला, महदूत कलमी, बेगमपुर के जंगलों में रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से दोनों किनारों पर कटान तेज हो गया है। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने तहसीलदार एवं लेखपालों को अपने-अपने क्षेत्र का दौरा कर रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने की सूचना पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

# आजाद समाज पार्टी के सम्मेलन का आयोजन


सम्मेलन में आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के विलाकुदान डूंगरपुर चौराहे पर शनिवार को आयोजित आजाद समाज पार्टी के सदस्यता अभियान व कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया। वहीं काफी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई।

जिला प्रभारी राम भरोसे भारती ने बताया कि जिला पंचायत वार्ड

● बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई

36 के ग्राम विलाकुदान चौराहे पर रिजवान पहलवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि, प्रदेश सचिव व मंडल प्रभारी रमेश गंधर्व द्वारा रिजवान पहलवान को सैकड़ों समर्थकों सहित पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई। जिला प्रभारी राम भरोसे भारती ने कहा कि आजाद समाज पार्टी सर्व हितेषी पार्टी है।

राजकुमार यादव, सचिन चौधरी, प्रदीप कुमार, अनूप सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, अशोक कुमार,

मौलाना नाजिम अली, हाजी शरीफ अहमद, हाजी सिफ्ते अहमद, रोहित कुमार, कासिम मलिक, तौकीर मलिक, खालिक मलिक, हाफिज मोहम्मद हनीफ, सुलेमान पाशा, पूर्व प्रधान इकबाल उस्मानी आदि मौजूद रहे।

**न्यूज डायरी**



### नगर पालिका टीम ने हटाए खंभों पर लगे फ्लेक्सी बोर्ड

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अंजली सिंह के निर्देश पर नगर पालिका टीम ने नगर में अभियान चलाकर सार्वजनिक रास्तों, विद्युत पोल आदि पर लगे फ्लेक्सी बोर्डों को अभियान चलाकर उन्हें हटाकर अपने कब्जे में ले लिया। शनिवार की दोपहर बाद नगर पालिका टीम ने रतुपुरा मोड, रामपाल द्वार, कमलापुरी चौराहा, चलचित्र ढाल, कदीर तिरहा, तिकोनिया पार्क तक अभियान चलाकर जगह–जगह लगे फ्लेक्सी बोर्ड को हटाकर नगर पालिका टीम ने अपनी कब्जे में ले लिया । कई स्थानों पर ऊंचाई अधिक होने पर जेसीबी मशीन से फ्लेक्सी बोर्ड हटाए गए । अधिशासी अधिकारी का कहना है कि फैलेक्सी बोर्ड लगाने से को किनारे लगे संकेत भी छिपा दिए जाते हैं । वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है । चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाए गए तो कार्यवाही की जाएगी ।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

**बिलारी, अमृत विचार :** शिक्षकों को मुरादाबाद में सम्मानित किया गया। मुरादाबाद के हिंदू मॉडल कॉलेज में कार्यक्रम में भाजपा एमएलसी गोपाल अंजान ने शिक्षकों को शाल उड़ाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। बिलारी क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय थावंला के एआरपी अक्षय कुमार, रुस्तमनगर सहसपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय की शाहीन परवीन, भूड़ मरेसी प्राथमिक विद्यालय की दीपाली गुप्ता, उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या सहसपुर की हिमानी भटनागर के प्राथमिक विद्यालय की क्षमा अग्रवाल, सिहाली माला के प्राथमिक विद्यालय के राहुल गुप्ता, रुस्तमनगर सहसपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय की पारुल वाजपेई, प्राथमिक विद्यालय गुलरिया की अर्चना कुमारी, अहलादपुर देवा उच्च प्राथमिक विद्यालय के रविंद्र कुमार, बीरमपुर प्राथमिक विद्यालय के यशवीर सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

### सीएनएस एकेडमी में 787 छात्र छात्राओं ने परीक्षा

**छजलैट, अमृत विचार :** सीएनएस एकैडमी कुचावली में पीईटी की परीक्षा में दोनों पालियों में 1008 परीक्षार्थियों में से 221 बच्चे अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 504 परीक्षार्थियों में से मात्र 386 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में 504 परीक्षार्थियों में से 401 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। बायो मेट्रिक मशीन से परीक्षार्थियों की गहनता से जांच की गई। केंद्र अधीक्षिका प्रियंका सिंह ने बताया कि आयोग के निर्देशों के अनुसार शांतिपूर्वक वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई है। परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट कुलवंत सिंह, सेंटर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार एवं थाना अध्यक्ष संजय पांचाल भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर पलटने से सीमेंट व्यापारी की दबकर मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** देर रात ट्रैक्टर गहरी खाई में पलटने के चलते दबकर युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम चकफाजलपुर निवासी बाबू ( 24) मुरादाबाद–आगरा नेशनल हाईवे स्थिति कुंदरकी जीरो पॉइंट पर सरिया सीमेंट की दुकान चलाता था । शुक्रवार की देर रात उसके किसी दोस्त की गाड़ी फंस गई थी उसी गाड़ी को ट्रैक्टर लेकर निकालने के लिए ग्राम चकफाजलपुर को जा रहा था। कच्चे मार्ग पर ट्रैक्टर फिसल कर खेत में पलट गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बाबू को ट्रैक्टर के नीचे से निकालकर मुरादाबाद के हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने देखते ही बाबू को मृत घोषित कर दिया। मृतक बाबू सात बहन भाइयों में दूसरे नंबर का था। परिवार में मां सायदा पिता मोहम्मद इस्लाम और सभी भाई बहनों का रो रो कर बुरा हाल है।





### नगर की शिक्षिका को किया सम्मानित

कांठ, अमृत विचार : शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ की प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी को वर्ष 2025 का उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। भुवनेश कुमारी के शिक्षा क्षेत्र में किए गए योगदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में निभाई गई उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। बीएसए, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यास, गोपाल अंजान, ऋतु त्यागी, संजय विशाल नेगी, सचिन शुक्ला, आशुतोष शुक्ला एवं हरीश तिवारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने अभ्यर्थियों और आमजन को किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस पुलिस द्वारा डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव एवं रोकथाम के लिए युवाओं को साइबर जागरूकता अभियान के बारे में बताया। शनिवार को सिविल लाइंस पुलिस द्वारा सेंटमैरी सैकेंडरी स्कूल के पास अभ्यर्थियों और आमजन को जागरूक कर साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव, रोकथाम आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया।

### 11 को निकाली जाएगी कलश यात्रा

**रामपुर, अमृत विचार :** पितरों की मुक्ति के लिए गो सेवा गोपाल सेवा समिति द्वारा 11 सितंबर से आदर्श धर्मशाला में भागवत कथा प्रारंभ की जाएगी। जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक व्यास पंडित कन्हैयालाल शर्मा भागवत कथा करेंगे। 11 सितंबर को दोपहर 12 बजे 51 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा के विचार विमर्श के लिए समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल, पंडित संतोष कुमार शर्मा, संजीव यादव, राजीव कुमार अग्रवाल, दीप जोशी, नरेश चंद शर्मा, राज रानी शर्मा, रामकिशोर शर्मा, मधु बंसल, बीना अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों के अभिभावकों ने बैठक में किया प्रतिभाग

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में विद्यार्थियों के अभिभावकों की बैठक हुई। विद्यार्थियों ने अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचकर बैठक के साथ-साथ अपने शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दी। इस मौके पर सह प्रधानाचार्य अमित बैनर्जी के साथ विद्यालय की को-ऑर्डिनेटर पूजा अरोरा, कुलदीप कौर आदि मौजूद रहे।

### आज बिजली रहेगी बंद

**रामपुर, अमृत विचार :** एसडीओ सिविल लाइंस सचिन रस्तोगी ने बताया कि 33 केवी सिविल लाइन उपकेंद्र से निर्गत रोशन बाग में 11 केवी की लाइन पर दुकानों का अतिक्रमण होने के कारण शिवि के सामने पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 15 बजे तक शौकत अली रोड, एकता विहार एवं गंगापुर आदि की सप्लाई पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

# दोनों पालियों में 71.65 फीसदी ने दी परीक्षा

## 15 केंद्रों पर सुबह 10 से 12 तक और अपराह्न 3 से 5 बजे तक हुई परीक्षा, आज भी दो पालियों में होगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) की पहली पाली में 70.78 प्रतिशत जबकि, दूसरी पाली में 72.52 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 15 केंद्रों पर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जबकि दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 3 से शाम 5 बजे तक हुई। परीक्षा केंद्रों का जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

पीईटी के लिए 21,696 युवाओं ने पंजीकरण कराया था। प्रत्येक पाली में 5424 परीक्षार्थियों की परीक्षा होनी है। शनिवार को पहली पाली में 5424 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3839 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि, 1585 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 70.78 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। दूसरी पाली में 5424 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3933 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे जबकि 1491 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 72.52 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज, राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, राजकीय रजा इंटर कालेज आदि कालेज में परीक्षा का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने परीक्षार्थियों से पेपर के बारे में भी पूछा। परीक्षा से पूर्व परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेकर परीक्षा केंद्रों पर भेजा गया। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा इसके अलावा तमाम केंद्रों पर अधिकारी जायजा लेते रहे। ट्रेजरी से जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने प्रश्न पत्र निकलवाकर सभी परीक्षा केंद्रों पर वितरित कराये।


परीक्षा केंद्र के बाहर तलाशी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


परीक्षा के बाद बाहर परीक्षा केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


परीक्षा की तैयारियां कई माह से कर रहे थे जिन प्रश्नों को तैयार किया था अधिकांश उन्हीं में से आए हैं। परीक्षा में उत्तीर्ण होने की पूरी उम्मीद है। **- अनुज कुमार**


गणित के सवालों ने कुछ उलझाया, तर्क शक्ति के सवाल भी पेचीदा थे। इसके अलावा सामान्य हिन्दी और सामान्य अंग्रेजी के सवालों को हल कर दिया है। **- शिखा**


प्रश्न पत्र में गणित के सवाल कुछ मुश्किल थे बाकी पेपर अच्छा हुआ है और पास होने की पूरी उम्मीद है। सेंटर ढूंढने में भी कोई परेशानी नहीं हुई। **- तनु**


परीक्षा के लिए तीन महीने से तैयारी कर रही थी। जितनी तैयारी की थी उसी दायरे में प्रश्न पूछे गए थे। पीईटी परीक्षा में पास होने की पूरी उम्मीद है। **- कोमल**

"पीईटी शांतिपूर्वक निपट गई है, कहीं से कोई नकलची पकड़े जाने की सूचना नहीं है। रविवार को भी दो पालियों में इन्हीं परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी। इसके लिए तमाम तैयारियां पहले से कर ली गईं थीं। **- अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

# परीक्षा के बाद रोडवेज से लेकर ट्रेनों में रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों पालियों की पीईटी शांतिपूर्ण तरह से निपट गई। इस दौरान रोडवेज बसों से लेकर ट्रेनों तक में भीड़ रही। पहली पाली समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी ट्रेनों, बसों और अपने वाहनों से रवाना हो गए। सुरक्षा के लिहाज से रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

शनिवार को दो पालियों में पीईटी का आयोजन किया गया। जिसमें पहली पाली 10 से 12 और दूसरी 3 से पांच बजे तक हुई। जिसके चलते शुक्रवार रात से ही युवक और युवतियों का ट्रेनों और बसों से आना शुरू हो गया था। दोनों पालियों की परीक्षा समाप्त होने के कारण ट्रेनों और रोडवेज पर बसों में काफी भीड़ रही। परीक्षा छूटने के बाद रेलवे स्टेशन और रोडवेज के पास जाम तक लग गया था। परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं हो जिसके लिए रोडवेज डिपो से 80 से 82 बसें परीक्षार्थियों के लिए रखी गई थीं। ताकि परीक्षा छूटने के बाद वह लोग रोडवेज बसों से आसानी से घरों को रवाना हो सकें। सुरक्षा के लिहाज से मुख्य चौराहों से लेकर सेंटरों के आसपास और पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण निपटने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। रेलवे प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए छह स्पेशल ट्रेनें भी चलाईं।


रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# शिक्षकों को किया गया सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित हुए शिक्षक एवं मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **लॉयंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर की द्वितीय पारिवारिक बैठक**

**अमृत विचार :** लॉयंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर की द्वितीय पारिवारिक बैठक शुक्रवार को राहे रजा स्थित होटल में हुई। बैठक का आरंभ ध्वज वंदना के साथ हुआ। जिसके बाद क्लब अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने सभी सदस्यों का स्वागत किया।

बैठक में जुलाई एवं अगस्त के सामाजिक कार्यों की समीक्षा की। नए सदस्यों का परिचय और सम्मान किया। शिव अग्रवाल ने विचार प्रस्तुत किए। स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रभक्ति गीत प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी ने मंच पर प्रस्तुतिकरण भी दिया। शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का स्वागत और सम्मान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान शिक्षकों एवं डॉ. रजनी अग्रवाल ने शिक्षक दिवस पर विचार रखे। क्लब अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। इस मौके पर जगन्नाथ चावला, अमित शर्मा, एसके अग्रवाल, कृष्ण लाल खुराना, हरीश अरोरा, सुरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार अभयशंकर अग्रवाल, अश्वनी पाहवा, अशोक कुमार, प्रवीण भांडा, सतनाम चावला, पुष्पा गुप्ता, नयना कक्कड़ गुप्ता, अनुराधा कालरा, श्रवण श्रीवास्तव, संजय रस्तोगी रहे। संचालन शोभित गुप्ता ने किया।

## शिक्षिका को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार महिला मंडल ने पुराना आवास विकास शिव मंदिर पर गणेश उत्सव मनाया। इस मौके पर गणेश पूजा में शिक्षक दिवस पर गुरुदेव माता का आह्वान करके दीप यज्ञ का आयोजन किया। गायत्री माता की पूजा, उपासना आरती के बाद अखंड दीपक की जन्म शताब्दी को लेकर गायत्री महामंत्र 2400 मंत्र लेखन वाली पुस्तक सभी सदस्यों को वितरित की। शिक्षिका शारदा नरुला को गुरुदेव का साहित्य व उपहार देकर सम्मानित किया। दीप यज्ञ आयोजन निर्मला राय की तरफ से मंदिर पर किया। इस मौके पर बिंदु रस्तोगी, आर्यबाला वात्सल्य, मीना गुप्ता, सरिता सिंघल, शारदा नरुला, ममता कपूर, सीमा अरोड़ा, गीता अरोड़ा, ऊषा चावला, संतोष गुप्ता, आरती सक्सेना आदि उपस्थिति रहीं।

# महिलाओं ने प्रस्तुत किए विभिन्न कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वैश्य समाज महिला संगठन के पदाधिकारियों की ओर से शुक्रवार को रेस्टोरेंट में शिक्षक दिवस एवं गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम हुआ। जिलाध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल ने मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अनीता गुप्ता एवं सुमन अरोरा से दीप प्रज्ज्वलित कराया।

मुख्य अतिथि ने शिक्षिकाओं को शॉल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। वैश्य समाज से जुड़ी महिलाओं ने थाल और कलश सजाकर लाईं। कार्यक्रम कन्वीनर प्राची गुप्ता, राशि अग्रवाल, रुचि अग्रवाल प्रीति गुप्ता ने गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में गणेश के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सेल्फी तिरंगा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रीति गुप्ता द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया। ऋद्धा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, नीतू गुप्ता, आशा गोयल, भारती गुप्ता, प्रीति अग्रवाल ने कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना के साथ कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में सभी को पौधे भी वितरित किये। कन्वीनर ने सरप्राइज, पंक्चुअलिटी, गेम्स हाउजी आदि कराए। कार्यक्रम में नेहा गर्ग, शालिनी गुप्ता, संगीता अग्रवाल, वर्षा, मेघा अग्रवाल, शुभि अग्रवाल, नैना गुप्ता, हिमांशी, रमा अग्रवाल, कुमकुम अग्रवाल, कुसुम जिंदल, पूजा अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, ममता गुप्ता, रूपम गुप्ता, भाषी गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, सोनम आहूजा, बीना, भगत, वंदना गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, प्रियंका सारस्वत, दीप्ति अग्रवाल, करिश्मा गुप्ता, रोशनी अग्रवाल, ममता सोनी कमल चावला, सलोनी अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, डॉ. हेमलता वार्ष्णेय, सुनीता गुप्ता, रोली वार्ष्णेय, सुगंधा अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, ममता गुप्ता, वंदना गुप्ता, वंदना अग्रवाल, इना गुप्ता, निधि रस्तोगी आदि रहीं।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

● **शिक्षिकाओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

# गांवों की लाइब्रेरी में रखें ज्ञानवर्धक पुस्तकें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह कहा कि पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय बाल एवं किशोर पुस्तकालय स्थापित किए जाने के लिए स्थानीय इतिहास, संस्कृति साहित्य से सम्बन्धित पाठ्य पुस्तकों को शामिल किया जाना है।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थू लाल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए पाठ्य सामग्री, पुस्तकों के चयन के लिए 50 प्रतिशत पुस्तकों का चयन शासकीय व अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों, जिसमें स्थानीय भाषाओं के साहित्यकारों, स्थानीय प्रकाशन, स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनायकों एवं शहीदों की जीवनी, स्थानीय व क्षेत्रीय लेखकों, प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकों, कवियों की पुस्तकों को सम्मिलित किया जाना है। प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों के आवश्यकतानुसार तथा महिलाओं एवं बाल साहित्य से सम्बन्धित ज्ञानवर्धक पुस्तकों को भी शामिल किया जाना है। शासकीय प्रकाशकों के साथ-साथ अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों का चयन जनपद स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। जिला स्तरीय समिति सामर्थ्य, मूल्य निर्धारण और समझने में आसान भाषा, सामग्री पर सावधानीपूर्वक विचार करते हुए पुस्तकों का चयन करेगी।

# कोसी में दिनभर किया प्रतिमाओं का विसर्जन

संवाददाता, मसवासी

● **कोसी नदी पर तैनात रहा पुलिस बल, जुलूस में मोतीपुरा के दो पक्ष भिड़े एक युवक घायल**

**अमृत विचार :** अनंत चतुर्दशी पर शनिवार को दिनभर गणपति विसर्जन पट्टीकलां कोसी में जारी रहा। उधर, डीजे की गाड़ी घुमाने को लेकर मोतीपुरा गांव के लोगों में मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को स्थानीय चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

शनिवार को मसवासी, बिजारखाता, मोतीपुरा खुर्द, सीतारामपुर, रहमतगंज, खुशहालपुर, मंसूरपुर आदि से गणपति प्रतिमा को कोसी नदी में विसर्जन के लिए धूमधाम के साथ डीजे की धुन पर ले जाया गया। विधि विधान के अनुसार कोसी नदी में विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया तू अगले वर्ष जल्दी आना उद्घोषों के साथ मूर्ति विसर्जन को ले जाया गया। तमाम भक्त जुलूस की शक्ल में डीजे की धुन पर चल रहे थे। इस मौके पर पट्टीकलां कोसी नदी पर पुलिस बल तैनात रहा। भक्तों को कोसी नदी किनारे बनाए अस्थायी तालाब में विसर्जन करने के लिए निर्देशित किया। कोसी नदी में पानी अधिक होने के कारण भक्तों को विसर्जन से दूर रखा गया था।

उधर, मोतीपुरा के तमाम ग्रामीण डीजे के साथ विसर्जन करने के लिए जा रहे थे। खुशहालपुर तिराहे पर डीजे की गाड़ी मोड़ने को लेकर रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें आदेश पुत्र बृजेश सिर में लाठी लगने से चोटिल हो गया। युवक को घायल अवस्था में स्वार अस्पताल भेजा गया है।


भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन को लेकर जाते भक्त। ● अमृत विचार


दो पक्षों में हुए विवाद के बाद घायल युवक।

# बिजली कर्मचारी सुधारें अपना रवैया : भानु

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **किसी भी हालत में किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत नैनीताल रोड बिलासपुर गेट निकट कार्यालय पर हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि बिजली निगम अपनी मनमानी कर रहा है। आएदिन बिजली की कटौती, घरेलू बिजली बिलों में अनियमितता जैसी समस्याओं से किसान परेशान है। ताशका निवासी लोगों से स्टीमेट के नाम पर पोल लगाने के नाम पर उगाही की मांग हो रही है।

पंचायत में कहा कि लोग अंधेरे में सो रहे हैं लेकिन, बिजली निगम के अधिकारी गरीब किसान मजदूर को निशाना बना रहे हैं। निगम के अधिकारी अपना रवैया सुधार लें और शिकायत का सप्ताह के भीतर निस्तारण कर दें नहीं तो पहाड़ी गेट बिजलीघर की तालाबंदी कर आंदोलन किया जाएगा। किसानों पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पंचायत में वीरेंद्र गंगवार, विजय पाल, शहीद खां, फरीद खां, बाबर खां, वाजिद अली, गुड्डू पाशा, फाजिल अंसारी, सलमान अली, मोहम्मद सऊद, मुताहिर खां, परवेज खां, जुनैद खां, मोहम्मद वसीम, नाजिम खां, शिव जी आदि मौजूद रहे।

**धर्मकर्म** | **गुलाल खेलते, भजन गाते भाखड़ा डैम तक पहुंचे श्रद्धालु, जयकारे लगाकर किया विसर्जन**

# बिलासपुर में धूमधाम से किया गणपति प्रतिमा का विसर्जन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर में धूमधाम के साथ गणेश महोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना आदि जयकारों के बीच विसर्जन यात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने भाखड़ा डैम पर पहुंचकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

मोहल्ला सिनेमा स्थित मां दुर्गा भवानी मंदिर में 11 दिन पहले भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की थी। शनिवार को 11वें दिन भगवान गणेश का विधि-विधान के साथ पूजन किया। आरती के बाद गणेश प्रतिमा को भाखड़ा डैम में विसर्जित करने के लिए धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। इस मौके पर राजेश मुन्ना, प्रकाश चंद्र, सोनू कश्यप, सुरेश, राजाराम कश्यप, चमन कश्यप, गौरव, आशु, ओमप्रकाश, गोविंद राम रहे। साहूकारा स्थित माता महाकाली मंदिर से बिलासपुर महाराजा समिति के तत्वावधान में विसर्जन यात्रा निकाली। जो मोहल्ला साहूकारा, पंजाबी कालोनी, शांति कालोनी कैनाल मार्ग, रामपुर रोड, मुख्य चौराहा, नैनीताल हाईवे से होकर भाखड़ा डैम पर पहुंची। समिति के पदाधिकारी द्वारा पूजा-अर्चना किए जाने के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जन किया। इस मौके पर हर्ष रावत, लक्ष्य यादव, विनोद राजपूत, शिवम अग्रवाल, मोहित राठौर, यश राठौर, राघव राजपूत, शिवम शर्मा, आकाश सुमन रहे। सुरक्षा के मद्देनजर रविंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, ललित कुमार, उपनिरीक्षक अमित सिंह, उपनिरीक्षक योगेश कुमार, उपनिरीक्षक संजय तेवतिया रहे।


गणेश भगवान की प्रतिमा को विसर्जन को ले जाते भक्त। ● अमृत विचार

## रामगंगा घाट पर किया विसर्जन

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर में अलग-अलग स्थानों पर गणपति बप्पा की स्थापना की गई थी। सप्ताह भर मंदिरों पर गणेश उत्सव मनाया गया। जिसके बाद शनिवार को धूमधाम से गणेश भगवान की विदाई की गई। विदाई से पूर्व दोपहर के बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ मोहल्ला बरबालान, मोहल्ला नालापार व मनोकामना शिव मंदिर से हुआ, जिसके बाद बजरंग चौक से, मेन मार्केट होते हुए बिलारी अड्डे, रामपुर रोड पर शोभायात्रा का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य कर रहे थे। मूर्ति विसर्जन के लिए भक्त रामपुर चुंगी होते हुए रामगंगा घाट के लिए रवाना हुए, जहां भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन विसर्जन किया गया। विसर्जन में वेदप्रकाश चंद्रवंशी, हर्षित माली, रोहित कुमार राम, दीपक भारद्वाज, अर्जुन बरनवाल, रिंकू प्रजापति, सुमित बरनवाल, शिवा, मनीष, मन्नू, मोतलाल, सोनू गुप्ता, अनिल, पवन पाण्डेय, गोलू, शेखर बरनबाल, विक्की मौजूद रहे।


गणेश विसर्जन यात्रा में शामिल भक्त।

# गजानन की प्रतिमा का किया विसर्जन


कोसी नदी में गणेश भगवान के विसर्जन के दौरान मौजूद श्रद्धालु।


हवन पूजन में मौजूद डीएम और एसपी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री मनु सक्सेना द्वारा डायमंड रोड स्थित गायत्रीपुरम में गणेश भगवान की प्रतिमा को स्थापित किया था। शनिवार को भक्तों ने गणेश भगवान की विसर्जन यात्रा निकाली, जो स्टार चौराहा, सीआरपीएफ होते हुए हाईवे पर कोसी नदी तक पहुंची उसके बाद गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाकर विधिवत विसर्जन किया गया।

विसर्जन यात्रा में ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति-भाव से वातावरण पवित्र हो उठा। इस मौके पर श्री चित्रगुप्त पीठ शाखा के जिला प्रमुख संजीव दयाल सक्सेना, मुकुल सक्सेना, गुंजन सक्सेना, अजय सक्सेना, आशीष सक्सेना, गुंजन सक्सेना, दर्श सक्सेना, मंधन सक्सेना, विनायक सक्सेना, स्वास्तिक सक्सेना, अरविन्द तेजस्व सक्सेना, महेन्द्र साहू, कृति साहू शामिल रहे। इस दौरान 56 भोग का वितरण हुआ। इस मौके पर उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी मौजूद रहीं।

## कोसी मंदिर पहुंचे डीएम-एसपी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्द्रर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने थाना कोतवाली में स्थित चौकी कोसी पर नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सहभागिता की।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिवक्ताओं के चैंबरों से सामान चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को कई अधिवक्ता पुलिस अधीक्षक से मिले। कहा कि 5 सितंबर को ईद-उल-मिलादुन्नबी के मौके पर कचहरी का अवकाश था। इस दौरान चेंबर बंद थे। बगिया में बने चैंबरों से अधिवक्ताओं के पंखे, कूलर, कुर्सियां व जरूरी फाइलें चोरी हो गई हैं। एसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र पर आकाश कुमार, राम कुमार, शैजी खान, रोहित कुमार राठौड़, पर्वत सिंह लोधी, सौरभ जायसवाल, राशिद अली, शोभित चौधरी के हस्ताक्षर हैं।

### महिला प्रशिक्षुओं को किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा पुलिस लाइन में महिला प्रशिक्षुओं की गणना पर उपस्थित रहकर महिला प्रशिक्षुओं को मुख्यालय से आए निर्देशों के बारे में बताया। उनको प्रतिदिन कराए जाने वाले प्रशिक्षण इनडोर, आउटडोर सम्बन्धित विषयों के संबंध में मार्गदर्शन कर दिशा निर्देश दिए।

### समिति ने परिवार को मिलाया

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला थाना में परिवार परामर्श केंद्र पर वैवाहिक जोड़े को फिर से साथ रहने के लिए टीम ने रजामंद किया। परामर्श केंद्र पर पति-पत्नी के विवादों में प्रभारी निरीक्षक अनु तोमर, काउन्सलर नीना साहनी, अवतार सिंह, परवेज खां द्वारा 16 प्रकरणों में काउन्सलिंग कराई गई। समिति द्वारा सुने गए प्रकरणों में से 1 प्रार्थना पत्र पर समझौता हुआ। 3 प्रार्थना पत्र निरस्त किए गए, 2 प्रार्थना पत्रों पर एफआईआर, 4 प्रार्थना पत्र अग्रिम कार्यवाई के लिए विधिक न्यायालय प्रेषित किए गए हैं। 6 प्रार्थना पत्र में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है।

### मारपीट और धमकी देने में चार पर रिपोर्ट

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के मीना बाजार में कूड़ा डालने की बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी। नगर के मोहल्ला नज्जूपुरा निवासी जावेद ने तहरीर देकर कहा कि वह क्रॉकरी की दुकान करता है, कूड़ा डालने को लेकर फिरासत, जैद, बिलाल और रिहान ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। मारपीट में जावेद के मुंह और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आईं। सभी मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला की जमीन हड़पने वाला पकड़ा

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीम नगर पुलिस ने धोखाधड़ी से विधवा की जमीन नाम करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के खिजरपुर गांव का था। गांव निवासी महिला के पति की मौत हो गई थी। आरोप था विधवा के देवर आदि ने राजस्व टीम से साठगांठ कर जमीन को अपने नाम करा लिया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गवाहों समेत 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी वारिस अली को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया पकड़े गए आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# कोसी नदी का जलस्तर हुआ कम

## नदी का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचने पर ग्रामीण जागकर काट रहे थे रातें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोसी नदी का जलस्तर शनिवार को कम हुआ है। कोसी नदी का जलस्तर कम होने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचने पर ग्रामीणों ने रातों को जागना शुरू कर दिया था। क्योंकि उत्तराखंड के रामनगर बैराज से शाम को छोड़ा गया पानी रामपुर में रात तक पहुंचता है। दढ़ियाल बांध पर खतरे का निशान 209.69 मीटर है जिसके सापेक्ष शनिवार को कोसी नदी का बहाव 208.10 मीटर पर हुआ। जल स्तर घटने के बाद नदी ने कटान करना शुरू कर दिया है।

रामनगर बैराज से शनिवार सुबह 8 बजे कोसी नदी में 8333 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दढ़ियाल बांध पर कोसी का जल स्तर घट गया। दढ़ियाल बांध पर खतरे का निशान 209.69 मीटर है जिसके सापेक्ष कोसी नदी का बहाव 208.10 मीटर पर हुआ। जलस्तर घटने के बाद कोसी नदी ने अपने किनारों पर कटान करना शुरू कर दिया है। नहर खंड के अधिकारियों ने मंदिर और मस्जिदों से ऐलान कराया कि कोसी नदी कटान कर रही है इसलिए लोग कोसी नदी के आसपास नहीं जाएं। कहा कि अपने मवेशियों को गांव के तालाबों में नहला दें। कोसी की ओर जाने में खतरा हो सकता है।



कोसी नदी का जल स्तर घटने से स्वार रोड स्थित उर्दू कालोनी में भी कोसी का पानी खत्म होने लगा है। ● अमृत विचार

- दढ़ियाल बांध पर 209.69 मीटर के सापेक्ष 208.10 मीटर पर रहा बहाव

> कोसी नदी का जल स्तर शनिवार को घट गया है। पहाड़ों पर बारिश थमने से नदियों की स्थिति सामान्य होने लगी है।
> -नवीन कुमार, एक्सईएन नहर खंड

### बारिश से मौसम खुशगवार

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवर शाम झमाझम बारिश होने से मौसम खुशगवार हो गया। मानसून की झमाझम बारिश के बाद शाम को उमस से लोग पसीना-पसीना हो गए। कलेक्ट्रेट के सामने राहे रजा पर जल भराव हो जाने के कारण तेज रफ्तार वाहनों से दोपहिया वाहन चालक तर-बतर हो गए। शनिवार सुबह धूप निकलने के कुछ देर बाद बादलों ने सूरज को अपने आगोश में ले लिया और काली घटा घिर आई। शाम करीब 4 :30 बजे से 5 बजे तक झमाझम बारिश हुई। बारिश से प्रकृति भी खिल उठी है। बारिश रुकने के बाद उमस बढ़ गई जिसके कारण लोग पसीना-पसीना होते रहे। शनिवार शाम को भी आसमान में बादल घिरे हुए हैं।

### लववीर सिंह दूसरी बार बने जिलाध्यक्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीरियल एसो. का द्विवार्षिक चुनाव चुनाव अधिकारियों इमरान अहमद, नरेन्द्र कुमार सक्सेना, राजवीर एवं पदमनाभ त्रिवेदी, हेमन्त कुमार गुजर व प्रान्तीय अनुशासन समिति के सचिव लीलापथ की उपस्थिति में हुआ।

जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर दो नामांकन लववीर सिंह एवं रामप्रसाद के प्राप्त होने व जिला मंत्री पद पर दो नामांकन मोहम्मद कासिम खां एवं रामकिशन के प्राप्त होने पर मतदान कराया। जिलाध्यक्ष पद पर लववीर सिंह को 28 एवं रामप्रसाद को 12 मत प्राप्त हुए। जिलामंत्री पद पर मोहम्मद कासिम खां को 27 मत एवं राम किशन 13 मत प्राप्त हुए।

जिला मंत्री पद पर मोहम्मद कासिम खां को विजयी घोषित किया। कार्यकारी अध्यक्ष मुजतबा अली निर्विरोध चुने गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शुभम सिंह निर्विरोध, उपाध्यक्ष यशवीर सिंह, निर्विरोध, जिलामंत्री मोहम्मद कासिम खां बने। संयुक्त मंत्री सौरभ सक्सेना निर्विरोध, संगठन मंत्री,जसविन्दर सिंह निर्विरोध, कोषाध्यक्ष तरनप्रीत सिंह खुराना निर्विरोध, सम्प्रेक्षक दीपक बाबू सक्सेना को निर्विरोध चुना गया।

# प्रेमी से शादी करने पर अड़ी विवाहिता, पति ने दी इजाजत

संवाददाता, सैफनी

- विवाहिता ने प्रेमी के खिलाफ 10 दिन पहले दी थी तहरीर
- अब प्रेमी साथ रखने से कर रहा है इनकार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां विवाहिता अपने पति और ससुराल छोड़कर प्रेमी के साथ जाना चाहती है। मामले में विवाहिता का पति और उसके घरवाले भी उसकी इच्छा अनुसार विवाहिता को उसके प्रेमी के साथ जाने पर राजी हो गए हैं।

विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में अपने प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि उसका प्रेमी लंबे समय से उसे ब्लैकमेल कर संबंध बनाता आ रहा है। आरोप है कि उसके प्रेमी ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ संबंध बनाए थे। उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वह वीडियो दिखाकर उसे लगातार धमकाता रहा और बार-बार संबंध बनाने को मजबूर करता रहा। महिला का कहना है कि इस ब्लैकमेलिंग और दबाव के चलते वह प्रेमी के चंगुल में फंसती चली गई। धीरे-धीरे उसने अपनी शादीशुदा जिंदगी को नजर अंदाज कर दिया और प्रेमी के भरोसे भविष्य बनाने के सपने देखने लगी। इसी दौरान वह गर्भवती भी हो गई। पति को पत्नी के गर्भ में किसी और का बच्चा होने की बात पता लगी तो उन्होंने खुद पत्नी को प्रेमी के साथ जाने की अनुमति दे दी। इसके बाद से यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। लेकिन,अब प्रेमी विवाहिता को साथ रखने में आनाकानी कर रहा है। विवाहिता का आरोप है कि जब उसने प्रेमी से साथ चलने की बात की तो वह मुकर गया। जिसके बाद महिला ने थाने जाकर कहानी पुलिस को बताई। उसने प्रेमी के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं। वहीं 28 अगस्त को महिला द्वारा दी गई तहरीर पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

# युवक की मौत के बाद झोलाछाप पर रिपोर्ट

संवाददाता, पटवाई

**अमृत विचार :** पटवाई स्थित निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान युवक की मौत के बाद परिजनों ने झोलाछाप पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने झोलाछाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक को सील कर दिया है।

घटना शुक्रवार दोपहर को पटवाई के वैभव हॉस्पिटल में हुई थी। जब मड़ैयान बूढ़पुर असालतपुर निवासी ओमप्रकाश उम्र 23 को उनके भाई शेर सिंह इलाज के लिए लाए थे। शेर सिंह के अनुसार उनके भाई की तबियत खराब थी। क्लीनिक में झोलाछाप विधान चंद्र विश्वास ने ओमप्रकाश को कई इंजेक्शन लगाए। जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई उनका पेट फूलने लगा। परिजनों ने उन्हें स्थिति से अवगत कराया था लेकिन आरोप है कि उन्होंने इलाज जारी रखा, जिससे ओमप्रकाश ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई शेर सिंह का आरोप है कि विधान चंद्र विश्वास के पास इलाज करने की कोई वैध डिग्री नहीं है और उनकी लापरवाही के कारण ही उनके भाई की जान गई। उन्होंने यह भी बताया कि झोलाछाप पर पहले भी इस तरह के मामले दर्ज हो चुके हैं। इस मामले में विधान चंद्र विश्वास ने आरोपों से इंकार किया है। उन्होंने दावा किया कि जब मरीज उनके पास आया, तो उसकी हालत गंभीर थी। उन्होंने मरीज की स्थिति देखते हुए इलाज करने से इनकार कर दिया था और परिजनों से उसे हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी थी। परिजन मरीज को रिक्शे में ही लिटाए रहे, जिसके कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

थाना पटवाई के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, घटना के दिन से ही विधान चंद्र विश्वास को पुलिस ने हिरासत में ले रखा है, लेकिन थाना प्रभारी इस बात से इनकार कर रहे हैं।




अस्पताल को सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

> मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी कार्रवाई की है। वैभव हॉस्पिटल को सील कर दिया है। मामले की जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. केके चहल, एसीएमओ

### महिलाओं को उत्पीड़न से सुरक्षा देता है कानून

**रामपुर, अमृत विचार :** संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन के तहत सितंबर में 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं का कार्यालय स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 का कानून महिलाओं को सुरक्षा कार्यालय स्थल देने के उद्देश्य है। यह कानून वर्ष 2013 में बनाया था।

जिला अस्पताल के वन स्टॉप सेंटर और विकास भवन में कार्यक्रम में टीम के सदस्यों ने कहा कि यदि महिला शिकायत करने में सक्षम नहीं है। तो महिला के साथ होने वाली घटना की शिकायत घटना को जानने वाला व्यक्ति महिला कोई रिश्तेदार या उसके साथ काम करने वाला व्यक्ति महिला की सहमति से लिखित में कर सकता है। वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक चांद बी, मनोसामाजिक परामर्शदाता चारु चौधरी कैस वर्कर स्वाति चौधरी एवं डॉ. कुलदीप चौहान आदि रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केमरी थाना क्षेत्र में हादसे में बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को दे दिया।

केमरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी 30 वर्षीय नाजिम पेशे से चालक था। वह शुक्रवार को किसी काम से शहर बाइक से आया था। काम निपटाने के बाद वापस घर को जा रहा था। केमरी रोड पर चमरौआ के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से नाजिम की बाइक टकरा गई। वह घायल कर होकर जमीन पर गिर गया था। हादसे के बाद आसपास के लोग आ गए। सूचना के बाद पुलिस आ गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

### वाहन ने ग्रामीण को मारी टक्कर, मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक थाना क्षेत्र के गांव परम का मझरा पट्टी मिलक निवासी सालिक राम उम्र 30 हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम को वह किसी काम से मिलक आया था। काम निपटाने के बाद वह घर जा रहा था कि रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोग उसे अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

### दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष की सजा

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया। शनिवार को कोर्ट ने दोषी को 20 वर्ष की सजा और 30 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। 25 हजार रुपये पीड़िता को कोर्ट ने देने के आदेश दिए हैं।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना था कि वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करती थी। वहीं पर मोहम्मद आसिक नाम का युवक काम करता था। महिला का कहना है।13 जुलाई 2022 को वह उसकी बेटी का अपहरण करके ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। जिसमें मंगलवार को कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया था। एडीजीसी प्रमोद सागर ने बताया कि दोषी कोर्ट ने 20 वर्ष की सजा और 30 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

### सरकारी भूमि पर कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन

**स्वार, अमृत विचार :** सरकारी भूमि कब्जाकर लेने पर पानी निकासी की समस्या उत्पन्न होने पर ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल और दबंगों के खिलाफ प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर भूमि को कब्जा मुक्त कराकर समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

भगवंत नगर में जलमग्न भूमि गाटा 165, 167, 168 अभिलेखों में दर्ज है। गांव के कुछ दबंगों ने भूमि को अपने नाम करा लिया है। अवैध कब्जा कर लिए जाने से ग्रामीणों को पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीण तहसील पहुंचे और हलका लेखपाल और दबंगों के खिलाफ प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर तहसीलदार आकाश संत को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने लेखपाल एवं दबंगों के खिलाफ जांच कराकर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में नत्थाराम कंबोज, हिफ्जे अली, इंकार अली, कीर्ति सिंह, मोदीराम, राशिद, सतनाम चंद, अख्तर, इरफान, जगत सिंह रहे।

# संयम, ब्रह्मचर्य पालन का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दशलक्षण महापर्व का दसवां और अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस के रूप में मनाया गया। शहर के मोहल्ला फूटा महल स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर और राहे मुर्तजा स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर आत्मानुशासन, संयम और ब्रह्मचर्य का पालन करने का संकल्प लिया। मंदिर परिसर में धार्मिक ग्रंथों का पाठ और ध्यान-धारणा का कार्यक्रम हुआ।

इंदौर से आई ब्रह्मचारिणी बबीता एवं ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी ने कहा कि ब्रह्मचर्य इंद्रिय-निग्रह नहीं बल्कि, विचार, आचरण और आत्मसंयम का श्रेष्ठ मार्ग है। शास्त्री अंकित जैन ने कहा जब मन विषयों से मुक्त होकर संयम में स्थिर होता है, तब ही आत्मा की वास्तविक शक्ति प्रकट होती है। धार्मिक प्रवचनों के पश्चात मंदिरों में मंगल आरती हुई। दशलक्षण पर्व का दसवां दिन उत्तम ब्रह्मचर्य का संदेश देते हुए श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन की प्रेरणा का केंद्र बन गया। मंदिरों में उमड़ी भीड़, विद्वानों के प्रेरक विचार, बच्चों की प्रस्तुतियां और आरती की आलौकिक छटा ने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।



जैन मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्त। ● अमृत विचार

- श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर और श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुई पूजा अर्चना

### आज निकलेगी श्री जी की शोभायात्रा

रविवार को शहर के मोहल्ला फूटामहल स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। यह शोभायात्रा नगर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करेगी। मुख्य मार्गों से होते हुए शोभायात्रा पुन: मंदिर में लौटकर सम्पन्न होगी।

## न्यूज डायरी



### डीएम,एसपी ने थाने का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ थाना गंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाने में मौजूद सभी जब्त वाहनों की नीलामी करा दी गई है। वर्तमान में कोई भी वाहन नीलामी के लिए लंबित नहीं है। जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए निरंतर प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनें। उनका त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं।



### शिक्षकों को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** शिक्षक दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री विचार मंच ने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी रुचि रखने वाले शिक्षकों को शाम के समय उनके घर जाकर सम्मानित किया। उनसे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को लगातार करते रहने का अनुरोध किया, स्वागत किए जाने वाले शिक्षकों में प्रति कुलश्रेष्ठ, अवधेश सिन्हा, महेंद्र सक्सेना, आलोक सक्सेना, अंजुम स्नेही तथा सौरभ सक्सेना हैं। इसके अलावा किड्स गार्डन जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक दिलीप सक्सेना तथा श्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन के स्वामी सच्चिदानंद महाराज को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आदर्श सक्सेना, हरिओम सक्सेना, संदीप कुलश्रेष्ठ, हर्षित सक्सेना तथा आशुतोष मौजूद रहे।



### सपा का शिष्टमंडल सांसद से मिला

**टांडा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी का शिष्टमंडल सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी से उनके कैंप कार्यालय मिला। इस दौरान टांडा में राजकीय डिग्री कॉलेज तथा बदहाल सड़कों के निर्माण की समस्या रखी। सांसद ने जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। समाजवादी कार्यकर्ताओं ने सांसद से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने नगर की तमाम समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा। नगर की इतनी बड़ी आबादी के बावजूद यहां कोई भी डिग्री कॉलेज नहीं है, कई वार्डों की सड़कें भी टूटी फूटी हुई हैं। मोहम्मद फारूक ने सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों और राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षकों की कमी की ओर ध्यान दिलाया। सांसद ने आश्वासन दिया कि डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए सरकार को पुन: रिमाइंडर भेजा जाएगा।



### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष ने देखी लाइब्रेरी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरिया ने शनिवार को शहीद भाई सतीदास एवं मतीदास म्यूजियम और लाइब्रेरी देखी। वहां मौजूद धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहरों को अमूल्य बताया। कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 साला शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में उनके परम शिष्य सतीदास व मतीदास से जुड़ीं उनकी विरासत को निहार पाना उनके जीवन के अमूल्य क्षण हैं, जिन्हें वह कभी नहीं भूल सकते। आयोग के पूर्व अध्यक्ष पूर्वान्ह करीब 11 बजे दिल्ली से उत्तराखंड जाते समय माटखेड़ा रोड स्थित भाई अजीत सिंह के म्यूजियम पर रुके थे। इस अवसर पर कुलवंत सिंह औलख, गुरकीरत औलख आदि रहे।

# दहेज में 10 लाख के लिए बनाया बंधक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- तहरीर के आधार पर पति सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दहेज में 10 लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला को बंधक बना लिया। जानकारी मिलने के बाद मायके वाले पहुंच गए। उसके बाद उसको छुड़ाकर लाए। तहरीर के आधार पर सिविल लाइंस पुलिस ने पति सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला का ससुर नैनीताल में बालिका से दुष्कर्म में मौजूदा समय में जेल में बंद है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि उसकी शादी 3 फरवरी 2023 को नैनीताल के थाना मल्लीताल के चीन बाबा का मंदिर निवासी उस्मान खान ठेकेदार के बेटे उमरान खान से हुई थी। महिला के मायके वालों ने दान दहेज ससुरालियों को दिया था। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ सही चलता रहा लेकिन, पिछले आठ माह से महिला के ससुराली कम दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करते चले आ रहे हैं। इस बीच उसके ससुर उस्मान खान ने एक बालिका के साथ दुष्कर्म किया था,जोकि नैनीताल जेल में बंद है। इस घटना के बाद से महिला का पति उसको मायके ले आया था। उसके बाद वह हल्द्वानी ले गया था। उसको किराये के मकान में रख रहा था। महिला का कहना है कि ससुराली उससे 10 लाख दहेज में मांग रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके जेठ उसके साथ छेड़खानी करने लगा। 3 सितंबर को आरोपियों ने महिला को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। महिला ने किसी तरह से अपने मायके वालों से संपर्क साधा, उसके बाद परिजन उसको ले आए। पीड़िता ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने महिला के पति उमरान खां, कासिम खान, हुस्न बेगम, तुरन्नुम, उस्मान खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चित्रगुप्त इण्टर कालिज मुरादाबाद में सहायक पद हेतु आवेदन सूचना
पद का नाम- सहायक लिपिक 01 पद (अनारक्षित श्रेणी) वेतन मान - (5200-20,200 ग्रेड पे - 2000 लेवल-3 पे मेट्रिक्स 21,700 से 69,100)शैक्षिक अहर्ता - इण्टरमीडिएट या समकक्ष तथा डोएक/नीलेट द्वारा सी.सी.सी. प्रमाण पत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा / डिग्री तथा प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिक परसेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभियर्थी प्रश्नगत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे तथा कंप्यूटर पर हिंदी टंकण तथा अंग्रेजी टंकण आयु सीमा 1जुलाई 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष । आवेदन शुल्क सामान्य श्रेणी के लिए रुपये 750 तथा अ.ज./जनजा/ईडब्लूएस के लिए रु 500 आवेदन निर्धारित प्रारुप पर दिनांक 27.09.025 तक प्रबंधक चित्रगुप्त इन्टर कालिज मुरादाबाद के पद नाम से निर्धाति शुल्क का बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक) संल्गन करते हुए, इसी पते पर स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें । आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि संल्गन करेंगे। आवेदन पत्र जि.वि.नि. मुरादाबाद की ईमेल आईडी moradabaddios@gmail.com पर भी प्रषित करेंगे। सम्पूर्ण जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाईट https://www.cicmbd.ezyro.com पर दिशा निर्देश तथा आवेदन पत्र का प्रारुप उपलब्ध है।
प्रबंधक चित्रगुप्त इन्टर कालिज मुरादाबाद

### तुरैहा मछुआ समाज की बैठक आज

**रामपुर, अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा ने बताया रविवार को बैठक का आयोजन संतोषी माता मंदिर बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर 11 बजे होगा।

# लाठी-डंडों और तमंचों से हमला करने में चार नामजद

संवाददाता, सैफनी

- जुलूस के दौरान हुआ था बवाल, पुलिस तैनात

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में शुक्रवार शाम को दो पक्षों में हुई मारपीट और फायरिंग में गांव में अफरातफरी मच गई थी। जिसमें एक परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चार नामजद व कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित पक्ष के शमशाद पुत्र मदारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम उसके चाचा उमर अली मोटर साइकिल से जा रहे थे। रास्ते में कीचड़ उछलकर महबूब पुत्र इमामी पर लग गई। इसी को लेकर कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। जिसके बाद नन्हें पुत्र अली हुसैन, राशिद पुत्र आले हसन, शेर अली पुत्र चिराग अली और अनीस पुत्र शौकत अपने साथियों के साथ लाठी-डंडे और तमंचे लेकर मौके पर पहुंचे थे। अचानक हमला बोलते हुए उन्होंने पीड़ित पक्ष को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। राशिद ने तमंचे से फायर कर दहशत फैला दी। हमले में शमशाद का भाई उस्मान, चचेरा भाई सलमान, यूसुफ अली और चाचा नन्हू घायल हो गए चारों को गांव अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

सूचना पर पुलिस भी गांव पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। घायलों के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों पक्षों में पहले भी विवाद हो चुका है।

# 12 दिन बाद हैंडलूम कारोबारी का शव कब्र से निकाला

## पोस्टमार्टम के लिए भेजा, आत्महत्या के लिए उकसाने में आठ लोगों पर दर्ज है रिपोर्ट, कमरे में फंदा लगा दे दी थी जान

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र में हैंडलूम कारोबारी गुफरान की आत्महत्या के मामले में अब 12 दिन बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत उनका शव कब्र से बाहर निकाला गया है। मुरादाबाद व अमरोहा की फोरेंसिक टीम की देखरेख व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शव को कब्र से निकाला गया। इस दौरान मौके पर भीड़ जुटी रही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


शव को कब्र से निकलवाती पुलिस-प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी अताउल्लाह का 32 वर्षीय बेटा गुफरान हैंडलूम कारोबारी था। परिवार में पत्नी सबीना के अलावा दो बेटियां हैं। गुफरान घर में ही एक दुकान में हैंडलूम का कारोबार करता था। कुछ दिन से मोहल्ला कोट का रहने वाला फजल अहमद, मोहल्ला सराय कोहना का रहने वाला सोनू कबाब वाला, बब्लू व मोहसिन, मोहल्ला चाहमुल्लान का रहने वाला अय्यूब बावर्ची, मोहल्ला बटवाल का रहने वाला तंजीम बेग, मोहल्ला तलवार शाह का रहने वाला सलीम और घर में ही रहने वाली उसकी सगी भाभी सना गुफरान को तरह-तरह से प्रताड़ित कर रहे थे।

24 अगस्त की शाम को आरोपी फजल ने पुलिस की मदद से गुफरान से दुर्व्यवहार किया। फजल ने दरोगा के सामने ही गोली मारने की धमकी तक दे डाली। बेइज्जत करते हुए आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। शाम करीब पांच बजे गुफरान ने घर में कमरा अंदर से बंद कर लिया और पंखे पर दुपट्टा बांधकर फंदा लगा लिया। पत्नी ने आवाज लगाई तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। परिजन कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो फंदे पर गुफरान शव लटका मिला।

पूरे प्रकरण से अंजान परिजनों ने अगले दिन गुफरान का शव सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था। घर लौटने के बाद परिजनों ने गुफरान का मोबाइल चेक किया तो उसमें 1.05 मिनट का एक वीडियो मिला। जिसमें गुफरान ने अपनी मौत के लिए फजल, सोनू कबाब वाला, बबलू, मोहसिन, अय्यूब बावर्ची, तंजीम बेग, सलीम और सना को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया। वीडियो और सुसाइड नोट देख परिजनों के होश उड़ गए थे। पुलिस ने मामले में मृतक की भाभी समेत आठ आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने की गुहार लगाई। न्यायिक प्रक्रिया के बाद शनिवार को मोहल्ला तलवार शाह स्थित कब्रिस्तान से गुफरान का शव कब्र से बाहर निकाला गया। इस दौरान तहसीलदार विजय श्याम दूबे, नगर कोतवाल पंकज तोमर भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। वही शव को कब्र से बाहर निकलता देख मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। शव बाहर निकालने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने विशेष जांच टीम का गठन किया है। पुलिस ने अभी तक केवल मृतक की भाभी को ही जेल भेजा है।अन्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

- 1.05 मिनट के वीडियो में कई लोगों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

> न्यायिक प्रक्रिया के तहत शव को कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में मृतक की भाभी सहित आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – पंकज तोमर, प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली अमरोहा


शव कब्र से निकालने के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### कार की छत पर युवाओं ने किया स्टंट

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर कार की छत पर बैठे युवक का स्टंट करते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो नेशनल हाईवे पर गजरौला स्थित ख्यालीपुर ढाल के पास का बताया जा रहा है। सफेद रंग की कार की छत पर बैठक कर युवक स्टंट करता दिखाई दे रहा हैं। वहां मौजूद किसी युवक ने वीडियो बनाकर शनिवार को वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जल्द ही युवक समेत कार को हिरासत में ले लिया जाएगा।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हसनपुर की एक बैठक संगठन के अध्यक्ष मनोज गोयल के प्रतिष्ठान पर हुई। इसमें 10 सितंबर को एटा में होने वाली बैठक के विषय में चर्चा हुई। जीएसटी संशोधित के लिए भी भारत सरकार को धन्यवाद करतल ध्वनि से किया गया। संचालन नगर महामंत्री विवेक शर्मा ने किया। जिला महामंत्री अमित अग्रवाल उर्फ निकू, नगर उपाध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल, अनुज शर्मा, वेद प्रकाश अग्रवाल, नगर मंत्री मो इमरान, मो आसिफ, मो महमूद, कासिम राजा, कपिल शर्मा, उदित अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### तीन घंटे बाधित रहेगी ढबारसी व गारवपुर गांव की बिजली

**ढबारसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा पेड़ों की टहनियों की छंटाई की जाएगी। जिसके कारण रविवार को ढबारसी व गारवपुर बिजलीघरों की आपूर्ति दोपहर 12 बजे 3 बजे तक बाधित रहेगी। उप खण्ड अधिकारी द्वितीय ने बताया कि बरसात में कुछ पोल टेढ़े हो गए हैं जिन्हें सीधा किया जाएगा तथा विद्युत लाइनों से टकराने वाले हरे पेड़ों की छंटाई कार्य किया जाएगा।

### महिला की मौत, मदार हेल्थ केयर सेंटर सील

**हसनपुर, अमृत विचार :** पूठ अड्डे के निकट मदार हेल्थ केयर सेंटर में एक महिला की ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ने से मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया। चिकित्सक फरार हो गया था। हालांकि, बाद में कुछ स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। घटना के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मदार हेल्थ केयर सेंटर को सील कर दिया है।

# फैक्ट्री कर्मचारी से 83,999 की ठगी पुलिस जांच में जुटी

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर निवासी ओमप्रकाश सिंह पुत्र नन्हू सिंह साइबर ठगी का शिकार हो गए। पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामला दर्ज कराया है।

ओमप्रकाश सिंह ने 5 सितंबर की सुबह 3.23 बजे मोबाइल पर अपना खाता देखा तो उनके होश उड़ गए। खाते में से तीन बार में 83999 रुपए किसी ने उड़ा लिए थे। ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि उन्हें किसी भी प्रकार की कॉल एवं कोई भी मैसेज नहीं आया। उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने तुरंत बैंक और पुलिस को सूचना दी। शनिवार की सुबह इस मामले में ओम प्रकाश सिंह ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वे तकनीकी मदद से ठगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि ऑनलाइन ठगी करने वाले नए-नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। पीड़ित ओम प्रकाश सिंह काशीपुर स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करते हैं।

# ठेकेदार की मौत के जल्द खुलासे की परिजनों की मांग

संवाददाता, गजरौला

- शिक्षकों के साथ प्रभारी निरीक्षक से मिला मृत ठेकेदार का पिता

**अमृत विचार:** ठेकेदार की मौत का खुलासा नहीं होने पर उसके परिवार वालों ने शिक्षकों के साथ थाने का घेराव कर प्रभारी निरीक्षक से जल्द ही खुलासा करने की मांग की है। ठेकेदार व उसकी कार के चालक का शव तीन माह पहले बंद घर में मिला था। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर जांच नहीं करने का आरोप लगाया।

शहर के मोहल्ला शुक्लपुरी निवासी दीपक उर्फ देवऋषि गौतम (42) पुत्र अतरपाल सिंह सिंचाई विभाग में ठेकेदार थे। उनका शहर के मोहल्ला अवंतिका नगर में दूसरा मकान है। उसमें दीपक ने कार्यालय बना रखा है। गांव चौबारा निवासी इंद्रपाल (40) पुत्र जबर सिंह दीपक की कार का चालक था। 29 मई की सुबह बंद घर में ठेकेदार व उसके चालक का शव पड़ा मिला था। घटना को तीन माह बीत जाने के बाद भी दोनों की मौत पहेली बनी है। ठेकेदार के पिता हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। शनिवार को पीड़ित परिवार ने शिक्षकों के साथ थाने पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से मिलकर घटना का खुलासा जल्द ही किए जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया विसरा रिपोर्ट आने पर घटना जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। पृथ्वी सिंह, जयवीर सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, सुरेश चंद्र मौर्य, उदयभान सिंह, मोहम्मद यासीन, चंद्रपाल सिंह, पीतम सिंह, देवेन्द्र पाल सिंह, एडवोकेट बृजपाल, जयवीर सिंह, प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, चंद्रपाल सिंह, आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

**गजरौला, अमृत विचार:** हाईवे पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उनका पति घायल हो गया।

बिजनौर के गांव झज्जूपुरा निवासी जाकिर अपनी 40 वर्षीय पत्नी फातिमा के साथ दिल्ली में रहता है। उनकी बेटी की शादी गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चौहड़पुर में हुई है। शनिवार को बेटी की ससुराल में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पति-पत्नी बाइक से आ रहे थे। ब्रजघाट में गंगा पुल पर पीछे से आए वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। फातिमा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जाकिर गंभीर रूप से घायल हो गया। ब्रजघाट पुलिस चौकी प्रभारी नितेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पहले दिन कड़ी सुरक्षा में हुई पीईटी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- दोनों पालियों में 4414 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी
- सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई

**अमृत विचार:** प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के पहले दिन दो पालियों में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। पहले दिन की दोनों पालियों में 4414 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को लेकर सुबह से ही कड़े इंतजाम थे। डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर का दौरा कर परीक्षा का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्र की निगरानी की गई।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित आंनद।

शनिवार को जिले के 14 केंद्रों पर प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) आयोजित की गई। परीक्षा को पुलिस प्रशासन की ओर से सुबह से ही कड़े इंतजाम रहे। स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों पर नजर बनाए रहे। इसके साथ ही सभी केंद्रों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई ताकि अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो। सुबह दस बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई पहली पाली की परीक्षा 12 बजे तक चली। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा तीन से पांच बजे तक हुई। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश पत्र देखने व चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को एंट्री मिली। पहली पाली के लिए 6336 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें केवल 4039 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 2297 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में 6336 अभ्यर्थियों में से 429 ने परीक्षा दी जबकि 2117 अभ्यर्थी अनपुस्थित रहे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने कहा कि गणित के सवालों ने मुश्किल पैदा की। वहीं डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने भी जेएस इंटर कॉलेज समेत अन्य परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। बता दें कि परीक्षा आज 7 सितंबर को भी आयोजित की जाएगी।


परीक्षा केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# युवक की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार:** थाना सैदनगली क्षेत्र में अल्युमिनियम कारीगर की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उसका शव एक मेंथा फैक्ट्री के पास मिला। एएसपी सीओ सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। उसके चेहरे पर तेजाब पड़ा मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मृतक जीशान।

कस्बा उझारी के मोहल्ला कुम्हारान निवासी जीशान(22 वर्ष) पुत्र अनीस शुक्रवार की शाम तीन बजे से लापता था। शनिवार को उसका शव इकोंदा रोड पर स्थित एक मेंथा फैक्ट्री के नजदीक पड़ा मिला। मृतक के सिर पर गहरे घाव मिले हैं। धारदार हथियार से हत्या की गई है। उसकी मोटरसाइकिल पास ही स्थित तालाब में पड़ी मिली। रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत तथा थाना प्रभारी विकास सहरावत भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने भी मौका मुआयना किया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिय है। मृतक के भाई इस्लाम ने बताया कि जीशान दिल्ली में अल्युमिनियम का कार्य करता था। शुक्रवार को करीब तीन बजे उसके पास किसी का फोन आया था। इसके बाद वह घर से चला गया था। पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। परिवार को सांत्वना दी।


मौका मुआयना करते एएसपी व सीओ। ● अमृत विचार

- तालाब में पड़ी मिली बाइक, शुक्रवार शाम से लापता था

# ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में युवकों ने लहराईं तलवारें

संवाददाता, हसनपुर

- वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में बारावफात के जुलूस के दौरान तलवारें लहराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है।

नगर क्षेत्र में शुक्रवार को बारावफात का जुलूस निकाला गया था। इसी दौरान कुछ युवकों ने हाथों में तलवारें लहराना शुरू कर दिया। घटना का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ युवक तलवारें लहरा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। उन्होंने कहा कि जुलूस के लिए अनुमति ली गई थी, लेकिन उसमें तलवारें लहराने की शर्त नहीं थी। यह कृत्य माहौल खराब करने की कोशिश है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान शुरू कर दी है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। चार युवकों को पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## न्यूज डायरी

### भारतीय किसान यूनियन खालसा की बैठक



**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन खालसा की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह ने चौधरी रवि पाल सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया। चौधरी रवि पाल सिंह ने कहा कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर अन्य राज्यों में यूनियन की विचारधारा को पहुंचाने का काम करूंगा। भारतीय किसान यूनियन खालसा का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत व नशा मुक्ति और किसानों को राहत दिलाना है। किसानों के बीच एकजुटता की कमी है। मोहसीन बेगम को जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अल्पसंख्यक अमरोहा और इमरान शेख को जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मनोनीत किया गया। चौधरी सत्येंद्र सिंह, यसवीर सिंह, संजीव सिंह, चौधरी सतवीर, इमरान खान, मोहसीन बेगम, सद्दाम, राजीव, आसिफ, साहिल, पेरू, निशा सोनी, नाजिया, नजमा आदि मौजूद रहे।

### राज्य मार्ग पर जल भराव से ग्रामीणों को रही है परेशानी

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के राज्य राजमार्ग पर जल भराव की समस्या के चलते जहां ग्रामीणों को परेशानी हो रही है, वहीं आवागमन में राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला अधिकारी से कर समाधान की मांग की है। तहसील क्षेत्र के बदायूं बिल्सी बिजनौर राज्य स्तरीय मार्ग पर क्षेत्र के गांव मनौटा एवं सिहाली जागीर में जल भराव की वजह से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण द्वारा बताया गया की बरसात के पानी की निकासी न होने के कारण लंबे समय से समस्या बनी हुई है लगातार पानी भरने से सड़क भी बेकार हो रही है। पानी में भारी बाहर निकलने पर बाइक एवं पैदल चलने वालों पर पानी की बौछार आती है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पूर्व में लोग निर्माण विभाग के अधिकारियों से पूरे मामले की शिकायत की गई थी लेकिन उनके द्वारा कोई भी समाधान नहीं किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस मनाया गया

**सैदनगली, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती और शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेश पाल ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने गीत, भजन और प्रेरक विचारों के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय नेडॉ. राधाकृष्णन के प्रारंभिक जीवन, शिक्षा, उनके आदर्शों, संस्कारों और राष्ट्र प्रेम की भावना को विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से समझाया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कैसे डॉ. राधाकृष्णन ने अपने जन्मदिन को शिक्षकों के प्रति समर्पित कर दिया। उन्होंने छात्रों को शिक्षकों का सम्मान करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर, विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। यह सम्मान शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके अमूल्य योगदान को सराहने के लिए दिया गया।

### 310 ग्राम चरस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**ढबारसी, अमृत विचार :** आदमपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के नेतृत्व जनपद में नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में आदमपुर पुलिस ने ढबारसी भीमा सुल्तानपुर मार्ग पर चक मड़ैया सांथलपुर के निकट भीमा सुल्तानपुर गांव निवासी भूदेव को 310 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि भूदेव पर 18 मुकदमे दर्ज हैं। उसके कब्जे से 310 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख 10 हजार रुपये है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### राष्ट्र सेवी संगठन की बैठक का हुआ आयोजन

हसनपुर, अमृत विचार : शनिवार को राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन तहसील क्षेत्र के ग्राम नगलिया मुंशी में संगठन के संस्थापक सदस्य रूपचंद चौहान के आवास पर किया गया। बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाने को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि अमेरिकन राष्ट्रपति भारत पर तरह तरह के प्रतिबंध लगाकर देश के बढ़ते स्वाभिमान को दबाना चाहते हैं। ऐसे में भारत का प्रत्येक नागरिक अपने देश के साथ खड़ा है। इस अवसर पर खड़क सिंह, सुखदेव शर्मा, ओमपाल सिंह, महिपाल सिंह, रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# उर्दू में योगदान के लिए आरिफा खातून सम्मानित



आरिफा खातून को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर स्थित अब्दुल्ला कॉलोनी के प्राइमरी स्कूल में प्रधानाचार्या आरिफा खातून ने पूरे देश में अपने विद्यालय और परिवार के साथ-साथ हसनपुर का नाम रोशन किया है। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरिफा खातून को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सेवाओं तथा उर्दू में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिल्ली की ग़ालिब अकादमी में सम्मानित कर उर्दू नेशनल अवार्ड प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि चौधरी वासिल अली गुर्जर द्वारा गोल्ड मेडल और शाल प्रदान किया गया। शालिनी अग्रवाल, आसिफा खातून, प्रियंका तथा शिक्षामित्र लुबना खान, विजयपाल सिंह, शाजिया परवीन सहित उनके साथी शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दीं।

# रालोद के बिना नहीं बनेगी कोई सरकार

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी काम कर रहे हैं।



कार्यक्रम में बोलते त्रिलोक त्यागी। ● अमृत विचार

- राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में बताईं पार्टी की नीतियां

उन्होंने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाएं। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल की सहभागिता के कोई सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी अपने दादा पूर्व प्रधनमंत्री चौधरी चरण सिंह और अपने पिता पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह के पद्चिन्हों पर चलते हुए लगातार जनता के लिये काम कर रहे हैं। पार्टी द्वारा पांच राज्यों में एकता यात्रा का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार ने भी पार्टी की नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को मेहनत करनी होगी। प्रदेश महासचिव अटल चौधरी, फईम चौधरी, प्रदेश सचिव ओडी त्यागी, राष्ट्रीय सचिव युवा अभिषेक त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह, मंडलाध्यक्ष सरजीत चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मनवीर चिकारा, हरपाल, योगेन्द्र सिंह, नौगावां सादात चेयरमैन नदीम अब्बास जैदी आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### व्यवसायी कृष्ण अवतार बजाज का निधन

बबराला,अमृत विचार : नगर के प्रमुख व्यवसायी कृष्ण अवतार बजाज (85 वर्ष) का निधन हो गया।



वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार को राजघाट गंगा तट स्थित शांति उपवन में उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। शवयात्रा में नगर के व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न दलों के नेताओं ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। उनके आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का दिनभर तांता लगा रहा।

### गैर इरादतन हत्या में झोलाछाप गिरफ्तार

**जुनावई, अमृत विचार :** झोलाछाप के उपचार से जुनावई थाना क्षेत्र के मेंढौली गांव निवासी 7 वर्षीय बालिका की मौत हो गई थी। मृतका की मां पूजा की तहरीर पर पुलिस ने सैंजना मुस्लिम गांव में क्लीनिक चलाने वाले अनिल कुमार निवासी वशींवाली गली कस्बा बबराला के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्जकर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

### पशु व्यापारी के चार लाख रुपए उड़ाए

**जुनावई,अमृत विचार :** अनूपशहर के मालिकपुर गांव का शानू शनिवार को जुनावई कस्बे की साप्ताहिक बाजार से पशुओं की खरीद फरोख्त करने के लिए पिकअप में चार लाख की धनराशि लेकर चालक के साथ आए थे। धनराशि को चालक कामिल की जिम्मेदारी पर छोड़ कर नखाशा में घूमने चले गए। कुछ देर बाद चालक भी घूमने निकल गया। तभी वाहन का लॉक तोड़ कर चार लाख रुपए चोरी हो गए। थाना प्रभारी मेघपाल सिंह ने बतायाकि तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### हाइड्रोफोबिया से ग्रामीण की मृत्यु

मनोटा,अमृत विचार : एचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर रोड निवासी दुष्यंत सिंह एक माह पहले पशुओं के लिये चारा लेने जा रहे थे तभी कुत्ता ने काट लिया था। परिजनों का कहना ही तीन टीके लगवाए लेकिन गुरुवार को दुष्यन्त की हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल ले गए वहां से रेफर कर दिया। इसके बाद दुष्यन्त सिंह ने दम तोड़ दिया। असमोली सीएचसी प्रभारी हेमन्त कुमार ने बताया कि गांव में टीम भेज कर जांच कराएंगे।

# उड़ाया गुलाल... लगाए जयकारे, गणपति बप्पा को दी विदाई

## श्री कल्कि नगरी में धूमधाम से निकाली गईं विसर्जन यात्राएं, राजघाट गंगाघाट पर किया विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री कल्कि नगरी संभल में गणपति विसर्जन यात्राओं में जमकर अबीर गुलाल उड़ा। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाए। संभल शहर में एक दर्जन से ज्यादा गणेश विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। राजघाट गंगाघाट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



संभल के ठेर बाजार में गणपति विसर्जन यात्रा में जयकारे लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



मंदिर मढैया पर गणपति की मूर्ति को विसर्जन के लिए लेकर जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कई दिनों से संभल शहर के गली मुहल्लों में श्रद्धालु गणपति की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही थी। शनिवार को 10 बजे से गली मुहल्लों से गणपति की विसर्जन यात्रा निकाली जाने लगी। मुहल्ला ठेर से ठेले पर भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमा को लेकर श्रद्धालु निकले तो जयकारों से माहौल भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर अबीर गुलाल की बौछार करते हुए गणपति बप्पा के जयकारे लगाए। मुहल्ला आलम सराय से श्रद्धालु गणपति की मूर्ति को लेकर चले तो जयकारे गूंजने लगे। मुहल्ला कोट पूर्वी में सरथल चौकी से गुजरी विसर्जन यात्रा में ठेले पर गणपति की प्रतिमा रखी थी। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ का जयघोष कर रहे थे। पुरानी तहसील रोड से भी एक साथ तीन गणेश विसर्जन यात्रा जब शंकर कॉलेज चौराहा पर पहुंची तो नजारा बिल्कुल अलग रहा। ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूमते हुए गणपति का गुणगान कर रहे थे। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी भी की। मुहल्ला बरेली सराय और हल्लू सराय से निकलीं गणेश विसर्जन यात्राओं में भी गजब की श्रद्धा भक्ति देखने को मिली। श्रद्धालु गणपति का जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। शहर के विभिन्न हिस्सों के अलावा हयातनगर व सरायतरीन में भी गणेश विसर्जन यात्रा निकाली गईं। श्रद्धालु प्रतिमाओं को लेकर राजघाट गंगाघाट रवाना हुए। जहां गणेश प्रतिमाओं का विधि विधान से विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने गणपति से सुख समृद्धि प्रदान किए जाने की मनौती मांगी।

### जगह-जगह प्रसाद का हुआ वितरण



गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रसाद का वितरण किया गया। मुहल्ला ठेर सर्राफा बाजार में भोजन प्रसाद व अन्य खाने की वस्तुओं का वितरण हुआ। वहीं गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान वाहनों पर भी प्रसाद की व्यवस्था रही। मार्ग के गुजरने के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा था। श्रद्धालु गणपति को नमन करते हुए मनौती मांगते नजर आए।

### अबीर गुलाल उड़ाकर झूमे भक्त, जयकारे लगाए

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** चन्दौसी में 10 दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का अनंत चतुर्दशी के दिन समापन हो गया। सीता रोड स्थित श्री गणेश मंदिर से गाजे-बाजे के साथ बप्पा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। भक्त कीर्तन स्वर में हरे राम हरे कृष्णा महामंत्र का जाप कर रहे थे। नरोरा घाट पर प्रतिमा को विसर्जन किया।



साथ ही गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष लगाकर बप्पा को जल्दी आने का निमंत्रण दिया। श्री भूपाल गणेश मन्दिर ट्रस्ट एवं श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारी एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

### मंगलपुरा में निकाली यात्रा

संभल के सरायतरीन मंगलपुरा मोहल्ला में गणपति को विदाई दी गई।



गणपति विसर्जन यात्रा में झूमते श्रद्धालु।

शोभायात्रा में नवल किशोर, बृज किशोर, विशाल, प्रियंक शर्मा, अमन, विक्रम, मोहित, इशू शर्मा, रोहित राजा, शिवा, मुकेश शर्मा, कौशल, विकास, सतीश, अंकुर, अर्पणा, कुंती, मंजू ,विमला देवी, हेमलता शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

# 95 शिकायतों में 7 का किया गया निस्तारण

संवाददाता, बबराला

● **पूर्ण समाधान दिवस: डीएम बोले, शिकायतों का हो त्वरित निस्तारण**

**अमृत विचार :** जन समस्याओं के त्वरित निदान के उद्देश्य से शनिवार को तहसील सभागार गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने की।

शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। सभी प्रकरणों को गंभीरता से निर्धारित समय सीमा में पारदर्शी निस्तारण किया जाए। पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों पर डीएम ने संबंधित थानाध्यक्षों को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, अंश निर्धारण संबंधी मामलों में भी तत्काल जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 95 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 7 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बाकी शिकायतों का निस्तारण करने के सबब डीएम ने पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील परिसर में दिव्यांग जनों समस्याओं के निस्तारण हेतु विशेष शिविर भी लगाया गया।

इस मौके पर सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार, तहसीलदार रविंद्र विक्रम और अधिशासी अभियंता अजय शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## गंगा में किया गया गणपति को विसर्जित

**बबराला,अमृत विचार :** ढोल-नगाड़ों की थाप पर मोरया रे बप्पा मोरया रे... अगले बरस तू जल्दी आना रे... गाते-झूमते भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गणेशोत्सव के ग्यारहवें दिन शनिवार को निकली विसर्जन यात्राएं भक्ति और उमंग से परिपूर्ण रहीं। बहजोई, चंदौसी और नगर आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु परिवारों के साथ राजघाट गंगा घाट पर विसर्जित किया। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई गणपति बप्पा की भक्ति में लीन नजर आया। सुबह से प्रारंभ हुआ विसर्जन कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने राजघाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बड़े कुण्डों में स्लोप और पक्की सीढ़ियां बनाई जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सपा विधायक के बाग में निकली सरकारी जमीन

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **प्रशासन ने विधायक इकबाल महमूद के बाग से कब्जा मुक्त कराई जमीन**

● **सिंचाई विभाग की गूल की जमीन भी कब्जा कर लेने का मामला आया सामने**

**अमृत विचार :** संभल जनपद में सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने की मुहिम के तहत प्रशासन का बुलडोजर शनिवार को समाजवादी पार्टी विधायक इकबाल महमूद के बाग में पहुंच गया। यहां साढ़े तीन बीघा सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराकर उसकी मेढ़ बनाई गई। जो जमीन कब्जा मुक्त कराई गई है उसमें कुछ बंजर जबकि बाकी सरकारी नलकूप की गूल की जमीन है। बिना अनुमति बाग में कटहल का पेड़ काटने के मामले में भी वन विभाग ने जांच शुरु की है।



सपा विधायक के बाग में सरकारी जमीन की मेढ़ बनाती जेसीबी। ● अमृत विचार

संभल में प्रशासन से शिकायत कर बताया गया था कि मंडलाई गांव में बाईपास के किनारे सपा विधायक इकबाल महमूद के बाग में लगभग 3:30 बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। राजस्व विभाग से जांच कराई गई तो सरकारी जमीन होने की बात सही पाई गई। शनिवार को एसडीएम विकास चंद्र की अगुवाई में प्रशासन की टीम मंडलाई में सपा विधायक इकबाल महमूद के बाग में जा पहुंची। लेखपालों ने नाप कर जमीन को चिन्हित किया। इसके साथ ही सिंचाई विभाग के नलकूप की गूल की सरकारी जमीन को भी नापकर निशान लगाए गये। इसके बाद बुलडोजर से मेढ़ बनवाकर उसे सुरक्षित किया गया।

**विधायक व उनके बेटों के नाम पर दर्ज है जमीन :** तहसील संभल के ग्राम मंडलाई में जिस जमीन से सरकारी जमीन को अलग किया गया है वह विधायक इकबाल महमूद व उनके बेटों के नाम पर है।एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि उस जमीन में गाटा संख्या 198 व 222 इकबाल महमूद व उनके तीन पुत्रों सुहैल इक़बाल, फैज इक़बाल व शान इक़बाल के साथ ही मौहम्मद जैद व मौहम्मद जुनेद के नाम पर है। इसी जमीन के बीच में गाटा संख्या 221 क बंजर, 221 ख गूल का नंबर और 271 व 272 नाली की सरकारी जमीनों पर कब्जा कर इन जमीनों का अस्तित्व बिल्कुल खत्म कर बाग के रूप में प्रयोग किया जा रहा था। अब सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया है।

### कटहल का पेड़ काटने में बैठी जांच

प्रशासन की टीम सपा विधायक इकबाल महमूद के बाग में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए पहुंची तो वहां कटहल का पेड़ कटा नजर आया। वन विभाग से पूछा गया तो बताया गया कि इसका परमिट जारी नहीं कराया गया। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुला लिया गया। वन विभाग ने इस मामले में जांच शुरु कर दी है।

# मत्स्य पट्टों के बारे में ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ के सभापति वीरू साहनी ने अधिकारियों से जनपद में सामूहिक मछुआ दुर्घटना बीमा योजना की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। कहा कि लोगों को योजना का लाभ प्राप्त कराने के लिए जागरूक करें।



मत्स्य जीवी सहकारी संघ के सभापति वीरू साहनी का स्वागत करते अधिकारी।

● **मत्स्य जीवी सहकारी संघ के सभापति वीरू साहनी ने की समीक्षा बैठक**

लोक निर्माण विभाग के संभल निरीक्षण भवन में मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक कुमार व जिला सूचना अधिकारी ब्रजेश कुमार ने वीरू साहनी का स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में वीरू साहनी ने पूछा कि जनपद में कितनी मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठित हैं। कहा कि समितियों की संख्या को बढाया जाए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पट्टों का चयन नियमानुसार हो। 2 हेक्टेयर से अधिक एवं उससे कम के तालाबों की सूची उपलब्ध करायी जाए। ग्राम सभा के तालाबों पर ध्यान दिया जाए। मत्स्य पट्टा वितरण में कश्यप एवं निषाद समाज को प्राथमिकता पर रखा जाए। जनपद से गुजरने वाली नदियों को लेकर खण्ड के अनुसार समिति बनाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना हेतु चयनित लाभार्थी, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना, पर भी चर्चा की गयी। बैंकों द्वारा मत्स्य पालकों के लिए केसीसी कम किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान एसडीएम विकास चन्द्र, एलडीएम ललित राय,एडीओ गरुदयाल सिंह , समिति के प्रतिनिधि एवं मत्स्य पालन से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# चौराहे का होगा चौड़ीकरण हटाया जा रहा अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

● **चौराहे पर अतिक्रमण की वजह से जाम में फंसते हैं वाहन**

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन के मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण हटाकर चौराहे का चौड़ीकरण करने की कवायद लोक निर्माण विभाग ने शुरू की है। विभाग ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी तो शनिवार को चौराहे के आसपास दुकानदारों ने अपना अतिक्रमण खुद हटाना शुरू कर दिया।



सौंधन में चौराहे पर रखा खोखा हटाती हाइड्रा मशीन।

सौंधन के मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण ही इतनी भरमार है कि चौड़ाई काफी कम रह गई है। आदमपुर की तरफ जाने व आने वाले वाहन अक्सर जाम में फंस जाते हैं। जाम से निजात के लिए चौराहे का चौड़ीकरण करने का फैसला लोक निर्माण विभाग ने लिया था। काम शुरु करने से पहले अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई थी। दो दिन पूर्व लोक निर्माण विभाग की टीम ने फिर से चेतावनी दी थी। शनिवार को दुकानदारों ने अपने अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया। हाइड्रा मशीन से रखे गये खोखे हटाए गए। इसके अलावा कई फड़ व दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी शुरू की गई।

## न्यूज डायरी

### दादा-दादी को आमंत्रित कर मनाया ग्रांड पेरेंट्स डे

संभल,अमृत विचार : गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने ग्रांड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। बच्चों के दादा-दादी को बुलाकर अभिवादन करने के उपरांत बच्चों ने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। उन्हें विभिन्न प्रकार के खेल खिलाए। बुजुर्गो ने अपने अपने विचार एवं अनुभवों से बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रबंधक आकाश गर्ग ने बच्चों को अपने दादा-दादी जी का सम्मान और देखभाल करने का संकल्प दिलाया।






### शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी का डीएम व एसपी ने किया उद्घाटन

**बहजोई, अमृत विचार :** मझोला में बनकर तैयार हुई बहजोई कोतवाली की शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी का डीएम राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने उद्घाटन किया। लहरावन, पुरा मझोला, शमशोई, भरतपुर सहित 13 गांव की सुरक्षा को मजबूत करने को लेकर शहीद भगत सिंह चौकी का निर्माण किया गया है। अब तक लोग यहां से सीधे कोतवाली ही अपनी समस्या लेकर पहुंचते थे। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर लगातार चौकियों का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में शहीद भगत सिंह चौकी मझोला का निर्माण कार्य किया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा, सीओ बहजोई आलोक कुमार सिद्धू, कोतवाल हरीश कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम अजीत सिंह, चौकी प्रभारी राम विनय चाहर आदि मौजूद रहे।



### उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म आत्मा को विकारों से दूर रखता है

**बहजोई, अमृत विचार :** श्री दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण महापर्व के तहत उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की साधना श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रातः कालीन पूजन-अर्चन में शांतिधारा का आयोजन किया गया। श्री दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्यूषण पर्व पर पूजा अर्चन व शांति धारा का सौभाग्य सम्भव जैन, नवनीत जैन, सुनील जैन, राहुल जैन सर्राफ, मीतेश जैन, अक्षत जैन, राजेन्द्र जैन, संजय जैन, सौरभ जैन, चंद्रप्रकाश जैन, मनोज जैन, अशोक जैन डिबाई, अंशुल जैन चंडीगढ़, रेखा जैन एवं आलोक जैन सहित अन्य श्रावकों को सपरिवार प्राप्त हुआ। जैन शास्त्री चंद्र कुमार जैन बोले कि उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म आत्मा को विकारों से दूर रखकर पवित्रता, संयम और एकाग्रता की ओर ले जाता है। दस दिवसीय दसलक्षण धर्म विधान का भी समापन हुआ। दिनेश चन्द्र जैन शास्त्री की स्मृति में भक्ताम्बर दीप आराधना सम्पन्न हुई।

### वैश्य एकता मंच ने किया शिक्षकों का सम्मान

**संभल/चंदौसी,अमृत विचार :** वैश्य एकता मंच चंदौसी के तत्वाधान में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला में आयोजित किया गया। आरम्भ वैश्य एकता मंच के विशेष सहयोगी क्षितिज गुप्ता, एड प्रवीण गुप्ता, विकास बून एवं मंच के अध्यक्ष




लवित वार्ष्णेय ने किया। शिक्षिका कमलेश अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। चंदौसी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य शशिकांत गुप्ता ने संबोधित किया। वैश्य एकता मंच के महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष दीपेश वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, डॉ. दुर्गा टंडन, मन्नू गुप्ता, भास्कर गुप्ता, हेमंत वार्ष्णेय, विपिन बालाजी, मयंक वार्ष्णेय, डॉ. दिशांत गुप्ता, अभिषेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बिजली संविदा कर्मचारियों ने वेतन के लिए किया प्रदर्शन

**संभल,अमृत विचार :** शनिवार की शाम को संभल के मुख्य बिजली घर पर बिजली विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारी इकट्ठा हुए। यहां उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा,संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले अधिशासी अभियंता नवीन गौतम को ज्ञापन सौंपा गया। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने कहा कि कॉरपोरेशन की गाइडलाइन का उल्लंघन किया जा रहा है। कर्मचारियों का वेतन हर माह 1 से 7 तारीख के बीच आ जा जाना चाहिए। हालात ऐसे हैं कि 8 तारीख तक भी वेतन खातों में नहीं आता। खंड कार्यालय ने अब तक बिजली घर पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति का विवरण कार्यदायी संस्था को नहीं दिया है। प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष किरण पाल सिंह, शंकर शर्मा, मौ. इमरान, रियाजुल, अवनीश चौधरी, मंगल सैनी, राहिद तुर्की आदि मौजूद रहे।

# आधा दर्जन से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में



बाढ़ के पानी से घिरे घर में खाना पकाती महिला। ● अमृत विचार



बाढ़ के बीच से होकर पशुओं के लिए चारा लेकर आती महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता,संभल/जुनावई

● **घरों में कैद हुए लोग, जलभराव के चलते खाना पकाना भी मुश्किल**

● **ग्रामीणों ने प्रशासन से नाव व अन्य राहत उपलब्ध कराने की मांग की**

**अमृत विचार:** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के जुनावई में गंगा किनारे बसे आधा दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। इस गांव में खेतों के साथ ही गांव की आबादी में भी बाढ़ का पानी घुस आया है। खाना पकाना भी मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नाव व अन्य राहत उपलब्ध कराने की मांग की है।

गंगा का जल स्तर बढ़ने से गंगा के बांध के अंदर बसे गांव रघुपुर पुख्ता, शालिग की मढैया, नारू पुरा, तोतापुर, बझांगी, उदिया नगला, मैगरा आदि गांव में पानी घुस आया है। इन गांवों के लोग घर से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं। पशुओं का चारा लाने में भी परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि तीन दिन से जलस्तर बढ़ रहा है। शुक्रवार रात्रि से जलस्तर इतनी तेजी से बढ़ा कि बाढ़ आ गई। बाढ़ के पानी की वजह से तोतापुर को जाने वाला मार्ग कट गया है। सड़क के ऊपर से पानी तेजी से चल रहा है। साधु मणि आश्रम पर भी जलस्तर बढ़ने से आश्रम में पानी पहुंच गया है। बझांगी में कल्याण, उदयवीर, राजू, कल्लू, वेद प्रकाश और ओमवीर के घरों में पानी पहुंचा है। इसके साथ ही गांव को जाने वाली सड़क कटने के कारण आने-जाने में दिक्कत आ रही है।

न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के चयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में नियुक्ति पत्र वितरण के साथ ही विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम का आयोजन होगा, जहां सांसद एवं विधायक सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को दी। उन्होंने कहा कि लोकभवन से होने वाले इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी प्रत्येक जिले में कराया जाएगा।

### कैशलेस इलाज के लिए जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रदेश के सभी शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की सुविधा के लिए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षक ही नहीं बल्कि शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइए तक को लाभ मिलेगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर है।

### बसपा ने शुरू की पंचायत चुनाव की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायत चुनाव में बसपा पूरे दमखम के साथ उतरेगी। संगठन के कार्यों एवं जनाधार को बढ़ाने का कार्य जारी है। इसकी समीक्षा बैठक रविवार 9 सितंबर को पार्टी प्रमुख मायावती स्वयं करेंगी। इसके लिए सभी जिलों के जिम्मेदार एवं बूथ स्तर तक के लोगों को माल एवेन्यू स्थित यूपी स्टेट कार्यालय पर बुलाया गया है। साथ ही बताया गया कि 9 अक्टूबर को बीएसपी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां की जाएंगी।

### अहिछत्र धाम के विकास को 2 करोड़ जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग ने महाभारत सर्किट अंतर्गत बरेली स्थित अहिछत्र धाम के पर्यटन विकास की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए दो करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि महाभारत कालीन और जैन धर्मावलंबियों के पवित्र स्थल अहिछत्र का विशेष धार्मिक महत्व है। द्वापर युग के बाद अहिछत्र पर गुप्त, पाल एवं सेन राजाओं का भी शासन रहा। हर बदलते दौर में अहिछत्र का वैभव कायम रहा।

# घर बैठे बुक करा सकेंगे बस का टिकट

## सीएससी और परिवहन निगम में करार, 14 हजार बसों में मिलेगी ऑनलाइन टिकटिंग की व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से परिवहन निगम को शनिवार को मिली सेवाओं में घर बैठे बस का टिकट बुक कराने समेत 45 फेसलेस (डिजिटल) सेवाएं शामिल हैं। यह सुविधा डेढ़ लाख से अधिक केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

उप्र. परिवहन निगम और सीएससी के बीच हुए करार से 14 हजार सरकारी बसों में टिकट घर बैठे बुक और रिजर्व कराई जा सकेगी। यात्रियों को बस स्टेशनों पर लाइन लगाने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा, परिवहन विभाग की इन 45 फेसलेस सेवाओं में ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, टैक्स, परमिट समेत अनेक सेवाएं भी शामिल होंगी। इससे जनता को न केवल घर बैठे सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि प्रक्रिया और भी पारदर्शी होगी।

**तीन महिला परिचालकों को दिया नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तीन महिला परिचालकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। नियुक्ति पत्र पाने वाली महिला परिचालक आलमबाग डिपो की संगीता गौतम, गोल्डी मौर्या व कैसरबाग डिपो की अंशिका गौतम रहीं।



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व अन्य।

### आईआईटी खड़गपुर व परिवहन विभाग में एमओयू

आईआईटी खड़गपुर व परिवहन विभाग के बीच एमओयू हुआ। मुख्यमंत्री के समक्ष हुए एमओयू में विभाग की तरफ से केपी सिंह व आईआईटी खड़गपुर से प्रो. उदय शंकर ने एमओयू आदान-प्रदान किया। परिवहन निगम व सीएससी के मध्य भी एमओयू हुआ।

### जूपिटर ऑडिटोरियम के उच्चीकरण का कार्य शुरू

मुख्यमंत्री योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित जूपिटर ऑडिटोरियम के नवीनीकरण-उच्चीकरण कार्य की शुरुआत की। साथ ही मरकरी व मार्स ऑडिटोरियम के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास भी किया। 1760 .50 लाख से तीनों ऑडिटोरियम का नवीनीकरण-उच्चीकरण कराया गया।

**एडीटीसी के नवीनतम केंद्रों को दिया प्रमाण पत्र**

मुख्यमंत्री ने एडीटीसी के नवीनतम केंद्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया। योगी ने यह प्रमाण पत्र देवरिया के वैभव शाही, जौनपुर के कृष्णमूर्ति सिंह, सोनभद्र के आनंद मिश्र, एटा के गौरव शर्मा व गौतमबुद्ध नगर के योगराज सिंह को प्रदान किया।

**आरवीएसएफ के 4 नवीनतम केंद्रों को मिला प्रमाण पत्र**

मुख्यमंत्री ने आरवीएसएफ नवीनतम केंद्रों को प्रमाण पत्र भी दिया। यह प्रमाण पत्र हापुड़ के ध्रुव सिंहल, बुलंदशहर के अलीम खान, गाजियाबाद के फरमान व हापुड़ के कैफ खान को दिया गया।

**4 आटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के निवेशकों को प्रमाण पत्र**

मुख्यमंत्री ने 4 नवीनतम आटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के निवेशकों को प्रमाण पत्र दिया। यह प्रमाण पत्र लखनऊ के रोहित सिंह, आगरा के अजय राय, कानपुर के विवेक श्रीवास्तव व मीरजापुर के अनुपम प्रकाश त्रिपाठी को प्रदान किया गया।

**ये भी हुए सम्मानित**

जनसेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाएं प्राप्त करने वाले चार लोगों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया। यह प्रमाण पत्र बलिया के अनुमेन्द्र प्रताप सिंह, क्रांति कुमार, वाराणसी के पवन सिंह व लखनऊ के अखिलेश शर्मा को दिया गया।

# पीपीपी मोड पर विकसित होंगे सात बस स्टेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज अयोध्या धाम के बस पोर्ट्स का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

**अमृत विचार :** पीपीपी मोड पर 7 बस स्टेशन विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बीटुगेदर द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किए जाने वाले बसपोर्ट्स में लखनऊ (विभूति खंड, गोमती नगर), गाजियाबाद (ओल्ड), प्रयागराज (सिविल लाइंस) व अयोध्या धाम का शिलान्यास किया। रसूलाबाद (अलीगढ़), बस स्टेशन जीरो रोड (प्रयागराज) और चारबाग (लखनऊ) भी सूची में शामिल हैं।

बीटूगेदर ओमैक्स ग्रुप, लखनऊ (अमौसी) और कौशाम्बी (गाजियाबाद) बस पोर्ट्स का भी विकास जल्द करेगा। लगभग 2,700 करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाले ये सभी बसपोर्ट्स यात्री सुविधा और वाणिज्यिक गतिविधियों के समन्वय के साथ विकसित किए जाएंगे। कार्यक्रम में ओमेक्स बीटूगेदर की ओर प्रबंध निदेशक मोहित गोयल, प्रेसीडेंट सुनील कुमार सोलंकी, ईश्वरदेव शुक्ल, नरेंद्र सिंह, अखिल सिद्धांत, परिवहन निगम के जीएम यजुवेंद्र उपस्थित रहे। वहीं पीपीपी मोड द्वारा विकसित किए जाने वाले बस स्टेशनों के विकासकर्ता मोहित गोयल, ईश्वरदेव शुक्ल, नरेंद्र सिंह ने योगी का स्वागत किया।



मुख्यमंत्री योगी का स्वागत करते बस स्टेशनों के विकासकर्ता।

# आकाश आनंद के ससुर की बसपा में वापसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर मायावती से माफी मांगी

**अमृत विचार :** बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर व पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ की बसपा में वापसी हो गई है। इसके लिए निष्कासित चल रहे अशोक सिद्धार्थ ने बसपा प्रमुख मायावती से सोशल मीडिया एक्स पर सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते हुए माफी मांगी और भविष्य में दोबारा गलती न करने का भरोसा दिलाया। पोस्ट जारी होने के कुछ देर बाद ही बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर ही न केवल उन्हें माफ कर दिया बल्कि तत्काल प्रभाव से निष्कासन रद्द कर पार्टी मूवमेंट में सक्रिय रहने के निर्देश भी दिए।

लंबे अर्से से बसपा से निष्कासित चल रहे फर्रुखाबाद निवासी बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि पार्टी का कार्य करने के दौरान जाने-अनजाने व गलत लोगों के बहकावे में आकर मुझसे जो भी गलतियां हुई हैं। उसके लिए बसपा सुप्रीमो से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। आगे उन्होंने कहा कि फिर कभी ऐसी गलती नहीं करूंगा, साथ ही हमेशा पार्टी अनुशासन में रहकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। गौरतलब बात यह कि उन्होंने लिखा कि रिश्तेदारी का कभी कोई नाजायज फायदा नहीं उठाऊंगा।



## हाईकोर्ट में नियुक्तियों का रास्ता साफ

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में बेंच सेक्रेटरी संवर्ग के 32 पदों पर नियुक्ति की राह में खड़ी सबसे बड़ी बाधा हटा दी है। शासन ने 3 अगस्त 2022 के शासनादेश में लगे उस 'राइडर' (शर्त) को हटा दिया है, जिसके तहत इन पदों पर नियुक्ति तभी संभव थी, जब कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 125 तक पहुंच जाती। मुख्य सचिव विनोद सिंह रावत द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्यपाल ने इस राइडर को हटाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे अब हाईकोर्ट प्रशासन को इन 32 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से जनवरी 2023, दिसंबर 2023 और अप्रैल 2024 को भेजे गए पत्रों में इस राइडर को हटाने की मांग की गई थी। शासन ने इन पत्रों पर विचार करते हुए अंततः यह निर्णय लिया।

# छह बोगस फर्मों ने की 71.72 करोड़ टैक्स चोरी

## राज्यकर के उपायुक्त व सहायक आयुक्त की शिकायत पर लखनऊ में पुलिस ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कारोबार कर कंपनियों ने 3.36 अरब रुपये का किया फर्जीवाड़ा

**अमृत विचार :** छह बोगस कंपनियां बनाकर कारोबारियों ने राजधानी में 3,36,46,85,896 रुपये का कारोबार कर मोटी कमाई की। इतना बड़ा कारोबार करने वाली इन कंपनियों ने सरकार को 71,72,93,238 रुपये की टैक्स चोरी कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया है। इस मामले में राज्यकर विभाग के चार उपायुक्त व सहायक आयुक्त ने गुडंबा थाने में कंपनियों के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राज्यकर अधिकारियों ने बोगस कंपनियों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। पिछले दो दिन में की गई जांच में छह बोगस कंपनियों के बारे में जानकारी हुई। इन कंपनियों ने ऑन लाइन पंजीकरण कराकर 3.36 अरब का कारोबार दिखाया और 71.72 करोड़ की टैक्स चोरी की। राज्यकर उपायुक्त अमरदीप वर्मा के मुताबिक एमएस श्रीकांत इंटरप्राइजेज ने ऑन लाइन पंजीकरण कराया। कंपनी के मालिक श्रीकांत तानजी अधव ने अंबेडकरगढ़ निर्माण संस्था सिद्धार्थ कालोनी चेंबुर का पता दर्ज कराया। कंपनी हकीकत में कहीं संचालित होना नहीं पाया गया। कंपनी ने 47,07,91,960 रुपये का कारोबार दिखाते हुए 9,27,14,425 रुपये टैक्स चोरी की। इसी तरह सागर सोसायटी कानपुर रोड के पते पर पंजीकृत कंपनी एवन इंटरप्राइजेज के मालिक भावेश इंदुभाई त्रिवेदी ने 74,24,94,695 रुपये का कारोबार दिखाते हुए 15,21,99,958 रुपये की टैक्स चोरी की। जबकि कंपनी अस्तित्व में ही नहीं है।

वहीं, सहायक आयुक्त गौरव सिंह राजपूत के मुताबिक एसएम इंटरप्राइजेज पालघर महाराष्ट्र के पते पर पंजीकृत हुआ। कंपनी के मालिक मंगेश काशीनाथ शिंदे हैं। उन्होंने राज्यकर विभाग में दाखिल किये गये दस्तावेज में 42,16,73,031 रुपये का कारोबार दिखाया। जिस पर 8,02,34,118 टैक्स चोरी की। उधर उपायुक्त भूपेंद्र सिंह के मुताबिक पटेल इंटरप्राइजेज अरौलिया रोड शहडोल मध्य प्रदेश के नाम से पंजीकृत है। इसकी मालकिन स्वाती पटेल हैं। उन्होंने अपना 28,27,76,762 रुपये का कारोबार दिखाया। जिस पर 11,00,95,659 रुपये टैक्स चोरी की।

उपायुक्त सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि गुजरात के दाहोद के पते पर कृष्णा इंटरप्राइजेज का पंजीकरण है। कंपनी के मालिक किशोरी प्रवीन भाई बाबु भाई ने 59,34,84,000 रुपये का कारोबार किया। इस कारोबार पर उन्होंने 10,98,16,000 रुपये टैक्स चोरी की है। इसी तरह एसएम इंटरप्राइजेज कल्याणपुर गुडंबा के पते पर पंजीकरण है। कंपनी के मालिक आनंद मनोहर उम्बार्जे ने अपना कारोबार 85,34,65,448 रुपये दिखाया। इस पर 17,22,33,078 रुपये टैक्स चोरी किया। छह कंपनियों के खिलाफ राज्यकर विभाग के उपायुक्त भूपेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र यादव, अमरदीप वर्मा और सहायक आयुक्त गौरव सिंह राजपूत ने गुडंबा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पूर्व सांसद पर धर्मांतरण का आरोप

## बलरामपुर की डेमोग्राफिक बदलाव की रची साजिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पलामू की युवती का पश्चिम बंगाल में कराया था धर्मांतरण
- पूर्व सांसद के करीबियों के घर पर सौ-सौ वोटर बनवाए गए

**अमृत विचार:** बलरामपुर के पूर्व सपा सांसद पर धर्मांतरण गिरोह को संरक्षण दे रहे थे। उनके दो करीबी गुर्गे सईद अहमद और तौकीर अहमद नेपाल से लोगों को बलरामपुर लाते थे। नेपाल सीमा पर बसाते हैं। हिंदू लोगों का धर्मांतरण कराकर करोड़ों की उनकी जमीनों पर कब्जा कर लेते थे। यह आरोप बलरामपुर निवासी जबीउल्ला और विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने प्रेसवार्ता में लगाया है। वहीं झारखंड के पलामू से आई एक महिला ने आरोप लगाया कि पूर्व सांसद के गुर्गे ने आईएसआई एजेंट सैफ अली के जरिये उनकी नाबालिग बेटी को अगवाकर पश्चिम बंगाल लेकर गये। जहां धर्मांतरण कराया।

पूर्व सपा सांसद पर आरोप है कि डेमोग्राफिक बदलाव के लिए एक ही मकान पर सौ या सौ से अधिक लोगों के नाम दर्ज कराये गये। जो एक पार्टी विशेष को वोट कर रहे थे। सईद अहमद और तौकीर अहमद वोट जिहाद चला रहे थे। इन सभी को पूर्व सांसद के साथ छांगुर के गिरोह की भी शह मिल रही थी। सिद्धार्थ नगर के अब्दुल हकीम खान ने कहा कि शमशुल हुदा आईएसआई का एजेंट है। उसका पाकिस्तान में नेटवर्क है। इसके कई साक्ष्य भी उनके पास मौजूद हैं। वीडियो के जरिये अब्दुल हकीम खान ने आरोप लगाया कि इन सभी 500 करोड़ की संपत्ति बनाई। दिल्ली के एक व्यक्ति ने कहा कि उनकी बेटी को छांगुर गिरोह का जाहिद अगवा कर ले गया। मेवात में रखा जहां धर्मांतरण कराया। विश्व हिंदू रक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ने कहा कि बच्चियों का अपहरण कर जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा है। प्रदेश में सर्वाधिक अंबेडकरनगर की किशोरियों को अगवा किया गया।

**अगले बरस तू जल्दी आ...**



लखनऊ में धूमधाम से मनौतियों के राजा गणेशजी की प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकालते भक्त। • अमृत विचार

# खाद्यान्न घोटाले का आरोपी कोटेदार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जौनपुर में 2004-05 में हुआ था घोटाला

**अमृत विचार:** जौनपुर में 2004-05 में हुए खाद्यान्न घोटाले के आरोपी कोटेदार को ईओडब्ल्यू वाराणसी यूनिट ने शुक्रवार देर शाम को गिरफ्तार किया। इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष व अवर अभियंता भी आरोपी हैं। ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जबकि अवर अभियंता की तलाश की जा रही है।

ईओडब्ल्यू अधिकारी के मुताबिक, टीम ने जौनपुर के केराकत स्थित घुरहूपुर निवासी कोटेदार रमेश चंद्र तिवारी को गांव से गिरफ्तार किया है। अधिकारी के मुताबिक 2004-05 में जौनपुर में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के तहत विकास खंड मुफ्तीगंज के गांवों में नाली निर्माण, खड़ंजा, पटरी मरम्मत, संपर्क मार्ग पर मिट्टी कार्य, सीसी रोड व पुलिस निर्माण कार्य प्रस्तावित था। इसमें लगे मजदूरों को कार्य के बदले खाद्यान्न आवंटित कराया जाना था। पर, आरोपियों ने वास्तविक मजदूरों को खाद्यान्न वितरित न कर उसे बाजार में बेच दिया।

अवसर | 746 विद्यालयों में शिक्षा, खेल और तकनीक के साथ आत्मनिर्भर बन रहीं बेटियां

# केजीबीवी में बदल रही गरीब बेटियों की तकदीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आवासीय मॉडल से गांवों की बेटियों को मिल रहा उज्ज्वल भविष्य, प्रदेश का बढ़ रहा नाम

**अमृत विचार :** योगी सरकार में गरीब परिवार की बेटियों की शिक्षा अब केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बन चुकी है। राज्य के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) आज ग्रामीण और वंचित वर्ग की बेटियों के लिए आवासीय शिक्षा, डिजिटल दक्षता, खेल, आत्मरक्षा और जीवन कौशल के केंद्र बन गए हैं।

इन विद्यालयों में इस समय 1.21 लाख से अधिक छात्राएं पढ़ रही हैं। इनमें 75 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की बेटियों के लिए आरक्षित हैं, जबकि शेष सीटें बीपीएल परिवारों की बालिकाओं के लिए निर्धारित हैं। यहां स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और 'एक शब्द एक सूत्र' जैसे नवाचारों के जरिए गुणवत्तापरक शिक्षा दी जा रही है। कंप्यूटर लैब, अतिरिक्त डॉरमेट्री, टॉयलेट ब्लॉक, ओपन जिम, एस्ट्रोनॉमिकल लैब और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में हेल्पलाइन पट्टिकाएं, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था भी की गई है।

आईआईटी गांधीनगर की मदद से 'क्यूरियॉसिटी प्रोग्राम' भी चलाया जा रहा है। खेलों में भी 222 बालिकाओं ने राज्य स्तर पर और 35 ने राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी कर योग्यता सिद्ध की है।



### छात्राओं की प्रेरक उपलब्धियां

- **उन्नाव की अर्चना निषाद :** अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम की खिलाड़ी
- **महोबा की निंदा खातून :** नीट पास कर एमबीबीएस में दाखिला
- **अमरोहा की निधि :** पीसीएस परीक्षा पास करके एसडीएम
- **प्रतापगढ़ की रिया व प्रयागराज की संध्या :** जापान भ्रमण पर गईं

### टोंटी चोरी कांड को भूल नहीं सकते : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 'टोंटी चोरी' कांड को तत्कालीन मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी और उनके ओएसडी अभिषेक कौशिक की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को कभी नहीं भूल सकते हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है यह मुद्दा राजनीतिक हथियार नहीं, बल्कि व्यक्तिगत अपमान का प्रतीक बन चुका है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कन्नौज में मीडिया से कहा कि आखिरकार सरकार को जीएसटी की खामियों को स्वीकार करना पड़ा। सरकार बताए कि जनता और व्यापारियों पर जीएसटी थोपने का फैसला किसकी सलाह पर लिया था।

# बीआरडी गोरखपुर का होगा विस्तार मरीजों व चिकित्सकों को मिलेगी सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्राइवेट वार्ड और रेजीडेंट डॉक्टरों के लिए बनेंगे 40-40 कमरे

**अमृत विचार :** गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए 40 कमरों का प्राइवेट वार्ड बनेगा साथ ही 40 कमरे रेजीडेंट्स चिकित्सकों के लिए बनेंगे। इसके बाद परिसर में रेजीडेंट्स चिकित्सकों के रहने से न केवल चिकित्सकीय सेवाएं सुलभ होंगी, बल्कि प्राइवेट कक्ष बनने से मरीजों को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य लाभ लेना सहज होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 32 करोड़ 12 लाख के प्रस्ताव में छह करोड़ 50 लाख रुपये की पहली किश्त जारी कर दी गयी है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज द्वारा न्यू प्राइवेट वार्ड के 40 कमरे और 40 रेजीडेंट कक्ष निर्माण के लिए 32 करोड़ 14 लाख 96 हजार का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें 32 करोड़ 11 लाख 69 हजार स्वीकृत हुए हैं। इसमें से 6.5 करोड़ की पहली किश्त जारी हुई है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कार्यदायी संस्था को जिम्मेदारी सौंप का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

### पीजीआईएसीएच नोएडा को दिए 15 करोड़

**अमृत विचार :** नोएडा स्थित बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने 15 करोड़ रुपये जारी किए हैं। संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने संस्थान के निदेशक को वित्तीय स्वीकृत आदेश जारी किया है।



जे न मित्र दुख होहिं दुखारी। तिन्हहि बिलोकत पातक भारी॥
निज दुख गिरि सम रज करि जाना। मित्रक दुख रज मेरु समाना॥

रामचरित मानस में भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता के संदर्भ में यह चौपाई बताती है कि मित्रता निभाने वाले की भगवान भी सहायता करते हैं। जो लोग दूसरों के दुख को देखकर दुखी नहीं होते और उनकी मदद नहीं करते, ऐसे लोगों को देखने से भी पाप लग जाता है। जो अपने दुख भूलकर दूसरों की सहायता करते हैं, ईश्वर स्वयं उसकी मदद करते हैं।



# वृक्षों की सांस्कृतिक अवधारणा और सुप्रीम कोर्ट की चिंता

सर्वोच्च न्यायालय ने पेड़ों की अवैध कटान पर तीखी टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने कहा, "प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पेड़ों की अवैध कटान हुई है।" कोर्ट ने केंद्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब राज्यों से तीन हफ्तों में जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा है, "पहाड़ी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई दिखाई पड़ती है।" कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, "वह इसकी जांच करें। इसके लिए जो कुछ भी जरूरी हो, किया जाना चाहिए।"

पेड़ कटानों का परिणाम देश के लिए घातक होता है। वृक्षों से वर्षा होती है। कटान से ऋतु चक्र गड़बड़ाता है। विश्व बैंक की 'दक्षिण एशियाई हॉटस्पॉट-तापमान के प्रभाव और जीवन स्तर का परिवर्तन' शीर्षक से रिपोर्ट आई थी। रिपोर्ट में अनुमान किया गया था कि सन् 2050 तक भारत की जीडीपी 28 प्रतिशत तक घट सकती है। अन्य तमाम संस्थाओं ने भी जलवायु परिवर्तन से भारत को खतरा बताया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में वृक्ष और वनस्पतियां पृथ्वी परिवार के अंग हैं। हम उन पर आश्रित हैं। पेड़-पौधों में भी जीवन होता है। हमारे और वृक्ष-वनस्पतियों के बीच परस्परावलंबन है। वे सभी ऋतु चक्र को प्रभावित करते हैं। पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। इसी अव्यवस्था के चलते उत्तराखंड सहित देश के अन्य राज्यों में भूस्खलन, बादल फटने की घटनाएं भी चिंता का विषय हैं। तूफान और बाढ़ आती है। भारत की अधिकांश नदियां जलहीन हो रही हैं। ऋतु परिवर्तन का चक्र गड़बड़ा गया है। इसका असर पशु-पक्षियों पर भी पड़ा है।

सन् 2000 में पेरिस में 'अर्थ कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। ऐसी बैठकें लगातार होती रहीं। 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किए थे। पर्यावरण इन लक्ष्यों में खासा महत्व रखता है। भारत ने टिकाऊ विकास के लक्ष्यों पर बढ़-चढ़कर काम किया है। पेट्रोल-डीजल का उपयोग घटाने के प्रयास हुए हैं। विद्युत चालित वाहन बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी ठोस परिणाम नहीं आए हैं। सभ्यता के विकास में शुरुआत में पेड़-पौधे ही हमारे संरक्षक और विधाता थे। हम उनको प्रणाम करते थे। पानी देते थे। वैदिक काल से ही पेड़-पौधों को प्रेम करने वाली संस्कृति प्रवाहमान है। वैदिक काल के बाद का चरण हड़प्पा सभ्यता है। यह खूबसूरत नगरीय सभ्यता थी। आजादी के बाद में नगरों-महानगरों का अराजक विकास हुआ। नगर क्षेत्र विस्तार की नीति पेड़-पौधों को आत्मीय समझने वाली होनी चाहिए।

> पद्म पुराण में वृक्षारोपण का फल बताया गया है। पीपल का पेड़ लगाने से रोग नाश होता है और धन मिलता है। पाकड़ का पेड़ लगाने से यज्ञ का फल मिलता है। नीम का पेड़ लगाने से सूर्य देवता की कृपा हम पर बरसती है। इसी तरह बेल का पेड़ लगाने से शिव प्रसन्न होते हैं। कोई भी पेड़ लगाने से वातायन में सकारात्मक परिवर्तन होता है। पीपल, बरगद तो पूजनीय हैं ही। यजुर्वेद के शांति मंत्र में औषधियों-वनस्पतियों के शांत रहने की प्रार्थना है- "पृथ्वी शांत हों, अंतरिक्ष शांत हों, वनस्पतियां औषधियां शांत हों।"



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

हम भारत के लोग वनस्पतियों में देवता देखते रहे हैं। लोक मान्यता में प्रत्येक पेड़ का एक देवता होता है। विष्णु पीपल के देवता हैं। बरगद के देवता शिव व सोम के चंद्रमा हैं। अशोक के देवता इंद्र और आदित्य हैं। आंवला के देवता विष्णु हैं। महाभारत में कथा है। कृष्ण ने एक बार पृथ्वी की पूजा की। वे समाधिष्ट हो गए। पृथ्वी स्त्री वेश में कृष्ण के सामने पहुंचीं। कृष्ण ने पृथ्वी से अभिलाषा की, "मां आप कैसे प्रसन्न होती हैं?" पृथ्वी ने कहा, "सभी जीवों को प्यार करो। पेड़-पौधों को संरक्षण दो। प्रतिदिन भोजन का एक हिस्सा अलग रख लिया करो। जीव आएंगे और प्रसन्न होंगे।"

वृक्षों और वनस्पतियों को भी प्रेम की प्यास रहती है। पृथ्वी पर पेड़-पौधों की उपस्थिति एक असाधारण संरचना है। लाखों जीव और वनस्पतियां पृथ्वी में हैं। मैकडनल ने वैदिक माइथॉलजी में खूबसूरत टिप्पणी की है। ऋग्वेद के अनुसार वह वन वृक्षों का आधार हैं। वही वर्षा कराती हैं। अथर्ववेद में पृथ्वी सूक्त है। इस सूक्त में कहा गया है, "यह वनस्पतियों का आधार है। पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध वनस्पतियों में है।" पृथ्वी संसार की धारक है।

पूर्वजों का ध्यान वनस्पतियों पर था। ऋग्वेद में वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद के एक सूक्त (1.34) में ऋषियों के वनस्पति प्रेम की झांकी है। अथर्वा के सामने एक लता है। लता से कहते हैं, "आप मधुरता के साथ पैदा हुई हैं।" फिर कहते हैं, "हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।" समूचे वैदिक वांग्मय में वनस्पतियां छाई हुई हैं। ऋषियों ने सोम को देवता बताया है। सोम को वनस्पतियों का राजा भी कहा गया है। (ऋग्वेद 9.114.2) सोम एक वनस्पति थी। इससे रस निकाला जाता था। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय थी। उनकी मान्यता थी कि सोम का रस पीने से अमृत्व मिल जाता है। वनस्पतियां कई तरह की हैं।

पेड़ों की कटान की तरफ सर्वोच्च न्यायालय ने देश का ध्यानाकर्षण किया है। यह बहुत उचित है। यह भारतीय जन-गण-मन का ध्यान खींचने वाला है। विकास की अंधी दौड़ में हमारी अस्मिता समाप्तप्राय हो रही है। प्राचीन संस्कृति के अनेक अवशेष आज भी हम सब का ध्यान परंपरा की ओर आकर्षित करते हैं। कोई व्यक्ति अपने फार्म हाउस में एक छोटा सा बगीचा बनाता है। उसका नाम पंचवटी रखता है। पंचवटी श्रीराम का विश्राम स्थल थी। वाल्मीकि ने रामायण में बताया है, "श्रीराम अयोध्या से पैदल चलकर प्रयागराज पहुंचे थे। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर ऋषि भारद्वाज का आश्रम था। उन्होंने श्रीराम को आते देखा। वंदना की। उस समय आश्रम के सारे पेड़ पौधे नाच रहे थे।"

अथर्ववेद के ऋषि ने देवताओं से अपने लिए घर मांगा। लगे हाथ संभावित घर का नक्शा भी बना दिया। ऋषि कहते हैं कि हमें ऐसा घर दो, जिसमें गाएं अपने बछड़े के साथ घूम भी सकें और वनस्पतियों-औषधियों के पौधे भी घर की शोभा बढ़ाएं।

बीते 30-35 वर्ष में वृक्षारोपण का काम सरकारों द्वारा किया गया है। पेड़ लगाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल प्रशंसनीय रही है। मोदी सरकार ने 'मिशन लाइफ', स्वच्छ भारत अभियान, नमामि गंगे परियोजना और राष्ट्रीय वन महोत्सव जैसी योजनाओं से पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है। पर्यावरणीय नीति 'कैमपा' के माध्यम से राज्यों को हजारों करोड़ रुपये पेड़ लगाने के लिए दिए गए। योगी आदित्यनाथ ने 2017 से रिकॉर्ड वृक्षारोपण महाअभियान चलाया। 2022 में एक ही दिन में लगभग 35 करोड़ पौधे लगाए गए। अब तक उत्तर प्रदेश में लगभग 200 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। गंगा हरितिमा अभियान के अंतर्गत गंगा किनारे पेड़ लगाने का कार्यक्रम चलाया गया।

अग्नि पुराण में श्रीभगवान कहते हैं, "अब मैं वृक्ष प्रतिष्ठा का वर्णन करता हूं, जो भोग और मोक्ष प्रदान करने वाली है। वृक्षों को सर्वो औषधि जल से लिप्त, सुगंधित चूर्ण से विभूषित तथा माला से अलंकृत करें। प्रत्येक वृक्ष का अधिवासन करें। वृक्ष के अधिवासन के समय ऋग्वेद, यजुर्वेद या सामवेद के मंत्रों से हवन करें।" वृक्ष तथा उद्यान की प्रतिष्ठा से परम सिद्धि की प्राप्ति होती है। पद्म पुराण में वृक्षारोपण का फल बताया गया है। पीपल का पेड़ लगाने से रोग नाश होता है और धन मिलता है। पाकड़ का पेड़ लगाने से यज्ञ का फल मिलता है। नीम का पेड़ लगाने से सूर्य देवता की कृपा हम पर बरसती है। इसी तरह बेल का पेड़ लगाने से शिव प्रसन्न होते हैं। कोई भी पेड़ लगाने से वातायन में सकारात्मक परिवर्तन होता है। पीपल, बरगद तो पूजनीय हैं ही। यजुर्वेद के शांति मंत्र में औषधियों-वस्पतियों के शांत रहने की प्रार्थना है- "पृथ्वी शांत हों, अंतरिक्ष शांत हों, वनस्पतियां औषधियां शांत हों।"

# आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ हैं लघु और कुटीर उद्योग

देश की प्रगति की ताकत ऊंची इमारतों वाले कॉरपोरेट टावरों के साथ-साथ उन कार्यशालाओं और कारखानों में भी बसती है, जहां श्रम, जिजीविषा और नवाचार मिलकर भारत का भविष्य गढ़ रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि यह क्षेत्र खासा व्यापक और निर्णायक हो चुका है। वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई का योगदान 30.1 प्रतिशत तक पहुंच गया है। भारत के कुल निर्यात में इनकी हिस्सेदारी 45.7 प्रतिशत है। उद्यम पोर्टल और उद्यम असिस्ट पोर्टल पर मिलाकर 6.5 करोड़ इकाइयां पंजीकृत हैं। इन इकाइयों ने लगभग 28 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। यह आंकड़े केवल अर्थशास्त्र की तालिकाएं नहीं, बल्कि इस तथ्य के साक्ष्य हैं कि भारत का विकास केवल बड़े कॉरपोरेट घरानों की चमक पर नहीं, बल्कि करोड़ों छोटे उद्यमों की जीवटता और परिश्रम पर भी मजबूती से टिका है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा

निर्यात में इनकी उपलब्धियां किसी भी मानक से कम नहीं हैं। वर्ष 2020-21 मंक जहां 3.95 लाख करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा 12.39 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। 2023-24 में कुल निर्यात में हिस्सेदारी 45.73 प्रतिशत रही और मई 2024 में यह 45.79 प्रतिशत तक पहुंच गई। यह निरंतर वृद्धि न केवल विदेशी मुद्रा अर्जन को सुदृढ़ करती है, बल्कि वैश्विक व्यापार में भारतीय लघु उद्योगों की विश्वसनीयता को भी स्थापित करती है।

> उद्यम और उद्यम असिस्ट पोर्टल पर 6 .5 करोड़ इकाइयां पंजीकृत हैं। इन छोटी इकाइयों ने लगभग 28 करोड़ को रोजगार दिया है। यह आंकड़े इस तथ्य के साक्ष्य हैं कि भारत का विकास केवल बड़े कॉरपोरेट की चमक पर नहीं, बल्कि करोड़ों छोटे उद्यमों की जीवटता और परिश्रम पर भी मजबूती से टिका है।

एमएसएमई की ताकत यह है कि वे केवल उत्पादन और निर्यात तक सीमित नहीं हैं। ये समाज के हर हिस्से से जुड़े हैं। गांव, कस्बे, शहर और महानगर सबकी अर्थव्यवस्था में समान रूप से योगदान करते हैं। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में वे स्थानीय संसाधनों और परंपरागत कारीगरी को नया जीवन देते हैं, तो शहरी क्षेत्रों में डिजिटलीकरण और स्टार्टअप संस्कृति को गति प्रदान करते हैं। महिलाएं और युवा इसमें उद्यमिता के नए अवसर तलाशते हैं, जबकि परंपरागत कारीगर अपनी दक्षताओं को वैश्विक बाजार तक ले जाते हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कई परंपरागत व्यवसायों को दिया गया संरक्षण इस बात का प्रमाण है कि यह क्षेत्र केवल आर्थिक विकास का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और सांस्कृतिक धरोहर का भी संरक्षक है।

स्पष्ट है कि भारत का भविष्य केवल बड़े उद्योगों के विस्तार पर नहीं टिका है। आज एमएसएमई डिजिटल रूपांतरण को अपनाकर और वैश्विक मानकों के अनुरूप ढलकर भारत को सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में निर्णायक योगदान दे रहे हैं। भारत की ताकत उन असंख्य छोटे उद्यमों की जीवटता में निहित है, जो हर दिन अपने साहस और कौशल से नई संभावनाएं गढ़ रहे हैं। यही उद्योग आत्मनिर्भर भारत की असली रीढ़ हैं और यही भविष्य के भारत का आत्मविश्वास।

# देह नश्वर है और मृत्यु अटल सत्य

सांसारिक पंचतत्व से निर्मित स्थूल देह तो नश्वर है और मृत्यु एक अटल सत्य है, किंतु सूक्ष्म शरीरधारी आत्मा का अस्तित्व किन्हीं आयामों में बना रहता है। वे अदृश्य रहकर स्वजनों के संपर्क में रहती है और बहुधा स्पष्ट संपर्क तथा मार्गदर्शन करती है। दरअसल, मृत्यु के समय आत्मा अकेले शरीर से बाहर नहीं जाती। उसके साथ सूक्ष्म शरीर भी रहता है, जिसमें 27 अवयव होते हैं। ये हैंः पंच महाभूतों यानी पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश, वायु के अपंचीकृत रूप, दसो इंद्रियां, अंतःकरण चतुष्टय यानी मन, बुद्धि चित्त और अहंकार, पंच प्राण अर्थात् प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान तथा अविद्या काम और कर्म। इसी सूक्ष्म शरीर के अंदर शरीर रहता है, जो त्रिगुणात्मक है। यानी सत, रज और तम गुणों से युक्त। इसमें ही आत्मा अकर्ता होकर विद्यमान रहती है। यही आत्मा सहित सूक्ष्म शरीर प्रेत है, जिसे 'लिंग शरीर' भी कहते हैं। यहां हम 'मिथ' की बात न करके कुछ उदाहरण साझा करते हैं।



रघोत्तम शुक्ल
रिटायर्ड पीसीएस

प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक सुकरात के साथ एक 'डेमन' रहती थी और उनका मार्ग दर्शन करके हित साधन करती थी। लेखक और इतिहासकार प्लूटार्क ने उन पर लिखी पुस्तक 'जेनियोसोक्रेटिस' में ऐसी एक घटना का उल्लेख भी किया है। वह लिखते हैं, सुकरात कुछ सहयोगियों के साथ कहीं जा रहे थे। अचानक एक जगह रुककर बोले, 'अब आगे नहीं जाएंगे। मेरा डेमन रोक रहा है। साथियों ने इसे उनके मन का भ्रम बताया और उन्हें आगे चलते रहने पर मजबूर किया। आगे एक सकरे रास्ते में कुछ जंगली सुवर मिल गए और इस ग्रुप के कई लोग बुरी तरह घायल हो गए।

फ्रांस के हेनरी चतुर्थ को ऐसी ही एक आत्मा मदद करती रहती थी। उसने उन्हें सूचना दी कि आपकी हत्या का षड्यंत्र रचा जा रहा है। हेनरी ने अपने दरबारियों से इसका जिक्र भी किया, लेकिन लोगों ने इसे वहम कहकर नजरंदाज कर दिया। आखिरकार उनकी निर्ममतापूर्वक हत्या हो गई। कोलकाता के वकील बंकिमचंद्र चटर्जी की आत्मा जब उनकी पत्नी मग्नमयी देवी, जो योगिनी थीं, द्वारा बुलाकर वार्ता की गई, तो उसने अन्य बातों के साथ यह भी कहा कि 'अमुक दिन छोटा बेटा सुरेश जब कहीं से घर आ रहा था, तो मुझे याद करके बहुत दुखी था। मैं उसके साथ-साथ सिर पर हाथ रखे घर तक आया।

सोलहवें अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अपनी हत्या की पूर्वरात्रि में स्वप्न में वह दृश्य देख लिया था, जो अगले दिन घटित हुआ। रोमन शासक जूलियस सीजर की हत्या के मुख्य कारक ब्रूटस और कैसियस थे। सीजर के समर्थकों एंटोनी और आक्टेवियस ने फिलपी के मैदान में उनसे बदला लेने के लिए युद्ध किया। युद्ध की पूर्व रात्रि जब ब्रूटस अपने शिविर में अर्द्ध निद्रावस्था में था, तो वहां सीजर की आत्मा छाया के रूप में आई। ब्रूटस ने पूछा, "कौन हो?" उत्तर मिला कि "कल फिलपी के मैदान में मिलूंगा"। उस युद्ध में ब्रूटस और कैसियस दोनों हारे और बाद में आत्महत्या कर ली।

ये कौन सी रहस्यमयी अदृश्य शक्तियों का संसार हमारे इर्द गिर्द है! पूरा पर्दा शायद कभी न उठ पाए!

# भूस्खलन की नियति बनता उत्तराखंड

देवभूमि उत्तराखंड के पहाड़ अपने प्राकृतिक सौंदर्य से देश-दुनिया को आकर्षित करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अधिकांश पहाड़ अब खोखले हो रहे हैं। यानी अपनी जड़ें खो रहे हैं और हर मानसून में इस अनुपम सौंदर्य के लिए 'वाटर बम' बन रहे हैं। अतिवृष्टि, बादल फटने, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं इन हरी-भरी वादियों को सदियों का दुख दे जाते हैं। हर आपदा में राज्य और केंद्र सरकार प्रभावितों की हरसंभव मदद करती है, लेकिन हमें भविष्य के खतरनाक संकेतों को समझना और संभलना होगा।

हिमाचल, जम्मू कश्मीर जैसे राज्य भी अतिवृष्टि से अछूते नहीं हैं, मगर उत्तराखंड इनमें सर्वाधिक संवेदनशील बनकर उभरा है। हिमाचल के साथ बादल फटने की विनाशकारी घटनाओं का केंद्र बन चुका यह राज्य, जान-माल के भारी नुकसान के साथ भीषण तबाही झेल चुका है। कुमाऊं और गढ़वाल मंडल ने बादल फटने से आई तबाही के असहनीय दर्द झेले हैं। मानसून का आखिरी सत्र सितंबर शुरू हो चुका है, जिसे कमतर नहीं आंका जा सकता।

राज्य में बादल फटने की प्रमुख घटनाओं का जिक्र करें तो 17 अगस्त 1998 को कुमाऊं की काली घाटी में भीषण तबाही हुई थी। 16 व 17 जून 2013 की केदारनाथ आपदा का नाम सुनकर तो कलेजा कांप जाता है। वर्ष 2004 से इस साल तक बादल फटने की 22 से ज्यादा छोटी-बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि भविष्य में इसका दायरा शीतकाल के पश्चिमी विक्षोभ के वर्षाकाल में घटने से इंकार नहीं किया जा सकता। मानसून के विदाई कालखंड को इसलिए संवेदनशील माना जा रहा है कि यह माह तापमान के लिहाज से असंतुलित रहता है। मानसून का अधिकांश पानी बरस चुका होता है, लेकिन धरातल में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी और ऊपरी वायुमंडल में तापमान में कमी बादल फटने में मददगार हो सकते हैं।



अमित शर्मा
हल्द्वानी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि पूर्वानुमान के लिए तकनीक विकसित करनी होगी। इसके लिए हिमालय क्षेत्र में हिमालय की डिजिटल मैपिंग, ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन का विस्तार, रोजाना बैलून विधि, सीलोमीटर, क्लियर रडार (विंड प्रोफाइलर), क्लाउड रडार, डॉपलर रडार और बादलों को हटाने वाली क्लियर टेक्नोलॉजी इजाद करनी होगी, जिससे बादल फटना ही नहीं, बल्कि अन्य आपदाओं का भी पूर्वानुमान लगाना आसान हो जाएगा। विदेशों में ये तकनीक विकसित हो चुकी हैं।

> सितंबर 1880 में शहर में हुए भूस्खलन ने अंग्रेजों को प्रकृति के संरक्षण के लिए सोचने पर विवश कर दिया था। भूस्खलन के बाद शहर बचाने को कड़े नियम बनाए गए। नालों का जाल बिछाया गया था, ताकि बारिश का पानी अपनी नियत राह पकड़ बहता चला जाए।

कुमाऊं और गढ़वाल मंडल का वातावरण और भौगोलिक परिस्थितियां लगभग एक जैसी हैं। यह दोनों क्षेत्र हिमालय से सटे हैं। हिमालय की जलवायु के इन दोनों मंडलों को प्रभावित करने से इन दोनों ही क्षेत्रों में एकसमान आपदाएं आती हैं। कुमाऊं के पहाड़ शांत और शर्मीले हैं, तो गढ़वाल क्षेत्र में कुमाऊं की तुलना में अधिक ऊंचे और खड़े पहाड़ हैं, जो बादलों को रोकने में अधिक सहायक होते हैं और बादल फटने की घटनाओं को जन्म देते हैं।

नैनीताल भूस्खलन से सबक लेने का जीता जागता उदाहरण है। सितंबर 1880 में शहर में हुए भूस्खलन ने अंग्रेजों को प्रकृति के संरक्षण के लिए सोचने को विवश कर दिया था। उस भूस्खलन में 151 लोग दफन हो गए थे। हालांकि पहला दर्ज भूस्खलन 1866 में हुआ था। 1879 में भी आल्मा हिल में एक बड़ा भूस्खलन हुआ था, तब जाकर अंग्रेज प्रशासक प्रकृति के पालनहार बने थे। भूस्खलन के बाद शहर बचाने को कड़े नियम बनाए गए, जो अब फाइलों में दफन होकर रह गए हैं। नालों का जाल बिछाया गया था, ताकि बारिश का पानी अपनी नियत राह पकड़ बहता चला जाए। सड़कों के नीचे बनाए गए कलमठ तेज बारिश में सड़कों और पहाड़ों के सुरक्षा कवच का काम करते थे। वर्तमान में ये अधिकांश कलमठ अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं या दम तोड़ गए हैं।

इतिहासकार व पर्यावरणविद् प्रो. अजय रावत कहते हैं कि नैनीताल समेत पर्वतीय क्षेत्रों के पहाड़ों के दरकने की रफ्तार तेज हो चली है। दो दशक पहले तक हालात सामान्य थे, मगर बेतरतीब विकास ने यहां की आबो-हवा के साथ पर्यावरण का सुखचैन छीन लिया है। अभी भी समय है चेतने का, शासन, प्रशासन के साथ आमजन को भी पर्यावरण के प्रति सजग रहना होगा। तभी हम पहाड़ों को बचा पाएंगे।

# जब बोया पेड़ बबूल का तो फिर आम कहां से होय!

चाहता हर कोई है कि वह धन-धान्य से परिपूर्ण रहे। समाज में खूब प्रतिष्ठा हो तथा घर भी सुकून भरा हो, लेकिन चाहने मात्र से कोई काम तो हो नहीं सकता। हम कुछ करें भी नहीं। पूरे-पूरे दिन मौज में डूबे रहें, तो आसमान से पैसा टपकेगा नहीं कि सुबह सो के उठे और छत पर गए, बटोर लिए पैसे। ऐसे ही समाज में इज्जत के लिए आसपास पड़ोस के लोगों से कहें कि वे हमें साहब, हुजूर, मालिक कहें तथा देख के खड़े हो जाएं, जबकि काम तो ठीक इसके विपरीत करते रहे। हमेशा एक-दूसरे की चुगली की। सोचा था कि आसपास के लोग आपस में लड़ते रहेंगे तो सभी लोग हमें सलामी ठोकते रहेंगे। अब घर की बात की जाए तो पारिवारिक दायित्वों से हमेशा दूर रहकर घर में खुशहाली की कल्पना कहां तक सार्थक है?



सलिल पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार

मतलब यही निकलता है कि हर मोर्चे पर हम नकारात्मक जीवन जीते रहे और परिणाम सार्थक तथा सकारात्मकता की चाहते रहे, जबकि कहावत है कि 'बोया पेड़ बबूल का, आम कहां से होय?' आम खाने के लिए आम का ही बीज बोना पड़ेगा। इसके लिए सबसे पहली शुरुआत घर से नहीं, बल्कि बाहर से करनी पड़ेगी। जब हम घर के बाहर के लोगों को बेइज्जत करते रहेंगे, लोगों को परेशान करते रहेंगे तो वही रवैया घर में भी अपनाएंगे, क्योंकि बाहर के लोगों के साथ किया जाने वाला आचरण कुछ दिनों में आदत बन जाती है।

इंसान के सामने सबसे बड़ा संकट बाहर की गुलामी नहीं, बल्कि खुद की आदतों की गुलामी ज्यादा कष्ट देती है, जबकि इसके विपरीत हम यह सोचें कि हम प्रसन्नता चाहते हैं तो आसपास पड़ोस के लोग भी तो प्रसन्नता चाहते होंगे। ऐसा तो कोई मिलेगा नहीं जो कहे, हम दुःखी रहना चाहते हैं। सीधा फार्मूला है कि हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। आसपास पड़ोस के लोगों को एक-एक कर तंग किया है, मित्रों के साथ धोखेबाजी की है, सहकर्मियों के साथ द्वेष किया है तो एक दिन ऐसा आएगा कि सब आपस में मिलकर हमें सबक सिखा बैठेंगे। अब रही धन-धान्य की बात तो उसके लिए कर्म करना पड़ेगा। वह भी ईमानदारी पूर्ण कर्म हो। बेईमानी का कर्म हमेशा सफल नहीं होता है, इसलिए कहा गया है कि 'जैसी करनी वैसी भरनी।

# नेपाल: वर्चस्व की रणनीति बनाने में जुटे मधेशी नेता

नेपाल के मधेश क्षेत्र में राजनीतिक वर्चस्व की बिसात बिछने लगी है। पिछले दिनों भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु में एक माओवादी नेता के यहां जुटे मधेश क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं में मधेश क्षेत्र में मधेशी दलों के वर्चस्व को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र के तमाम वे नेता भी मौजूद रहे, जो नेपाल की राजनीति में थोड़ा बहुत दखल रखते हैं।



मधेश क्षेत्र भारत सीमा को स्पर्श करता है और इसमें नेपाल के 22 जिले स्थित हैं। यहां की करीब 90 लाख की आबादी भारतीय मूल की है और ये लोग स्वयं को भारत के निकट महसूस करते हैं। लोकतंत्र बहाली के बाद यहां की राजनीति में मधेशी और पहाड़ी वर्चस्व की जंग में मधेश की राजनीति कमजोर हुई है। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में मधेश क्षेत्र के सांसदों की संख्या इतनी होती थी कि वे सरकार बनाने और गिराने की ताकत रखते थे। नेपाल में जितने बड़े राष्ट्रीय दल हैं, सब के सब पहाड़ी वर्चस्व वाले हैं, लेकिन मधेश के सांसदों की संख्या उन्हें सदैव डराती रही है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसे में पहाड़ी वर्चस्व वाली सरकारों ने एक चाल चली। संसदीय सीटों के नए सिरे से परिसीमन की। मधेश के करीब 80 संसदीय सीटें पूर्व में पूरब और पश्चिम के क्षेत्रफल में रही हैं, जो मधेश बाहुल्य हैं और चुनावों में यहां से मधेशी उम्मीदवार ही जीतता था, वह चाहे जिस दल का हो। नेपाल की राजनीति में मधेश के अस्तित्व को समाप्त करने के षणयंत्र के तहत यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम से बदल कर उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर कर दिया गया। उत्तर की ओर पहाड़ी जनसंख्या अधिक है और वे एक मत होकर पहाड़ी उम्मीदवारों को जिताते हैं। संसदीय सीटों के परिसीमन में बदलाव का नतीजा यह हुआ कि प्रतिनिधि सभा में मधेशी सांसदों की संख्या कम होती गई और नेपाल की राजनीति में वे अलग-थलग पड़ते गए। मौजूदा प्रतिनिधि सभा में मधेशी सांसदों की संख्या बेहद कम है और वे बिखरे हुए भी हैं।

मधेश के कट्टर माओवादी नेता रामलोटन तिवारी के यहां हुई विभिन्न दलों के मधेशी नेताओं के जुटान में मैदानी इलाके की राजनीति में पहाड़ी वर्चस्व को रोकने को लेकर गहन चर्चा हुई। इसके लिए किसी भी दल का कोई भी मधेशी नेता हो, वे अंदरूनी तौर पर एक ऐसा मंच स्थापित करने की दिशा में आगे आए, जिसके माध्यम से वे एक-दूसरे से संपर्क बनाए रखें। इतना ही नहीं इसके लिए नेपाल के तराई से सटे भारतीय क्षेत्रों के प्रभावशाली नेताओं जैसे पूर्व राज्यमंत्री नर्वदेश्वर शुक्ल, पूर्व मेयर रामनरेश उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता राधे रमण त्रिपाठी आदि की भी सहभागिता रही। इन भारतीय नेताओं का नेपाल में अपनी जाति विशेष में थोड़ी-बहुत पकड़ है और ये वहां की सीमावर्ती राजनीति में भी दखल रखते हैं। नेपाल की तराई के अधिकांश लोगों की नाते-रिश्तेदारी भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में है। भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी के संबंध की इबारत यहीं से लिखी गई। रिश्तों की डोर में बंधे भारत और नेपाल के लोग एक-दूसरे के संपर्क में बने रहते हैं।

पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा का कहना है कि मधेशी नेता चाहे जिस दल से जीतेगा, कुछ तो उसके अंदर मधेश प्रेम रहेगा। रामलौटन तिवारी के यहां आयोजित कार्यक्रम में नेपाल के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सहस राम यादव, विधायक सुधाकर पांडेय, पूर्व मंत्री दान बहादुर चौधरी, पूर्व सांसद व पूर्व विधायक दृग नरायण पांडेय उर्फ पप्पू मेयर, अब्दुल कलाम सहित मधेश क्षेत्र के ढेर सारे पूर्व सांसद और पूर्व विधायक शामिल हुए। बैठक में जिस तरह विभिन्न दलों के मधेशी नेताओं की उपस्थिति रही, उससे यह लगा कि यदि मधेशी नेताओं की यह रणनीति कामयाब हो पाई तो निःसंदेह नेपाल में एक बार फिर मधेश राजनीति नई ताकत के साथ खड़ा होने में कामयाब होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## फिल्मों व पार्टियों में हीरोइनों के हॉटेस्ट ट्रेंड्स ब्यूटी व हाई फैशन ग्लैम का बिखेरते रहते जलवा

# बॉलीवुड ने साड़ी को दिया ट्रेंडी स्टाइल

फैशन और लाइफस्टाइल में तमाम बदलावों के बीच परंपरागत भारतीय परिधान साड़ी का ग्लैमर कभी कम नहीं होता। सदियों से साड़ी का क्रेज अपनी जगह पर कायम है। यह महिलाओं की खूबसूरती बढ़ाने वाला ऐसा परिधान है, जो कभी आउट आफ फैशन नहीं होता है। बॉलीवुड और फैशन डिजाइनर मिलकर इन्हें लगातार फिर से आकर्षक, ताजा, हल्का और पहनने लायक बनाते रहते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि बॉलीवुड सिर्फ साड़ी नहीं पहनता, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में साड़ी के एहसास को नए-नए आकार देता रहता है। सालों से तमाम अभिनेत्रियों ने फिल्मों में साड़ी पहनकर देसी और हॉट ग्लैमरस लुक के नए ट्रेंड्स बनाए हैं, और साड़ी जैसा परंपरागत पहनावा भी सेक्सी हो सकता है, इसे अपनी फिल्मों से साबित किया है।





## सुंदरता की परिभाषा, आकर्षण का जादू जैसी सिल्क साड़ियां

कहते हैं, सिल्क की साड़ियां कभी पुरानी नहीं होती हैं। इन साड़ियों का जादू भारतीय सुंदरता को परिभाषित करने की ताकत हमेशा बनाए रखता है। दीपिका पादुकोण और रेखा जैसी अभिनेत्रियां लगातार याद दिलाती रहती हैं कि कांजीवरम सिल्क से बढ़कर कुछ नहीं है। चाहे वह शुद्ध सोने की जरी हो या महीन मुलायम पेस्टल धागे, ये साड़ियां हमेशा महत्वपूर्ण रहती हैं। हल्की, मुलायम और पहनने में आसान। रेखा का सुनहरे और लाल कांजीवरम साड़ियों का अंतहीन संग्रह इन साड़ियों के पुराने आकर्षण को बरकरार रखता है। शादी समारोह के मौके पर दुल्हनें आज भी सिल्क के गुलाबी, लाल या पेस्टल कलर के मनमोहक लुक को ही चाहती हैं।

प्रस्तुति : मनोज त्रिपाठी, कानपुर

### जरी ग्लास साड़ी फैशन के नए स्टाइल का स्टेटमेंट

- वर्तमान में जरी ग्लास साड़ी सिर्फ ट्रेंड नहीं, बल्कि फैशन के नए स्टाइल का स्टेटमेंट बन चुकी है। इसकी एस्थेटिक ब्यूटी और एलिगेंस इसे हर खास मौके के लिए परफेक्ट बनाते हैं। आज जरी ग्लास साड़ी के लुका का बॉलीवुड से लेकर सोशल मीडिया तक हर कोई दीवाना है। जान्हवी कपूर, सोनम कपूर जैसी अभिनेत्रियों से लेकर फैशन इन्फ्लुएंसर्स तक, सभी इस ग्लैमरस साड़ी को अलग-अलग अंदाज में कैरी कर रही हैं। कंगना रनौत चुपचाप बनारसी सिल्क साड़ियों को वापस लाती रहती हैं। उनके लिए इसमें कोई झंझट नहीं, बस एक सादा ब्लाउज, भारी साड़ी और सिंपल बाल खूबसूरत लुक बना देता है। जब भी वो इसे पहनती हैं, बनारसी साड़ियों की बिक्री बढ़ जाती है। नए बनारसी डिजाइन भी हल्के रंगों पर केंद्रित हैं। धूल भरे गुलाबी, फीका पुदीना रंग, पुराने सुनहरे रंग, भारी-भरकम ब्रोकेड की बजाय छोटी बूटियां। पहनने में आसान, कम वजन, लेकिन आकर्षण वही।

### रेड कार्पेट और अवॉर्ड नाइट्स में स्टाइलिश अंदाज सीक्विन साड़ी

- सीक्विन साड़ियों को बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने फैशन में लोकप्रिय बना दिया है। रेड कार्पेट या अवॉर्ड नाइट्स के लिए अभिनेत्रियां सीक्विन वर्क की साड़ी पसंद करती हैं। कियारा आडवाणी और जान्हवी कपूर ने सिल्वर, शैंपेन और यहां तक कि काले रंग की चमकदार सीक्विन साड़ियां पहनी हैं। नोरा फतेही ने कई बार सीक्विन मैटेलिक साड़ी को अपने बोल्ड और फेमिनिन स्टाइल के साथ पेयर करके एक अलग लुक दिखाया है। दरअसल, ये साड़ियां रात के लिए हैं। बोल्ड तस्वीरों, स्पॉटलाइट और तेज संगीत वाली महफिल के लिए। इन्हें पारिवारिक समारोहों में नहीं पहना जा सकता। लेकिन ये ट्रेंड में इसलिए रहती हैं क्योंकि बॉलीवुड इन्हें जिंदा रखता है।





### रॉयल, ग्रेसफुल पर सौम्य लुक देती है ट्रांसपरेंट ऑर्गेंजा साड़ी

ऑर्गेंजा साड़ियों को लाइटवेट और ट्रांसपरेंट फ्रैबिक होने के नाते अक्सर कैरी करती नजर आती हैं। यह साड़ियां रॉयल और ग्रेसफुल लुक प्रदान करती हैं। आलिया भट्ट ने ऑर्गेंजा साड़ियों की श्रृंखला के सौम्य चलन को जन्म दिया है। पारदर्शी और मुलायम ऑर्गेंजा साड़ियां वजन में हल्की होती हैं, लेकिन आकार बनाए रखती है। इन साड़ियों को प्लीट करना आसान होता है और ये बिना चिपके मुलायम होकर गिरती हैं। बॉलीवुड को ऑर्गेंजा साड़ियों में सेज ग्रीन, बटर येलो, सॉफ्ट लिलाक कलर ज्यादा पसंद आ रहे हैं। युवा अभिनेत्रियां थ्रेड वर्क या बिखरे हुए फ्लोरल प्रिंट वाले प्लेन ऑर्गेन्जा पसंद कर रही हैं। ऐसी साड़ियां दिन के समारोह, मेहंदी जैसी आयोजनों के लिए पसंद की जा रही हैं। मिनिमल मेकअप और सिंपल हेयर स्टाइल के साथ यह साड़ी नेचुरल ग्लो देती है।

### लाइट मेकअप के साथ रफल्ड साड़ियां बनातीं अट्रैक्टिव लुक

शिल्पा शेट्टी और कैटरीना कैफ ने रफल्ड साड़ियों को पिछले साल पार्टियों की शान बनाया था। इससे पहले मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने सफेद रफल्ड साड़ी पहनकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरी थीं। सोनम कपूर, लारा दत्ता और माधुरी दीक्षित तक इन साड़ियों के प्रति दीवानगी दिखा चुकी हैं। रफल्ड साड़ियों के बॉर्डर पर लहरिया स्टाइल का लेस होता है, साड़ी बांधने पर यह लेस घूमकर पल्लू तक आता है, और सेक्सी लुक देता। ये साड़ियां कॉकटेल नाइट्स, संगीत और शादी से पहले के कार्यक्रमों के लिए हैं। पेस्टल या मेटैलिक रंगों में रफल्ड जॉर्जेट साड़ियां नई और ताजा दिखती हैं।



## इस सप्ताह रिलीज होने वाली फिल्में

### 'एक चतुर नार' है डार्क कॉमेडी थ्रिलर




टी सिरीज की इस फिल्म में दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश दमदार किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर में रहने वाली होनहार लड़की की है, जो काफी महत्वाकांक्षी और चतुर है। एक बड़े आदमी का निजी वीडियो हाथ लगने के बाद वह आगे बढ़ने के लिए इस वीडियो के सीढ़ी की तरह स्तेमाल करती है। फिल्म को लेकर दिव्या ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, नागिन और नेवले का वार देखने के लिए हो जाओ तैयार।

### विदेशों में सराही गई 'जुगुनमा' अब पर्दे पर



इस फिल्म को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहा जा चुका है। अब भारत में रिलीज की जा रही है। यह एक मैजिकल और रियलिस्टिक टाइप की पिल्म है, जिसमें मनोज बाजपेई प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी 1980 दशक की है। इसमें जुगनू बने मनोज बाजपेयी रहस्यमयी तरीके से जल रहे जंगलों के बारे में पता लगाते हैं। दीपक डोबरियाल, तिलोत्तमा शोम, हीरल सिद्धू भी अहम किरदार में हैं।

### 'लव इन वियतनाम' एक रोमांटिक ड्रामा



यह फिल्म एक क्रॉस कल्चरल रोमांटिक प्रेम कहानी है, जो भारत और वियतनाम की पृष्ठभूमि में बुनी गई है। अवनीत कौर तथा शांतनु मिश्रा की इस फिल्म ने चीन में इतिहास रच दिया है, यह वहां 10 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनने जा रही है। फिल्म में वियतनामी एक्ट्रेस खा नागन के अलावा फरीदा जलाल, गुलशन ग्रेवर व राज बब्बर भी नजर आएंगे।

### हीर एक्सप्रेस : दिल छू लेने वाला फैमिली ड्रामा



इस फिल्म में पंजाब से यूके जाने वाली लड़की हीर के सपनों की कहानी है, जहां उसे तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हीर के रोल से बालीवुड में दिविता जुनेजा डेब्यू कर रही हैं। हीरो के रोल में प्रीत कमानी हैं। आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर व संजय मिश्रा फिल्म को फैमिली ड्रामा बनाते हैं।

## अरमानी माने फैशन की दुनिया में आसमानी क्रांति



फैशन इंडस्ट्री का किंग कहे जाने वाले जियोर्जियो अरमानी अपने पीछे सांस्कृतिक विरासत के साथ फैशन का इतिहास छोड़ गए हैं। 91 साल की उम्र में अरमानी का दो दिन पहले निधन हो गया। वह आधुनिक इतालवी शैली और शानो-शौकत के लिए जाने जाते थे। उन्होंने इटली को फैशन की दुनिया में नई ऊंचाई दी थी। अरमानी ने साहस दिखाते हुए लड़कियों को लड़कों और लड़कों को लड़कियों के कपड़े पहनाकर साबित किया था कि फैशन की दुनिया में क्रिएटिविटी की कोई सीमा नहीं है। आधी सदी तक फैशन और स्टाइल की दुनिया पर राज करने वाले अरमानी को बेहतरीन डिजाइनर माना जाता था। उनके डिजाइन किए हुए कपड़े राजघरानों के सदस्य और मशहूर हस्तियां पहनने के लिए बेताब रहती थीं। अरमानी ने अपनी क्रिएटिविटी से एक नया ग्लोबल लाइफस्टाइल खड़ा किया। उन्होंने सिर्फ डिजाइनर आउटफिट्स ही नहीं परफ्यूम, होम डेकोर और दूसरी क्रिएटिव फील्ड में भी नाम कमाय। उनका मानना था कि लोग फैशनेबल नजर आने के चक्कर में खुद को कपड़ों से लाद लेते हैं, जबकि ये गलत है। इसकी जगह लाइट परिधानों के साथ कंफर्ट का ध्यान रखकर भी स्टाइलिश नजर आया जा सकता है। अरमानी ने 1970 में ऐसा ट्रेंड सेट किया कि जिसका पूरी दुनिया के ड्रेसिंग स्टाइल पर असर पड़ा। उन्होंने हॉलीवुड के रेड कार्पेट पर भी अपनी मजबूत पकड़ बनाई। जोड़ी फॉस्टर की 1992 की ऑस्कर लुक से लेकर जूलिया रॉबर्ट्स तक, कई बड़ी हस्तियों ने उनके द्वारा डिजाइन किए गए परिधान ही पहने। उनके सूट्स और गाउन्स ने रेड कार्पेट फैशन को पूरी तरह बदल दिया। अरमानी के बाद रेड कार्पेट पर लग्जरी ब्रांड्स का कम्पटीशन बढ़ गया। लेकिन अरमानी फैशन की दुनिया में ब्रांड के साथ रईसी और एलीगेंस की पहचान बना रहा।

*फीचर डेस्क, कानपुर*

## अभिनेता सौरभ शुक्ला बोले-थिएटर, वेब सीरीज और फिल्में केवल दर्शकों तक पहुंचने का माध्यम

# जॉली एलएलबी 3 हंसाने के साथ करेगी सिस्टम पर चोट

बातचीत



जॉली एलएलबी की दो फिल्मों की सफलता के बाद जॉली एलएलबी 3 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बरेली नाट्य महोत्सव में शामिल होने बरेली आए अभिनेता सौरभ शुक्ला ने 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली अपनी फिल्म जॉली एलएलबी 3 पर चर्चा की। इस फिल्म में जज सुंदर लाल त्रिपाठी का दमदार किरदार निभाने वाले सौरभ ने बताया कि पिछली दो फिल्मों की तरह ये फिल्म भी लोगों को हंसाने के साथ सिस्टम पर चोट करेगी, क्योंकि फिल्म के निर्देशक सुभाष कपूर पेशे से पत्रकार रहे हैं, इसलिए मनोरंजन के साथ फिल्म दिखाने के अपने उद्देश्य से कभी नहीं भटकते हैं। बरेली के एक होटल में अमृत विचार से बातचीत में अभिनेता सौरभ शुक्ला ने नाटक के अभिनय, वर्तमान में थिएटर और अन्य माध्यमों के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने अपने नाटक 'बर्फ' के बारे में बताया कि इसका अभिनय वह 200 से अधिक बार कर चुके हैं, लेकिन पहली बार बरेलीवासी इससे रूबरू होंगे। यह एक थ्रिलर नाटक है, जिसमें रोमांच, रहस्य और पहेली का मिश्रण है। इस नाटक की स्क्रिप्ट एक सस्पेंस फिल्म के लिए लिखी गई थी, जो कश्मीर की बर्फीले वादियों में एक रहस्यमय गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म की स्क्रिप्ट को नाटक में तब्दील करने का अर्थ था कि कश्मीर की वादियों के असल लुत्फ से दर्शकों को दूर ले जाना, लेकिन इस नाटक के विजुअल को थिएटर में भी जीवंत करने के लिए स्टेज डिजाइनर राहुल का हाथ है, जिन्होंने थिएटर में ही कश्मीर की बर्फ और सस्पेंस के माहौल को पैदा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। अभिनेता सौरभ ने बताया कि थिएटर, वेब सीरीज और फिल्में केवल दर्शकों तक पहुंचने का माध्यम हैं, इनसे किसी कलाकार के अभिनय पर फर्क नहीं पड़ता है। कंटेंट अच्छा है तो किसी भी माध्यम में लोगों को पसंद आता है।

### सस्पेंस-थ्रिलर नाटक बर्फ से दर्शकों के दिलों में उतरेंगे

- अभिनेता सौरभ शुक्ला बरेली में अस्तिता फाउंडरेशन ड्रामा ड्रॉपआउट्स और वेगमाइन सिटी मॉल की ओर से प्रभावे ऑडिटोरियम अर्बन हाट में आयोजित सात दिवसीय बरेली नाट्य महोत्सव में शामिल होने आए हैं। यहां रविवार को वह सस्पेंस-थ्रिलर नाटक 'बर्फ' के जरिए दर्शकों के दिलों में उतरेंगे।

### युवाओं को संदेश सीखने की ललक कम न होने दें

- सौरभ शुक्ला ने फिल्मी सितारों के स्टारडम पर कहा कि स्टारडम उसी का होता है, जिसे लोग पसंद करते हैं। यह कोई देने वाली वस्तु नहीं है, न ही कोई नई चीज है। हर दौर में ऐसे सितारे हुए हैं, जो अन्य से अधिक लोकप्रिय रहे। युवाओं को संदेश देते हुए बोले, हमेशा युवा बने रहें, अपनी सोच को सीमित और सीखने की ललक को कम न होने दें, यदि सीखना बंद कर देंगे तो बूढ़े होने लगेंगे।

### आज भी रहती है थिएटर में परफार्मेंस की उत्सुकता

दिग्गज अभिनेता होने के साथ सौरभ शुक्ला मंझे हुए थिएटर कलाकार भी हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बरेली के लोगों से मिलकर प्रसन्नता हुई। वह किसी सामान्य कलाकार की तरह आज भी अपने नाटक की परफार्मेंस के लिए मेहनत करते हैं और दर्शकों के बीच जाने के लिए उत्साहित रहते हैं। किसी कलाकार को केवल तब प्रसन्नता होती है, जब उसकी कला को सराहना मिलती है। लोग उसे नाम से नहीं उसके काम से जानते हैं।



लेखिका: शब्या सिंह तोमर, बरेली

## इंडियन बैंक सुरक्षित वेब पोर्टल पर स्थानांतरित

चेन्नई। इंडियन बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार अपनी कॉरपोरेट वेबसाइट का डोमेन बदलकर 'इंडियन बैंक डॉट बैंक डॉट इन' कर दिया है। पूरी कवायद का मकसद धोखाधड़ी के खिलाफ मजबूत सुरक्षा उपाय करना और डिजिटल बैंकिंग समाधानों में जनता का भरोसा बढ़ाना है। चेन्नई स्थित इस बैंक ने बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) के तहत यह पहल की है, जो इस डोमेन का विशेष रजिस्ट्रार है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 7 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2615, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2650, फॉर्चुन 13 किग्रा 1940, जय जवान 1960, सचिन 2040, सूरज 1960, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1880, क्लासिक (किग्रा) 2095, मोर 2150, चक्र टिन 2360, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2460, स्वास्तिक 2555

**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000–17000, धनिया 9000–11000, अजवायान 13500–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800–1000, बादाम 780–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400–600, मखाना 900–1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1–5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800–13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7550–8900, मलका छोटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000–9000, मसूर दाल छोटी 9500–11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000–11000, चना काला 6950, दाल चना 7500, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7000, डबरा 7200–9200, सच्चा हीरा 9200, मोटा हीरा 11200, अरहर गोला मोटा 8500, अरहर पटका मोटा 8900, अरहर कोरा मोटा 9400, अरहर पटका छोटा 9800–10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी :** डालमियां 4420, पीलीभीत 4340, सितारगंज 4300, धामपुर 4420

# जीएसटी में बदलाव से हर परिवार को होगा लाभ

## वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- खपत को मिलेगा बढ़ावा और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि जीएसटी में व्यापक बदलाव 'लोगों के लिए सुधार है' और इस कदम से देश के हर परिवार को लाभ होगा। साथ ही इस कदम से खपत को बढ़ावा मिलेगा और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था को गति मिलगी।

सीतारमण ने कहा कि हम दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को देने के लिए उद्योगों से बातचीत कर रहे हैं और उनका रुख सकारात्मक है। वह स्वयं 22 सितंबर से (जीएसटी दरों में कटौती के लागू होने की तिथि) इस बात पर विशेष नजर रखेंगी कि दरों में कटौती का लाभ लोगों को मिले। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।

सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामानों समेत करीब 400 वस्तुओं पर दरें



● बोलीं- दरों में कटौती का लाभ आमजन को देने के लिए उद्योगों से कर रहे बात

कम की गयी हैं। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी में व्यापक बदलाव लोगों के लिए सुधार है और इस कदम से देश के 140 करोड़ लोगों पर सकारात्मक असर होगा। हर परिवार को इससे लाभ होगा। गरीब से गरीब लोग भी कुछ-न-कुछ खरीदते हैं, उन पर भी दरों में कटौती का सकारात्मक असर होगा।

सीतारमण ने कहा कि यह सुधार 2017 में एक राष्ट्र, एक कर व्यवस्था लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा सुधार है और इसे आम आदमी को ध्यान में रखकर किया गया है। रोजमर्रा की जरूरत की हर वस्तु पर लगने वाले कर की कड़ी समीक्षा की गई है और ज्यादातर मामलों में दरों में भारी कमी आई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे अब वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं। सीतारमण ने कहा कि इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांछाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी।'' उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल दर में कटौती का मामला नहीं है बल्कि कंपनियों के लिए भी चीजें आसान होंगी। चाहे रिफंड का मामला हो या फिर अनुपालन का या पंजीकरण का, उनके लिए चीजें और सुगम होंगी।

सीतारमण ने कहा, एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने पर, 90 प्रतिशत रिफंड स्वतः ही निश्चित समय के भीतर क्लियर हो जाएंगे। साथ ही तीन दिनों के भीतर कंपनियां सफलतापूर्वक अपना पंजीकरण करा सकेंगी। इसलिए, इसका लोगों और कंपनियों पर, विशेष रूप से छोटे उद्यमों, किसानों पर चौतरफा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि वे जो उपकरण खरीदेंगे, वे जो कीटनाशक खरीदेंगे, वे सभी सस्ते होने जा रहे हैं। जीएसटी परिषद में इस बात को लेकर आम सहमति थी कि लोगों को लाभ मिलना चाहिए हालांकि कुछ राज्य जरूर राजस्व को लेकर चिंतित थे। लेकिन इस बात को लेकर एक सहमति थी कि दरों में कटौती से फायदा होना चाहिए। जीएसटी दरों में कमी से वस्तुओं के दाम कम होंगे और खपत बढ़ेगी और इससे राजस्व बढ़ने के साथ अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

### सीतारमण ने जीएसटी सुधारों को समर्थन देने के लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों को पत्र लिखकर आभार जताया

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों को पत्र लिखकर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव को लागू करने में उनके समर्थन और सक्रिय भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया है। सीतारमण ने कहा कि राज्यों ने कर दरों में बदलाव के प्रस्ताव पर अपने विचार रखे, लेकिन अंततः इस बात पर सहमत हुए कि जीएसटी दरों में कटौती आम आदमी के हित में है। इसी तर्क के आधार पर इस सप्ताह की शुरुआत में जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी दरों में कटौती का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जीएसटी परिषद की बैठक में तीन सितंबर को जीएसटी में व्यापक सुधारों पर सहमति बनी थी। जीएसटी परिषद की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

# कृषि उत्पादों पर दरों में कटौती की सराहना

नई दिल्ली, एजेंसी

फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने किसानों के लिए कृषि से जुड़े समानों पर से जीएसटी दरों में कटौती के फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, संगठन ने सरकार से बीज क्षेत्र के लिए भी ऐसी ही राहत की मांग की है, ताकि बीज की उत्पादन लागत घटाई जा सके और किसानों को किफायती दरों पर बीज मिल सकें।

उद्योग संगठन ने कहा कि उर्वरक के कच्चे माल, जैविक कीटनाशकों, सूक्ष्म पोषक तत्वों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी में कटौती का यह कदम कच्चे माल की लागत को काफी हद तक कम करेगा और आर्थिक गति पैदा करेगा। एफएसआईआई के चेयरमैन और सवाना सीड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय राणा ने कहा कि यह भारतीय कृषि के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। सरकार ने सीधे किसानों को सशक्त किया है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। हालांकि, एफएसआईआई ने कहा कि बीज क्षेत्र में भी इसी तरह के सुधार की आवश्यकता है। वर्तमान में, बीजों पर जीएसटी छूट होने के कारण, उद्योग को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ नहीं मिल पाता।



### कटौती से 10 करोड़ किसानों को फायदा

**नई दिल्ली।** डेयरी उत्पादों, कृषि से जुड़े सामानों और खाद्य प्रसंस्करण की चीजों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती से 10 करोड़ से ज्यादा डेयरी किसानों को सीधा फायदा होगा और सहकारिता क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। सहकारिता मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव से उर्वरक बनाने में लगने वाले उल्टे कर ढांचे की समस्या खत्म होगी और इससे किसानों के लिए कीमतों में बढ़ोतरी को रोकने में मदद मिलेगी तथा बुआई के मौसम में उन्हें समय पर जरूरी चीजें मिल पाएंगी।

# महिंद्रा ने जीएसटी दर कटौती के बाद वाहनों की कीमत 1.56 लाख रुपये तक घटाई

नई दिल्ली, एजेंसी

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपने यात्री वाहनों की कीमत को तत्काल प्रभाव से 1.56 लाख रुपये तक घटा दिया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शनिवार को कहा कि कीमत में कटौती तीन सितंबर, 2025 को आयोजित 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में संशोधित जीएसटी की घोषणा के बाद की गई है।

कंपनी ने कहा कि सभी लागू आईसीई वाहनों के लिए संशोधित कीमतें छह सितंबर 2025 से प्रभावी



होंगी और ये बदलाव सभी डीलरशिप और डिजिटल मंच पर पारदर्शिता के साथ अपडेट किए जाएंगे। कंपनी ने बोलेरो/नियो रेंज की कीमत में 1.27 लाख रुपये, एक्सयूवी3एक्सो (पेट्रोल) में 1.4 लाख रुपये, एक्सयूवी3एक्सओ (डीज़ल) में 1.56 लाख रुपये, थार 2डब्ल्यूडी (डीजल) में 1.35 लाख रुपये, थार 4डब्ल्यूडी (डीजल) में 1.01 लाख रुपये और स्कॉर्पियो क्लासिक की कीमत में 1.01 लाख रुपये की कटौती की है। इसी तरह, स्कॉर्पियो-एन की कीमत में 1.45 लाख रुपये, थार रॉक्स में 1.33 लाख रुपये और एक्सयूवी700 में 1.43 लाख रुपये की कटौती की गई है। रेनो इंडिया ने भी कहा कि जीएसटी दर में हालिया कटौती का पूरा लाभ खरीदारों तक पहुंचाने के लिए वह अपने वाहनों की कीमतों में 96,395 रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### वाहनों की कीमतों में 3.49 लाख की कटौती करेगी टोयोटा

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शनिवार को कहा कि वह जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपने वाहनों की कीमतों में 3.49 लाख रुपये तक की कटौती कर रही है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के उपाध्यक्ष वरिंदर वाधवा ने कहा कि ग्लैंजा हैचबैक की कीमत 85,300, टैसर 1.11 लाख, रुमियन 48,700, हाइराइडर 65,400, क्रिस्टा 1.8 लाख, हाइक्रॉस की कीमत 1.15 लाख रुपये और फॉर्च्यूनर की कीमत 3.49 लाख रुपये तक कम हो सकती है।

# अमेरिका से कृषि आयात पर कोई समझौता नहीं होगा : चौहान

भोपाल, एजेंसी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय किसानों के हितों की कीमत पर अमेरिका के साथ कृषि उत्पादों के आयात को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 50% करने के बाद नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। इस वृद्धि में भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 25% अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है।



● केंद्रीय मंत्री बोले- किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी

अमेरिकी कृषि उपज पर आयात शुल्क में थोड़ी रियायत देकर भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि किसानों के हितों की कीमत पर कोई समझौता नहीं होगा। उनके हितों की रक्षा की जाएगी। विपक्ष के इस आरोप पर कि ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने से ही जीएसटी संरचना में बदलाव किए गए हैं, उन्होंने कहा कि भारत में होने वाले हर अच्छे काम के पीछे वे ट्रंप को देखते हैं... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को दिखाया है कि उनके लिए देश का हित सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमारे किसानों, मुर्गी पालकों, मछुआरों और गरीबों के हितों की रक्षा की जाएगी। भारत अपने फैसले खुद लेता है।

### चीन से कम है भारत में चाय अनुसंधान निधि

**कोलकाता।** चीन के मुकाबले भारत में चाय की फसल को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान निधि बहुत कम है। चाय उद्योग के निकाय ने कहा कि भारत इस पर सालाना 30 करोड़ रुपये खर्च करता है, जबकि चीन का निवेश 110 करोड़ रुपये से अधिक है। चाय अनुसंधान संघ (टीआरए) की चेयरपर्सन नयनतारा पालचौधरी ने ये बात कही।



# कांग्रेस के शासनकाल में कर का था भारी बोझ

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जीएसटी दरों में कटौती को लेकर कांग्रेस व विपक्ष पर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से न केवल आम लोगों को फायदा होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में उसके शासनकाल के दौरान कर का भारी बोझ था।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद का अहितकर और विलासिता की वस्तुओं की श्रेणी को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की श्रेणी में लाने तथा कई आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से लागू होगा। भाजपा मुख्यालय में वैष्णव ने कहा कि 22 तारीख, नवरात्रि का पहला



● बोले- आम लोगों को फायदा होने के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

दिन, हम सभी के लिए, सभी मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए और इस देश के 140 करोड़ नागरिकों के लिए एक नयी खुशी लेकर आएगा। जीएसटी सुधार देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का काम करेंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि इस सुधार से देश के 140 करोड़ लोगों के जीवन में बड़ी राहत आई है। 2014 से पहले (कांग्रेस के शासन के दौरान) हर वस्तु पर लगने वाले विभिन्न प्रकार के करों के जाल के कारण आम लोगों पर भारी बोझ था।

वैष्णव ने कहा कि नवीनतम जीएसटी सुधार और पहले घोषित 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट देश में मध्यम वर्गीय परिवारों सहित आम लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सरकार लगभग डेढ़ साल से जीएसटी सुधारों पर काम कर रही थी और प्रधानमंत्री लगातार इस पर नजर रख रहे थे और हर कदम पर 'मार्गदर्शन' दे रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिया गया यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से देश को एक नया आश्वासन दिया था। उन्होंने इस घोषणा के साथ उस संकल्प को वास्तविकता में बदल दिया है।

### जीएसटी सुधारों पर जागरूकता के लिए जनसंपर्क करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मोदी सरकार द्वारा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में किए गए नवीनतम सुधारों के बारे में व्यापारियों सहित आम जनता को बताने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जनसंपर्क अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। जीएसटी परिषद ने हानिकारक और विलासिता श्रेणी को छोड़कर सभी वस्तुओं के लिए कर की दर में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत करदर को पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है। जीएसटी परिषद द्वारा बुधवार को जटिल जीएसटी व्यवस्था में पूर्ण बदलाव को मंजूरी दिए जाने के बाद हेयर ऑयल से लेकर कॉर्न फ्लेक्स, टीवी और व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पॉलिसियों तक आम उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी कर की दरों में कटौती की गई। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने शनिवार को कहा कि भाजपा ने जीएसटी सुधारों के संबंध में एक पूरी कार्ययोजना तैयार की है। हमने राज्यों और जिलों में अपनी इकाइयों से आम लोगों को जीएसटी सुधारों के बारे में जानकारी देने को कहा है। हमने हर जिले में (लोगों को जीएसटी सुधारों से अवगत कराने के लिए)चौपाल आयोजित करने की योजना बनाई है। हमने व्यापारियों को सरलीकृत जीएसटी के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना बनाई है। बलूनी ने कहा कि भाजपा ने जीएसटी सुधारों पर देश भर में 'बहुत बड़े पैमाने पर' विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

### दिल्ली में धार्मिक अनुष्ठान से एक करोड़ रुपये का कलश चोरी

**नई दिल्ली।** लाल किला परिसर में आयोजित जैन धार्मिक अनुष्ठान से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का एक कलश चोरी हो गया। अधिकारी ने बताया कि 760 ग्राम सोने से निर्मित इस कलश में हीरे, माणिक और पन्ना सहित करीब 150 ग्राम बहुमूल्य रत्न जड़े हुए थे।

उन्होंने बताया कि यह कलश तीन सितंबर को अनुष्ठान के दौरान चोरी हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, सिविल लाइंस निवासी और व्यवसायी शिकायतकर्ता सुधीर जैन प्रतिदिन इस कलश को धार्मिक अनुष्ठान के लिए लाते थे। स्वागत के दौरान भीड़भाड़ और अफरा-तफरी में यह कलश मंच से गायब हो गया। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां कैद हुई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। यह अनुष्ठान लाल किला परिसर स्थित 15 अगस्त पार्क में नौ सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

# सांसद रशीद को उप राष्ट्रपति चुनाव में मतदान की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

● जेल में बंद सांसद की वोट देने की याचिका कोर्ट ने की स्वीकार

राष्ट्रीय राजधानी की अदालत ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद को नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने की अनुमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत ने रशीद की वोट देने की अनुमति संबंधी याचिका स्वीकार कर ली।

अदालत ने इससे पहले रशीद को संसद के मानसून सत्र में हिस्सा लेने के लिए 24 जुलाई से चार अगस्त तक हिरासत पैरोल दी थी। रशीद के वकील विख्यात ओबरॉय ने बताया कि उनके मुवक्किल को शपथपत्र देना होगा कि वह यात्रा खर्च का भुगतान करेंगे, जो उनकी अपील के परिणाम के अधीन होगा। ओबरॉय के मुताबिक इस संबंध में उनकी अपील दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है और अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह अपील प्राधिकारियों द्वारा दिए गए उस आदेश के विरुद्ध है, जिसमें उन्हें हिरासत पैरोल पर संसद में उपस्थित होने के लिए यात्रा व्यय के रूप में कई लाख रुपये का भुगतान करने को कहा गया था।

रशीद (58) को 2017 के आतंकी वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गिरफ्तार किया था। वह 2019 से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। रशीद ने 2024 लोकसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला को बारामूला से हराया था। उनपर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकवादी समूहों का वित्तपोषण का आरोप है।

# दुश्मन बने दोस्त को फंसाने के लिए पुलिस को दी धमकी

नोएडा, एजेंसी

● मुंबई पुलिस ने नोएडा से किया आरोपी को गिरफ्तार

मुंबई पुलिस को कथित तौर पर धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में नोएडा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि आरोपी ने अपने खिलाफ मामला दर्ज कराने वाले व्यक्ति को फंसाने और उससे बदला लेने के लिए मुंबई पुलिस को संदेश भेजा कि 14 आतंकवादी 400 किलो आरडीएक्स लेकर मुंबई में घुस गए हैं।

बिहार के पटना के आरोपी अश्विनी कुमार (51) पांच वर्ष से नोएडा के सेक्टर 79 में स्थित हाउसिंग सोसाइटी में रह रहा था। वह खुद को ज्योतिषी और वास्तु विशेषज्ञ बताता था। मुंबई पुलिस को नोएडा से संदेश भेजने का पता चलने पर सेक्टर 113 पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) सुमित शुक्ला ने बताया कि कुमार को सेक्टर 79 से गिरफ्तार कर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। कुमार ने स्वीकार किया कि उसने व्यक्तिगत रंजिश के चलते ऐसा किया।

अधिकारी ने कहा कि वह अपने एक दोस्त से बदला लेना चाहता था, जिसने 2023 में पटना में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले में उसे तीन महीने की जेल हुई थी। बदला लेने के लिए, कुमार ने उसके (दोस्त के) नाम का इस्तेमाल करके मुंबई पुलिस को धमकी भरा संदेश भेजा। मुंबई पुलिस गुरुवार को व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा संदेश मिलने के बाद अलर्ट पर थी।

### दिल्ली में यमुना का जलस्तर 207 मीटर से नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुराने रेलवे पुल के नीचे यमुना नदी का जलस्तर शनिवार को कम होकर 206.47 मीटर पर पहुंच गया, जो कई दिन से 207 मीटर के आसपास था। हालांकि जलस्तर अब भी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है।

दिल्ली में चेतावनी का निशान 204.50 मीटर, खतरे का निशान 205.33 मीटर है। जलस्तर 206 मीटर पर पहुंचने के बाद नदी के आसपास रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के जोखिमों पर नजर रखने के लिए प्रमुख अवलोकन बिंदु है। अधिकारियों के अनुसार निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के अस्थायी आवास के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे, मयूर विहार, कश्मीरी गेट और आसपास के इलाकों में टेंट लगाए गए हैं।

### केरल में तेजाब हमले में दो नाबालिग लड़कियां झुलसीं

**कासरगोड।** उत्तरी केरल के कासरगोड जिले के पनाथाडी गांव में दो नाबालिग लड़कियां उस समय झुलस गईं, जब उनमें से एक के पिता ने कथित तौर पर उन पर तेजाब डाल दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि राजापुरम पुलिस ने कर्नाटक के दक्षिण कन्नड के करिके निवासी मनोज के सी (48) के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे हुई जब मनोज पनाथाडी गांव के परकादावु में अपने साले के घर पहुंचा। मनोज और उसकी पत्नी के बीच अनबन रहती थी इसलिए वह पति का घर छोड़कर अपने भाई के घर आ गई थी। शुक्रवार को मनोज की 17 वर्षीय बेटी और उसकी रिश्ते की बहन (10) आंगन में खेल रही थीं, तभी उसने कथित तौर पर रबर शीट बनाने में इस्तेमाल होने वाले तेजाब की एक बोतल खोली और उन पर उड़ेल दी और मौके से भाग गया। तेजाब से मनोज की बेटी के हाथ और जांघ जबकि उसकी बहन के चेहरे और हाथ मामूली रूप से झुलस गए। दोनों लड़कियों को पास के अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

# सोनम सहित आठ लोगों के खिलाफ 790 पृष्ठों का आरोपपत्र मेघालय पुलिस ने किया दाखिल

शिलांग, एजेंसी

मेघालय पुलिस ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की इस साल हुई हत्या के मामले में उनकी पत्नी सोनम सहित आठ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि रघुवंशी की इस साल मई में अपनी पत्नी के साथ हनीमून पर मेघालय आने पर की गई थी।

पूर्वी खासी पवर्तीय जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिएम ने कहा कि पुलिस ने शुक्रवार को सोहरा उप-संभाग के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 790 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें भौतिक साक्ष्य और अन्य दस्तावेज संलग्न हैं। पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम सोहरा जाने से पहले 21 मई

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**



आरोपी राज और सोनम (फाइल फोटो)

● राजा रघुवंशी की हत्या के भौतिक साक्ष्य और अन्य दस्तावेज किया कोर्ट में पेश

को शिलांग आए थे। 26 मई को दंपति के लापता होने की सूचना मिली, जिसके बाद सोहरा पुलिस, विशेष अभियान दल (एसओटी), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), पर्वतारोही समूहों और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। कई दिनों की गहन खोज के बाद, राजा रघुवंशी का शव दो जून को सोहरा में प्रसिद्ध वेई सावडोंग झरने के पास, उम्बलई के अरलियांग रियात कुनोन्ग्रिम में खाई से बरामद किया गया। सोहरा पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। मेघालय पुलिस ने पूर्वी खासी पर्वतीय जिला के पुलिस अधीक्षक (शहर) हर्बर्ट खारकोंगोर के नेतृत्व में व विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एसआईटी जांच में खुलासा हुआ कि सोनम का राज कुशवाहा के साथ संबंध था। दोनों ने तीन भाड़े के हमलावरों के साथ मिलकर हनीमून के बहाने रघुवंशी की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के मुताबिक, सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा, आकाश सिंह राजपूत, विशाल सिंह चौहान और आनंद कुर्मी पर हत्या के आरोप लगाए गए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सीजेआई भगवान बुद्ध की जन्मस्थली पहुंचे

**काठमांडू।** भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई शनिवार को भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी पहुंचे। न्यायमूर्ति गवई इस समय चार दिन की नेपाल यात्रा पर हैं। लुंबिनी पहुंचने पर उनका स्वागत लुंबिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ल्हारक्याल लामा ने किया। लुंबिनी में उन्होंने मायादेवी मंदिर में मंत्रों का जप भी किया। न्यायमूर्ति गवई ने वहां दीप जलाकर विश्व शांति, मानव कल्याण और भारत-नेपाल के बीच गहरे मैत्रीपूर्ण संबंधों की कामना की। प्रधान न्यायाधीश काठमांडू में नेपाल के उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित 'न्याय क्षेत्र सुधारों पर नेपाल-भारत न्यायिक संवाद' को संबोधित करने के लिए वहां पहुंचे थे।

### सूडान में शांति सैनिकों पर हमले की निंदा की

**जुबा।** दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने पश्चिमी इक्वेटोरिया राज्य में शांति सैनिकों पर एक स्थानीय सशस्त्र समूह के हमले की निंदा की है जिसमें उनके हथियारों को जब्त कर लिया गया था। दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में जारी एक बयान में यूएनएमआईएसएस ने कहा कि यह हमला बुधवार को उस समय हुआ जब उसके सैन्यकर्मी तम्बुरा और मापुसे के बीच गश्त लगा रहे थे। बयान में कहा गया, मिशन बार-बार दुहराता है कि उसके शांति सैनिक ऐसे समय में नागरिकों की सुरक्षा में तैनात हैं जब पश्चिमी इक्वेटोरिया में विशेष रूप से तंबूरा और उसके आसपास पहुंच एवं सुरक्षा की स्थिति नाज़ुक बनी हुई है।

### केन्या : आतंकी हमले में एक की मौत, तीन घायल

**केन्या।** सोमालिया की सीमा के पास पूर्वी केन्या के गरिसा काउंटी में सुरक्षा दल पर अल-शबाब आतंकवादियों के हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। केन्या की पुलिस के मुताबिक आज शाम स्थानीय समयानुसार करीब छह बजे हागाडेरा-बियामाथोबे मार्ग पर सुरक्षा दलों पर घात लगाकर हमला किया गया था।हताहतों में राष्ट्रीय पुलिस रिजर्व और मा'विस्ले नामक स्थानीय सशस्त्र समूह के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवादरोधी पुलिस हमले की घटना की जांच कर रही है।

### अरमानी को सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी

**मिलान।** फैशन की दुनिया में परिधानों की नयी परिभाषा गढ़ने वाले मशहूर इतालवी डिजाइनर जियोर्जियो अरमानी को शनिवार को सैकड़ों आम प्रशंसकों और अतिविशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अरमानी ने गैर पारंपरिक परिधानों के साथ फैशन की दुनिया में धूम मचा दी थी। अरमानी का बृहस्पतिवार को 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

# ब्रिटेन: मंत्रिमंडल के शीर्ष पदों पर महिलाओं को मिली जगह

**लंदन, एजेंसी**

- पाकिस्तान मूल की शबाना गृहमंत्री और यवेट को बनाया विदेश मंत्री

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शनिवार को सभी स्तरों के मंत्रिस्तरीय पदों में बड़े फेरबदल के तहत महिला सांसदों को मंत्रिमंडल के सबसे वरिष्ठ पदों पर नियुक्त किया है।

पाकिस्तानी मूल की शबाना महमूद की गृह मंत्री के पद पर पदोन्नति तथा गृह कार्यालय की पूर्व अधिकारी यवेट कूपर को विदेश मंत्री नियुक्त किए जाने का अर्थ है कि चांसलर रेचल रीव्स के साथ शीर्ष तीन सरकारी पदों का नेतृत्व पहली बार महिलाओं के हाथ में होगा। स्टार्मर ने कम कर भुगतान विवाद के कारण एंजेला रेनर के उपप्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए विदेश मंत्री डेविड लैमी को उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। रेनर ने घर खरीद पर कर का कम भुगतान किए जाने के मामले में स्वतंत्र जांच के बाद शुक्रवार को उपप्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

महमूद ने शुक्रवार शाम गृह मंत्री का कार्यभार संभालते हुए कहा, गृह मंत्री के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा है। इस पद पर रहते हुए, मैं हर दिन इसी उद्देश्य के लिए समर्पित रहूंगी।

## आखिर क्यों विवादों के घेरे में है
# इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल

इथेनॉल एक रंगहीन, वाष्पशील और ज्वलनशील तरल है, जिसे एथिल अल्कोहल भी कहते हैं। इसका निर्माण अनाजों, गन्ने या बायोमास में मौजूद शर्करा या स्टार्च को खमीर के माध्यम से किण्वित करके किया जाता है। इसकी प्रकृति पारदर्शी, रंगहीन और तीखा स्वाद वाला तरल है जो अत्यधिक ज्वलनशील होता है और विभिन्न कार्बनिक और अकार्बनिक पदार्थों को घोलने में सहायक होता है। इसी कारण इसे पेट्रोल में मिलाया जाता है और इसके पीछे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन में कमी करने जैसे कई कारण गिनाए गए हैं। हालांकि, कई कारणों से इसका काफी विरोध भी किया जा रहा है। हाल ही में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री रोकने के लिए दायर की गई एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया है।



### मिश्रण

- ई-10 में 10% इथेनॉल 90% पेट्रोल होता है।
- ई- 20 में 20% इथेनॉल 80% पेट्रोल होता है।

### इथेनॉल की खूबियां

- इथेनॉल एक कार्बनिक यौगिक है, यह अल्कोहल समूह से संबंधित और मादक पेयों में मौजूद मुख्य सक्रिय घटक है।
- यह एक नवीकरणीय ईंधन है और गैसोलीन में योज्य के रूप में प्रयोग किया जाता है। यह अत्यधिक ज्वलनशील होता है।
- यह एक वाष्पशील कार्बनिक यौगिक है जिसे राष्ट्रीय प्रदूषक सूची में सूचीबद्ध किया गया है। यह स्वच्छ रूप से जलता है।

### इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लाभ

- देश की ऊर्जा सुरक्षा में सुधार क्योंकि इथेनॉल जैव ईंधन है जो कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करता है।
- इथेनॉल से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होता है, जो स्वच्छ हवा और नेट जीरो लक्ष्य में सहायक है।
- इथेनॉल उत्पादन से कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन, किसानों की आय और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलता है।
- इथेनॉल की ऑक्टेन रेटिंग अधिक होती है, जिससे बेहतर दहन होता है और इंजन का प्रदर्शन सुधरता है।

### प्रमुख उपलब्धियां

- कच्चे तेल के आयात में कटौती करके 1,06,072 करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत हुई।
- इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से कार्बन उत्सर्जन में 544 लाख मीट्रिक टन की कमी आई है।
- तेल कंपनियों ने डिस्टिलरों को 1,45,930, किसानों को 87,558 करोड़ रुपये वितरित किए।

### नुकसान का अंदेशा

- इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने जैसी फसलों के इस्तेमाल से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं और खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।
- गन्ने समेत कुछ फसलों को उगाने के लिए बहुत अधिक पानी की आवश्यकता होती है, जिससे जल संसाधनों पर दबाव पड़ सकता है।
- कुछ पुराने वाहनों में इथेनॉल मिश्रण से इंजन के पुर्जों को नुकसान पहुंच सकता है, ई 20 के लिए नया बुनियादी ढांचा जरूरी होता है।
- इथेनॉल में पानी खींचने के गुण होते हैं, जिससे ईंधन प्रणाली में जंग लग सकती है। मूल्य में अस्थिरता का भी अंदेशा बना हुआ है।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री रोकने के लिए दायर एक जनहित याचिका को हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इसलिए इन्कार कर दिया क्योंकि केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और विदेशी मुद्रा के संरक्षण के उपाय के रूप में इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम का बचाव किया था।

# हजरतबल मस्जिद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने पर और गरमाया माहौल

## कश्मीर के सभी सियासी दल एकजुट, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग

**श्रीनगर/जम्मू, एजेंसी**

श्रीनगर की हजरतबल दरगाह में वक्फ बोर्ड की ओर से नवीनीकरण पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किए जाने को लेकर कश्मीर के सभी राजनीतिक दल एकजुट हो गए हैं। कुछ दलों ने इस घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी को बर्खास्त करने की मांग की। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीक सरकारी समारोहों के लिए है, धार्मिक संस्थानों के लिए नहीं जबकि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती ने इस चिह्न के इस्तेमाल को ईशनिंदा करार दिया। कुछ धार्मिक नेताओं ने दलील दी कि यह इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध है।

हजरतबल मस्जिद के जीर्णोद्धार का उल्लेख करने वाली पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल करने को लेकर विवाद खड़ा होने के बाद शुक्रवार को सामूहिक नमाज के ठीक बाद अज्ञात लोगों ने पट्टिका पर लगे चिह्न को तोड़ दिया था। जम्मू और कश्मीर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने राष्ट्रीय चिह्न को हटाने वालों के खिलाफ जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) सहित विभिन्न धाराओं में कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शनिवार को इस घटना के संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शांति भंग करने, दंगा करने और आपराधिक साजिश रचने का मामला दर्ज किया।

हालांकि, भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने न केवल पट्टिका को क्षतिग्रस्त करने के दोषियों के खिलाफ बल्कि नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं पर सवाल उठाते हुए अशोक स्तंभ को विकृत करने के लिए 'पर्दे के पीछे' काम करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड को उस 'गलती' के लिए माफी मांगनी चाहिए जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।



श्रीनगर में पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन पर दरगाह हजरतबल में प्रार्थना के लिए इकट्ठे लोग।

### धार्मिक स्थलों पर राष्ट्रीय प्रतीक कभी नहीं देखा

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, सबसे पहले, यह सवाल उठता है कि क्या इस पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए था या नहीं। मैंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर इस तरह से प्रतीक का इस्तेमाल होते नहीं देखा। उन्होंने कहा, मस्जिद, दरगाह, मंदिर और गुरुद्वारे सरकारी संस्थान नहीं हैं। ये धार्मिक संस्थान हैं और धार्मिक संस्थानों में सरकारी प्रतीकों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। नेशनल कांफ्रेंसने शनिवार को भारत के राज्य प्रतीक अधिनियम का 'उल्लंघन' करने के लिए अंद्राबी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा, इस कदम से मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानून के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए। उनके (अंद्राबी) और पट्टिका लगाने वालों के खिलाफ ईशनिंदा के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। यह ईशनिंदा का कृत्य है।

### भाजपा ने कहा- घाटी में अलगाववाद और आतंकवाद फिर जिंदा करने की कोशिश

भाजपा ने पट्टिका को क्षतिग्रस्त करने की निंदा करते हुए दावा किया कि इसे मस्जिद से बाहर लगाया गया था और यह घटना घाटी में 'आतंकवाद और अलगाववाद' को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुनील सेठी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हजरतबल की घटना एक बेहद संवेदनशील मुद्दा है और चिंता का विषय है। नेशनल कांफ्रेंस के एक विधायक ने अशोक स्तंभ वाली पट्टिका के बारे में ट्वीटकिया और उसकी तोड़फोड़ का वीडियो वायरल हो गया, जिससे देश के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। सेठी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीक सभी धर्मों के लोगों के लिए सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह हमला कश्मीर की सूफी संस्कृति के भी खिलाफ है जो सहिष्णुता सिखाती है और इस घटना के खिलाफ घाटी के लोगों में आक्रोश है। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी मांग करती है कि कार्रवाई केवल उन लोगों तक सीमित नहीं होनी चाहिए जिन्होंने पट्टिका को क्षतिग्रस्त किया बल्कि पर्दे के पीछे काम करने वाले लोगों पर भी होनी चाहिए।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय सत्र में नहीं शामिल होंगे मोदी, जयशंकर करेंगे प्रतिनिधित्व

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



- ट्रंप 23 सितंबर को वैश्विक नेताओं को करेंगे संबोधित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्चस्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। यहां जारी वक्ताओं की संशोधित अनंतिम सूची से यह खुलासा हुआ है। सूची के मुताबिक विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वां सत्र नौ सितंबर को शुरू होगा। उच्च स्तरीय सत्र 23 से 29 सितंबर तक होगा जिसमें ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा उसके बाद अमेरिका दूसरे स्थान पर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को यूएनजीए के मंच से वैश्विक नेताओं को संबोधित करेंगे। व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र सत्र में यह उनका पहला संबोधन होगा। उच्च स्तरीय सत्र में शामिल होने वाले वक्ताओं की शुक्रवार को जारी संशोधित अनंतिम सूची के अनुसार भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। वह 27 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। दरअसल इससे पहले जुलाई में जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची में यह जानकारी दी गई थी कि प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के शासनाध्यक्ष 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे।

### मोदी की मैक्रों से यूक्रेन व द्विपक्षीय मुद्दों पर बात

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई और दोनों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ यूक्रेन के मुद्दे पर भी विचारों का आदान प्रदान किया। भारत संघर्ष के जल्द समाधान और क्षेत्र में स्थायी शांति की बहाली के प्रयासों का निरंतर समर्थन करता रहा है। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मैक्रों के साथ अच्छी बातचीत हुई।

### सत्ता के लिए अत्याचार कर रहे मुनीर : इमरान

**लाहौर।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर नये सिरे से हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह अपने शासन को सुदृढ़ करने के लिए अत्याचार का सहारा ले रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के मुख्य संरक्षक खान ने मुनीर पर अघोषित मार्शल लॉ लागू करने, पिछले फरवरी के चुनाव में लोगों का जनादेश चुराकर शहबाज शरीफ के नेतृत्व में कठपुतली सरकार स्थापित करने और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर अत्याचार करने का आरोप लगाया है।

### रूस में व्हाट्सएप-टेलीग्राम पर प्रतिबंध नए मैसेजिंग एप मैक्स को किया लांच

**मॉस्को।** रूस के लाखों नागरिकों को मीडिया नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर की ओर से अगस्त के मध्य में लगाए गए नए प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है जो सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम से की जाने वाली कॉल पर लगाए गए हैं।

बीबीसी के मुताबिक इसी समय रूसी फर्म ने मैक्स नाम से एक नए राष्ट्रीय मैसेंजर एप को लांच किया है, जिसे क्रेमलिन नियंत्रित करता है। यदि देश में व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की आंकड़ों की बात करें तो कुल 14.30 करोड़ की आबादी में से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या क्रमशः 9.7 और नौ करोड़ होने का अनुमान है। व्हाट्सएप की मालिकाना कंपनी मेटा को रूस में एक चरमपंथी संगठन घोषित किया गया है।

- मेटा को सरकार ने घोषित किया है चरमपंथी संगठन

# ट्रंप ने जताई हमास की हिरासत में मौजूद इजराइली बंधकों की मौत की आशंका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- कहा- हमास ने सभी को फौरन न रिहा किया तो होगी खराब स्थिति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि हमास लड़ाकों द्वारा बंधक बनाए गए 20 बंधकों में से कुछ की मौत हो गई होगी क्योंकि इजराइली सेना ने गाजा पर कब्जे के लिए अपना सैन्य अभियान शुरू करने के पहले निवासियों से शहर खाली करने का आह्वान किया है।

ओवल ऑफिस में पत्रकारों को दिए गए ब्रीफिंग में ट्रंप से जब गाजा की स्थिति और हमास आतंकवादियों के साथ इजराइल की चल रही लड़ाई के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, यह 20 लोगों की बात है लेकिन मुझे लगता है कि इन 20 लोगों में से कुछ की हाल में मौत हो गई होगी। मैं यही सुन रहा हूं। लेकिन मुझे उम्मीद है कि ऐसा नहीं हुआ हो। ट्रंप की मध्यस्थता प्रक्रिया के बारे में टिप्पणी थी, हम हमास के साथ गहन बातचीत कर रहे हैं। हमने उससे कहा कि अगर इजराइली बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो हालात कठिन और बदतर हो सकते हैं। ट्रंप ने कहा, सभी को अभी रिहा करो। अगर ऐसा हुआ तो उनके लिए बहुत होगा, वरना स्थिति और खराब होगी।

### इजराइल ने गाजा को खाली करने को कहा

**दीर अल बलाह।** इजराइल की सेना ने भुखमरी की कगार पर पहले ही पहुंच चुके गाजा शहर के फलस्तीनियों को शनिवार को निर्देश दिया कि वे शहर को खाली कर दक्षिण स्थित मानवीय क्षेत्र में चले जाएं।

इजराइल का यह निर्देश इलाके पर कब्जा करने के लिए अपने अभियान का विस्तार किए जाने के बीच आया जिसमें ऊंची इमारतों को भी निशाना बनाया जा सकता है। करीब 10 लाख आबादी वाले इस शहर के कुछ हिस्सों को पहले से ही 'रेड जोन' माना जाता है, जहां अपेक्षित आक्रमण से पहले ही लोगों को खाली करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण

**चेन्नई, एजेंसी**

- चेन्नई में अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी की पासिंग आउट परेड में बोले वायुसेना प्रमुख

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है और भारतीय सशस्त्र बलों ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

वायुसेना प्रमुख ने यहां अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी की 'पासिंग आउट परेड' की समीक्षा के बाद कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने तीनों सेनाओं के बीच विशिष्ट समन्वय, सशस्त्र बलों और अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल और एकीकरण को प्रदर्शित किया। कुल 130 अधिकारी कैडेट और 25 महिला अधिकारी कैडेट को भारतीय सेना के विभिन्न अंगों और सेवाओं में कमीशन दिया गया, जबकि नौ मित्र देशों की 12 महिला विदेशी अधिकारी कैडेट ने भी सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा मिला।

सिंह ने कहा, जब हम भविष्य की ओर देखते हैं तो दो बातें निश्चित हैं। युद्ध का तेजी से बदलता स्वरूप और सैन्य शक्ति की बढ़ती प्रासंगिकता। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर हमारे अद्वितीय पराक्रम का एक ज्वलंत उदाहरण है। इन बलों के भविष्य के रूप में आपको यह समझना होगा कि रक्षा बल हमेशा से ही सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले रहे हैं और रहेंगे।



चेन्नई की ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते नवनियुक्त अधिकारी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 सितंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 23 .38 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 21 .41 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष:** आज नए अनुभवों की प्राप्ति होगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। युवाओं को नई जॉब का प्रस्ताव मिल सकता है। अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें।

**वृष:** आज आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ सकता है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आप जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जाएगा।

**मिथुन:** आज अपने अंतर्मन की आवाज को अनसुना न करें। अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को सम्मिलित करें। आय के नए साधन विकसित करने का प्रयास कर सकते हैं। उधार लिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है।

**कर्क:** आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहेगा। सामाजिक कार्यों से जुड़ने का प्रयास करेंगे। लंबी दूरी की यात्रा न करें। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों की बातों से मन व्यथित हो सकता है।

**सिंह:** आज किसी मित्र के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** आज का दिन काफी शानदार रहेगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नए लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उन पर काम करेंगे। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों का तनाव कम होगा।

**तुला:** आज परिजनों से अपने मन की बातें साझा करें। लोगों का मनोबल बढ़ाने में आप काफी सहायता कर सकते हैं, लेकिन फिर भी नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी हो सकते हैं। नजदीकी लोगों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है।

**वृश्चिक:** आज कारोबार में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। अच्छा समय आने का इंतजार करें। किसी को उधार धन न दें। आपको सोच-समझकर बातें करनी चाहिए। अनावश्यक चर्चा करने के कारण हास्य का पात्र बन सकते हैं।

**धनु:** आज सरकारी योजनाओं से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। मानसिक तनाव में कमी आएगी। आय में वृद्धि होगी। कई दिनों से अटके हुए मामलों को लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं।

**मकर:** आज धन उधार लेना आपको महंगा पड़ सकता है। मित्रों के प्रति अविश्वास का भाव उत्पन्न न होने दें। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ाएगा। अधिकारी वर्ग के लोग आपके ऊपर क्रोधित हो सकते हैं। सोच-समझकर ही धन खर्च करें।

**कुंभ:** आज उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं। स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित भाव रखेगा। दूर के रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है। घर पर काफी आराम का वक्त बिताएंगे।

**मीन:** आज अपने व्यवहार में नरमी रखें। किसी पर भी अधिक विश्वास न करें। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आपके सही कार्यों का भी विरोध हो सकता है। लापरवाह रवैये के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

## सुडोकू-92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | 3 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| 5 | | | 3 | | | 8 | 9 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| | | | | | | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |

### सुडोकू - 91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 |

